CMYK

दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

वर्ष : 11 अंक : 92 | जयपुर, मंगलवार 21 अप्रैल, 2026 | RNI.No.RAJHIN/2016/70162 | page 8+ST

# 17 अप्रैल का दिन बनने वाला था ऐतिहासिक, कांग्रेस सहित विपक्ष ने इसे बना दिया काला पृष्ठ : भजनलाल शर्मा

**मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा कि जनपद यात्रा को प्रदेश भाजपा मुख्यालय से हरी झंडी दिखाकर शहीद स्मारक के लिए किया रवाना, भाजपा मुख्यालय के बाहर आयोजित हुई महिलाओं की विशाल सभा, सभा को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी सांसद मंजू शर्मा, मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष राखी राठौर सहित मोर्चा के कई अन्य महिला नेताओं ने किया संबोधित**

जयपुर टाइम्स






**जयपुर(कासं.)।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की ओर से सोमवार को जयपुर में जन आक्रोश महिला पदयात्रा निकाली गई। पदयात्रा बीजेपी कार्यालय से शहीद स्मारक तक निकाली गई, जिसे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पदयात्रा में उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी, कैबिनेट मंत्री मंजू बाघमार, प्रदेश उपाध्यक्ष ज्योति मिर्धा, अल्का मूदंडा, सरिता गैना, सांसद मंजू शर्मा, भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेशाध्यक्ष राखी राठौड़ सहित बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ताओं ने हाथों में बैनर लेकर विपक्ष के खिलाफ नारेबाजी की और पदयात्रा निकाली। आक्रोश महिला पदयात्रा से पहले मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि 17 अप्रैल ऐतिहासिक दिन बनने वाला था लेकिन ?कांग्रेस सहित विपक्ष ने इसे काला पृष्ठ बना दिया। इससे विपक्ष की मानसिकता स्पष्ट होती है। जिन लोगों ने 70 वर्षों तक शासन किया, उन्होंने महिलाओं के लिए कुछ नहीं किया। केवल वोट बैंक की राजनीति की गई। अब जब अवसर आया, तब भी महिलाओं के हितों की अनदेखी की गई। ऐसे लोगों को जनता मुंहतोड़ जवाब देगी। हमारी सरकार माताओं और बहनों के कल्याण एवं उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। विपक्ष परिवारवाद से ग्रसित है और उन्हें डर है कि सामान्य परिवारों की महिलाएं आगे बढ़ेंगी तो उनका वर्चस्व समाप्त हो जाएगा। भाजपा सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के सिद्धांत पर कार्य करती है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि 2014 के बाद प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में मातृ शक्ति के सशक्तिकरण के लिए धरातल पर कार्य हुए हैं। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान, घर-घर शौचालय निर्माण, उज्ज्वला योजना, जनधन खाते और 'लखपति दीदी' जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक मजबूती प्रदान की गई है। वहीं दूसरी ओर केंद्र सरकार द्वारा राष्ट्रहित में लिए गए निर्णयों – धारा 370, सीएए और सेना के साहस – का भी विपक्ष ने विरोध किया। शर्मा ने कहा कि 17 अप्रैल की घटना के लिए विपक्ष को पछताना पड़ेगा। महिलाएं जाग चुकी हैं और अपना अधिकार लेकर रहेंगी। जयपुर की सड़कों पर उमड़ा महिलाओं का जनसैलाब इसका प्रमाण है। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा लाया गया नारी शक्ति अधिनियम महिलाओं को अधिकार देने का प्रयास था लेकिन कांग्रेस और उनके सहयोगियों ने इसका विरोध किया। इससे उनकी महिला विरोधी मानसिकता उजागर होती है। लेकिन अब देश की मातृ शक्ति सजग है, देश की आधी आबादी अपना हक लेकर रहेगी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश में हमेशा कर जातियों का जिक्र करते हैं जिसमें महिला, किसान, युवा और मजदूर है जिसमें महिलाओं को उन्होंने सबसे पहले स्थान दिया है उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में देश के शासन की बागडोर हाथ में लेने के बाद से ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की महिलाओं की हर पीड़ा और समस्या को काफी गंभीरता से लिया उन्होंने महिलाओं की हर समस्या को दिल से महसूस किया और फिर उस समस्या का समाधान भी किया और अब भी निरंतर महिला सशक्तिकरण के लिए प्रयास कर रहे हैं यह बिल उम्मीद के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लेकर आए थे कि लोकसभा और विधानसभा में जब ज्यादा संख्या में महिलाएं पहुंचेगी तो सरकार की नीतियां बनाने में उनकी काफी अच्छी भूमिका रहेगी लेकिन कांग्रेस और विपक्ष को इस महिला बिल्कुल लेकर यह चिंता सताने लगी कि अगर यह बिल आ गया तो फिर उनके परिजनों और रिश्तेदारों और मित्रों का क्या होगा इसीलिए कांग्रेस और उसके सभी साथी दल इस बिल के खिलाफ सामूहिक रूप से खड़े हो गए लेकिन देश की महिलाओं ने 17 अप्रैल को कांग्रेस और पूरे विपक्ष का जो नकारात्मक व्यवहार और रवैया महिलाओं को लेकर देखा है उस दृश्य को देश की महिलाएं कभी भी नहीं भूलेंगे और आने वाले दिनों में महिलाएं कांग्रेस और विपक्षी दलों को इसका सबक भी सिखायेंगी।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सभा में कहा कि महिलाएं हमारे हमारी सभ्यता हमारी संस्कृति और हमारे विचार में है और महिलाओं का सम्मान अनादिकाल से ही भारतवर्ष में होता आया है उन्होंने कहा कि भगवानों के नाम में भी पहले महिलाओं को स्थान दिया गया उन्होंने कहा कि जैसे सीताराम लक्ष्मी नारायण राधेश्याम यह सब भगवान के नाम साबित करते हैं कि भारत में महिलाओं को शुरू से ही पूजनीय और सम्मानित माना जाता है वैसे भी महिलाओं को मां सरस्वती मां लक्ष्मी और मां दुर्गा का रूप माना जाता है लेकिन कांग्रेस पार्टी ने हमेशा महिलाओं को सिर्फ वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया महिलाओं को कभी भी उनका सम्मान नहीं दिया और ना ही महिलाओं के विकास के बारे में सोचा अब जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महिलाओं को एक बड़ा सम्मान देने के लिए यह महत्वपूर्ण संशोधन बिल लेकर आए थे तो उसमें कांग्रेस और विपक्ष के दलों ने अपनी टांग अड़ा दी जिसकी सजा कांग्रेस और विपक्षी दलों को देश की महिलाएं आने वाले समय में जरूर देगी उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी और हमारी सरकार महिलाओं के लिए हमेशा सकारात्मक सोच के साथ काम करती रही है और आगे भी हम महिलाओं के सम्मान और हक की लड़ाई लड़ते रहेंगे यह बात खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कही है ।

सभा में महिला आरक्षण बिल की कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों की ओर से खिलाफत करने पर प्रदेश की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि यह केवल माताओं का नहीं बल्कि भारत माता का अपमान है। कांग्रेस और उसके सहयोगियों के विरोध में यहां बड़ी संख्या में उपस्थित मातृशक्ति का मैं आभार व्यक्त करती हूं। प्रधानमंत्री मोदी ने महिलाओं को संसद और विधानसभा में प्रतिनिधित्व देने का संकल्प लिया था और उन्हें उनका अधिकार दिलाने का वादा किया था लेकिन विपक्ष ने इसका विरोध कर महिलाओं के अवसर छीनने का कार्य किया। इससे बड़ी शर्म की बात नहीं हो सकती। ऐसे में इन्हें चुल्लू भर पानी में डूब जाना चाहिए। क्या केवल कुछ विशेष दलों की महिलाएं ही आगे बढ़ेंगी? आम महिलाओं को भी आगे आने का पूरा अधिकार है और हमें विश्वास है कि उन्हें उनका हक अवश्य मिलेगा। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि अब समय आ गया है कि महिला विरोधी मानसिकता रखने वालों को आइना दिखाया जाए। 5 जुलाई 2023 से हमने महिला विरोधी कांग्रेस ?के खिलाफ मोर्चा खोला था अब उसी तर्ज पर संघर्ष की शुरुआत करने का समय आ गया। हम सभी यहां से संकल्प लेकर जाएं कि महिलाओं के सम्मान के साथ किसी प्रकार का अन्याय सहन नहीं किया जाएगा और इसका जवाब दिया जाएगा। प्रदेशभर में कांग्रेस के खिलाफ आवाज बुलंद की जाएगी। दिया कुमारी ने कहा कि प्रदेश में भजनलाल सरकार ने केंद्र की मोदी सरकार के मार्गदर्शन और निर्देशन से पिछले सवा दो साल में महिलाओं के कल्याण और विकास के लिए कई बड़े कार्य किए हैं ।

# पीएम मोदी का पचपदरा दौरा स्थगित, उचित समय पर होगी नई तारीख की घोषणा

**रिफाइनरी की सीडीयू और वीडीयू यूनिट में सोमवार को अचानक हुई आगजनी की घटना के बाद केंद्रीय सुरक्षा एजेंसी की सिफारिश पर पेट्रोलियम एंड गैस मंत्रालय ने पीएम का दौरा किया स्थगित, करीब ढाई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद दमकल की 20 गाड़ियों ने आग पर पाया काबू, कई स्तरों पर आगजनी की होगी जांच**



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** प्रदेश के विकास में एक नए अध्याय की शुरुआत करने वाली पचपदरा की रिफाइनरी के शुरू होने के लिए अभी प्रदेश की जनता और भजनलाल सरकार को कुछ और इंतजार करना होगा क्योंकि सोमवार को रिफाइनरी की सीडीयू यूनिट में आगजनी की घटना के बाद केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों ने पीएम मोदी के दौरे को स्थगित करने की सिफारिश की थी जिसके बाद केंद्रीय पेट्रोलियम और गैस मंत्रालय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों पचपदरा में रिफाइनरी के शुभारंभ कार्यक्रम को फिलहाल स्थगित कर दिया है ।इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज पचपदरा नहीं आएंगे और ना ही आज रिफायनरी का उद्घाटन होगा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे के स्थगित होने के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जो सोमवार शाम को पचपदरा जाने वाले थे उन्होंने भी अपने पचपदरा के कार्यक्रम को फिलहाल स्थगित कर दिया है। लेकिन रिफाइनरी की यूनिट में लगी आग की जांच राजस्थान सरकार की ओर से भी करवाई जाएगी इसके लिए स्थानीय स्तर पर पुलिस और प्रशासन से जुड़े अधिकारियों को निर्देशित किया गया है रिफाइनरी की इस आगजनी की घटना में किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं मिली है क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे की वजह से पहले से ही रिफाइनरी परिसर और आसपास के इलाके में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत कर दी गई थी तथा रिफाइनरी परिसर में चिन्हित लोगों को ही प्रवेश की मंजूरी दी गई थी इसलिए जब रिफाइनरी में आग लगी तो मौके पर ज्यादा लोग नहीं थे और जो लोग थे उन्हें तुरंत ही बाहर निकाल दिया गया तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा की व्यवस्था के मध्य नजर जितनी भी दमकल की गाड़ियां वहां मौजूद थी उन सभी गाड़ियों को आग बुझाने की जिम्मेदारी दी गई जिसकी वजह से करीब ढाई घंटे के प्रयासों में आग पर काबू पा लिया गया। हालांकि राजस्थान सरकार ने इस आगजनी की घटना को ज्यादा गंभीर नहीं बताया है लेकिन सरकार इस मामले की जांच करके आग लगने के कारण जानने का प्रयास कर रही है इसलिए राजस्थान सरकार भी अपने स्तर पर एक तरफ जहां इस मामले की जांच करवाएगी तो दूसरी तरफ पेट्रोलियम और गैस मंत्रालय की ओर से भी यहां जांच करवाई जाएगी तथा अन्य जांच एजेंसियां भी अपने-अपने स्तर पर इस मामले की जांच करेगी जानकारी के अनुसार रिफाइनरी के शुभारंभ की नई तारीख की घोषणा उचित समय पर किए जाने की बात कहीं जा रही है लेकिन इससे पहले रिफाइनरी में आगजनी से कितना नुकसान हुआ तथा आगजनी से क्षतिग्रस्त हुई रिफाइनरी के पुनर्निर्माण में कितना समय लगेगा इसके अलावा आग लगने के क्या कारण रहे इन सब की विवेचना करने के बाद ही रिफाइनरी के उद्घाटन की नई तारीख निश्चित की जाएगी इसलिए प्रदेश की जनता को फिलहाल रिफाइनरी के लिए थोड़ा और इंतजार करना पड़ेगा। जानकारी के अनुसार वर्ष 2013 में चुनावी साल में प्रदेश में तत्कालीन कांग्रेस की गहलोत सरकार ने सोनिया गांधी के हाथों से पचपदरा की रिफाइनरी का शिलान्यास करवाया था इसके बाद प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार का गठन हो गया और वसुंधरा राजे मुख्यमंत्री बनी वसुंधरा राजे ने 2018 के ही चुनावी साल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बुलाकर वापस इस रिफाइनरी का शिलान्यास करवाया और इसकी लागत की राशि में भी बढ़ोतरी की बाद में विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी की सरकार का फिर से गठन हो गया। अशोक गहलोत मुख्यमंत्री बने लेकिन रिफाइनरी के कार्य को ठीक तरह से गति नहीं मिल पाई इसके बाद वर्ष 2023 में फिर से भारतीय जनता पार्टी की सरकार का गठन हुआ भजनलाल शर्मा के मुख्यमंत्री बनने के बाद मुख्यमंत्री शर्मा ने इस रिफाइनरी के निर्माण कार्य को लेकर काफी गंभीरता दिखाई और जल्दी से जल्दी रिफाइनरी के निर्माण कार्य को पूर्ण करने के लिए उन्होंने रिफाइनरी का निर्माण करने वाली कंपनी से जुड़े लोगों से तो निरंतर संपर्क रखा ही इसके अलावा केंद्र सरकार के गैस और पेट्रोलियम मंत्रालय से भी मुख्यमंत्री शर्मा लगातार रिफाइनरी को लेकर बातचीत करते रहे रिफाइनरी जल्दी से जल्दी शुरू हो इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री से भी लगातार आग्रह करते रहे जिसके फलस्वरूप यह रिफायनरी पूर्ण रूप से बनकर तैयार भी हो गई थी और 21 अप्रैल को रिफाइनरी के शुभारंभ कार्यक्रम की तारीख भी निश्चित कर दी गई थी इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा के लिए भी व्यापक तैयारियां कंप्लीट कर लिए गई थी लेकिन सोमवार को ही रिफाइनरी की एक यूनिट में आगजनी की घटना से एक बार फिर से रिफाइनरी के शुभारंभ का कार्यक्रम टल गया रिफाइनरी की कीमत शुरू में जहां करीब 23000 करोड रुपए निर्धारित की गई थी बाद में इसकी कीमत 43000 करोड रुपए से अधिक निर्धारित की गई और अब इसकी कीमत करीब 75 हजार करोड रुपए से ज्यादा निर्धारित की गई है यह रिफाइनरी वास्तव में प्रदेश में विकास के एक नए अध्याय की शुरुआत करेगी लेकिन अभी इस रिफाइनरी के शुरू होने के लिए अभी और इंतजार करना पड़ेगा ।




CMYK

# जिला कलक्टर ने की फ्लैगशिप योजनाओं, गुरू गोवलकर आकांक्षी ब्लॉक विकास योजना एवं बीस सूत्री कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा

## फ्लैगशिप स्कीम्स की प्रभावी मॉनिटरिंग कर पात्र व्यक्तियों को लाभांवित कराना करें सुनिश्चित - जिला कलक्टर



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने कलक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर फ्लैगशिप योजनाओं में प्रगति, गुरू गोवलकर आकांक्षी ब्लॉक विकास योजना एवं बीस सूत्री कार्यक्रम की समीक्षा कर अधिकारियों को इनकी समयबद्ध क्रियान्विति कराने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने पीडब्ल्यूडी, चिकित्सा, विद्युत, कृषि, उद्योग, पीएचईडी, यूआईटी, नगर निगम इत्यादि विभागों की फ्लैगशिप योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा कर निर्देश दिये कि योजनाओं में निर्धारित लक्ष्यों का ब्लॉकवार व प्रतिमाहवार वर्गीकरण कर 30 सितम्बर तक शत-प्रतिशत क्रियान्विति सुनिश्चित करें, जिससे आमजन को फ्लैगशिप योजनाओं का यथाशीघ्र लाभ मिल सके। उन्होंने जयपुर डिस्कॉम के अधीक्षण अभियन्ता को निर्देश दिये कि पीएम कुसुम योजना कम्पोनेंट ए व सी में स्वीकृत व प्रगतिरत कार्यों को निर्धारित टाइमलाइन में पूर्ण करावें। उन्होंने कंपोनेंट बी में हॉर्टिकल्चर विभाग के उपनिदेशक को किसानो की हैंड होल्डिंग कर योजना में सितम्बर माह तक 500 संयंत्र स्थापित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने महिला अधिकारिता विभाग के उप निदेशक को निर्देश दिये कि लाडो प्रोत्साहन योजना में अंतर विभागीय समन्वय स्थापित कर लंबित आवेदनों का नियमित तौर पर निस्तारण सुनिश्चित करावे। जिला कलक्टर ने चिकित्सा विभाग विभागीय योजनाओं की समीक्षा करते हुए सीएमएचओ को निर्देशित किया कि प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ एवं अवसंरचना मिशन के तहत संचालित कार्यों को मई माह तक पूर्ण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान की समीक्षा कर सीडीईओ निर्देशित किया कि अभियान के कम्पोनेंट अटेंडेंस, लर्निंग आउटकम एवं गर्वनेंस के कार्य को प्राथमिकता में रखते हुए प्रगति सुनिश्चित करें। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को मिशन हरियालो राजस्थान के तहत इस वर्ष लगाए जाने वाले पौधों के लक्ष्य को अर्जित करने हेतु समस्त तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, मुख्यमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, लखपति दीदी योजना, कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान, एनएफएसए के तहत आवेदनों का डिस्पोजल, पीएम आवास योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, जल जीवन मिशन, अमृत योजना इत्यादि फ्लैगशिप योजनाओं की समीक्षा निर्देश दिए कि सभी योजनाओं की प्रभावी मॉनिटरिंग योजनाओं को धरातल पर अमलीजामा पहनावे।

### गुरू गोवलकर आकांक्षी ब्लॉक विकास योजना एवं बीस सूत्री कार्यक्रम में प्रगति की कि समीक्षा

जिला कलक्टर ने गुरू गोवलकर आकांक्षी ब्लॉक विकास योजना अंतर्गत चयनित ब्लॉक रामगढ़ में योजना के 39 इंडिकेटर्स में प्रगति की समीक्षा कर अधिकारियों को अंतर विभागीय स्थापित कर इंडिकेटर्स में निर्धारित लक्ष्य अनुसार प्रगति अर्जित करने के निर्देश दिये। उन्होंने मुख्य प्रदर्शन संकेतकों जिनमें गर्भवती महिलाओं के एएनसी पंजीकरण, संस्थागत प्रसव, हाइपरटेंशन एवं डायबिटिज की स्क्रीनिंग, टीबी के मरीजों का सफलतापूर्वक उपचार, आंगनबाडी केंद्रों पर बच्चों का मापतौल, 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों में गंभीर तीव्र कुपोषण एवं मध्यम तीव्र कुपोषण के प्रतिशत में कमी, आंगनबाडी केंद्रों में फंक्शनल टॉयलेट एवं पेयजल सुविधा, सॉइल हैल्थ कार्ड के माध्यम से मिट्टी का परीक्षण, एफएमडी डिजिज का टीकाकरण, प्रत्येक घर तक कार्यात्मक घरेलू नल कनेक्शन, एसएचजी को रिवोल्विंग फण्ड की उपलब्धता इत्यादि में बेहतर प्रगति अर्जित करने पर सराहना की एवं सभी इंडिकेटर्स में अनवरत रूप से कार्य करते हुए और अधिक प्रगति अर्जित करने के निर्देश दिये। उन्होंने बीस सूत्री कार्यक्रम की समीक्षा कर कार्यक्रम में निर्धारित योजनाओं व पैरामीटर्स में लक्ष्यानुसार प्रगति अर्जित करने के निर्देश दिये, जिससे पात्रतानुसार अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ निश्चित समयावधि में पहुंच सके। बैठक में विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियन्ता आर.एस बंसल, पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियन्ता भूरी सिंह, सीएमएचओ डॉ. योगेन्द्र शर्मा, महिला अधिकारिता विभाग के उप निदेशक ऋषिराज सिंगल, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक पी.सी मीणा, डीएसओ विनोद जुनेजा, सीडीईओ महेश गुप्ता, सीपीईओ प्रदीप नांगलिया सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## फायर वीक पर जागरूकता रैली, 7 दमकल वाहनों से दिया सुरक्षा का संदेश



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** शहर में 14 से 20 अप्रैल तक मनाए जा रहे फायर वीक के तहत सोमवार को दमकल विभाग द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। असिस्टेंट फायर ऑफिसर जगदीप कुमार के निर्देशन में आयोजित इस रैली में शहर के विभिन्न हिस्सों से 7 दमकल वाहन शामिल हुए, जिन्होंने सायरन बजाते हुए मुख्य मार्गों से गुजरकर आमजन को सतर्क रहने का संदेश दिया। रैली का उद्देश्य आगजनी की घटनाओं के प्रति लोगों को जागरूक करना और आपातकालीन परिस्थितियों में सावधानी बरतने के लिए प्रेरित करना रहा। दमकल विभाग की टीम ने बताया कि छोटी-सी लापरवाही भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है, इसलिए आग से बचाव के नियमों का पालन अत्यंत आवश्यक है। जगदीप कुमार ने जानकारी दी कि फायर वीक के दौरान मॉक ड्रिल, जनजागरूकता अभियान एवं अन्य गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है, ताकि आमजन को आग से सुरक्षा के उपायों की जानकारी दी जा सके और उन्हें आपदा की स्थिति में तैयार किया जा सके। फायर वीक के प्रथम दिन 14 अप्रैल को रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें विभागीय कर्मचारियों एवं शहरवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। दमकल विभाग की इस पहल को नागरिकों ने सराहा और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम जारी रखने की अपेक्षा जताई।

## शहर के वार्ड नंबर 39 एवं 61 में सीवर लाइन निर्माण के लिए 36.53 करोड रुपए की मिली स्वीकृति

### वन राज्यमंत्री शर्मा की अनुशंसा पर रूडसीको की स्टेट लेवल कमेटी ने जारी की स्वीकृति

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बताया कि जिला स्तरीय जनसुनवाई में वार्ड नंबर 39 एवं 61 में सीवर लाइन की मांग हेतु प्रकरण प्राप्त हुआ था। उन्होंने बताया कि उक्त प्रकरण के संदर्भ में वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री संजय शर्मा की अनुशंसा पर रूडसीको की एसएलटीसी बैठक में अमृत 2.0 के तहत अलवर शहर के वार्ड नंबर 39 एवं 61 में सीवर लाइन निर्माण के लिए 36.53 करोड रुपए की राशि की स्वीकृति प्रदान की गई है।

## प्रधानमंत्री सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना हेतु विशेष शिविरों का आयोजन

### आमजन शिविरों में पंजीकरण कराकर उठा सकते हैं मुफ्त बिजली योजना का लाभ

जयपुर टाइम्स

**अलवर।** जिला कलक्टर के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना के प्रचार-प्रसार एवं योजना से होने वाले लाभों की जानकारी प्रदान करने हेतु शहर की यूआईटी कॉलोनियों में 13 मई तक विशेष शिविरों का आयोजन होगा। सभी शिविरों का आयोजन प्रातः 10 बजे से सांय 5 बजे तक किया जाएगा। जयपुर डिस्कॉम के अधीक्षण अभियन्ता आर.एस. बंसल ने बताया कि 22 अप्रैल को स्कीम नं. 5 में गर्वनमेंट प्रेस के पास, अम्बेडकर नगर में सामुदायिक भवन, सूर्य नगर व अरावली विहार में सामुदायिक भवन के पास एवं शिवाजी पार्क में हॉस्पिटल के पास, 29 अप्रैल को स्कीम नं. 7 में शॉपिंग कॉम्पलेक्स पर एवं स्कीम नं. 2/3 में गर्वनमेंट स्कूल के पास, 6 मई को मालवीय नगर में पीएचईडी ऑफिस के पास, 13 मई को शांति कुंज में राधा स्वामी सत्संग भवन के सामने विशेष शिविरों का आयोजन होगा।

### शिविर में इस प्रकार उठाएं पीएम सूर्यघर योजना का लाभ

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना केंद्र सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसके अंतर्गत लाभार्थी परिवार को 1 किलोवाट क्षमता वाले रूफटॉफ सौलर सिस्टम के लिए 30 हजार रुपये की सब्सिडी, इसी प्रकार 2 किलोवाट क्षमता वाले रूफटॉफ सौलर सिस्टम के लिए 60 हजार रुपये तथा 3 किलोवाट या उससे अधिक वाले रूफटॉफ सौलर सिस्टम के लिए 78 हजार रुपये की सब्सिडी देय है। इन शिविरों के माध्यम से उपभोक्ता मौके पर ही पीएम सूर्यघर योजना एवं 150 यूनिट मुफ्त बिजली योजना के लिए पंजीकरण कर सकेंगे, जिसमें 150 यूनिट प्रतिमाह निःशुल्क बिजली योजना के माध्यम से पात्र उपभोक्ताओं को 1.1 किलोवाट या अधिक के सौलर सिस्टम पर 17 हजार रूपये की अतिरिक्त सब्सिडी प्रदान की जा रही है। इस योजना के अंतर्गत उपभोक्ताओं को लगभग 6प्रतिशत की कम ब्याज दर पर लोन सुविधा भी उपलब्ध है, जिससे सोलर प्लांट लगवाना और अधिक सुलभ हो जाता है। सामान्यतः सोलर प्लांट की लागत 4-5 वर्षों में ही वसूल हो जाती है, जबकि इसकी आयु लगभग 25 वर्ष तक होती है, जिससे उपभोक्ताओं को लंबे समय तक बिजली बिल में बचत का लाभ मिलता है।

## आज धौलपुर में युवा संबल मेलाः 1500 पदों पर मिलेगी नौकरी का मौका

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिला मुख्यालय पर मंगलवार को एक दिवसीय युवा संबल मेले का आयोजन किया जाएगा। यह मेला मचकुंड रोड स्थित नगर परिषद मेला ग्राउंड में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगा। जिला रोजगार अधिकारी विकास कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार आयोजित इस मेले में स्व-रोजगार, निजी रोजगार और प्रशिक्षुता के अवसर एक ही मंच पर उपलब्ध कराए जाएंगे। मेले में देशभर के विभिन्न शहरों से आई करीब 25 कंपनियां भाग लेंगी, जो अलग-अलग सेक्टर में लगभग 1500 रिक्त पदों पर चयन करेंगी। पात्र बेरोजगार अभ्यर्थियों का चयन कंपनियों के नियमों के अनुसार किया जाएगा।

## ऑपरेशन गरिमा के तहत छात्रावासों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** जिले में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा को लेकर चलाए जा रहे 'ऑपरेशन गरिमा' अभियान के अंतर्गत कालिका पेट्रोलिंग यूनिट द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिला महारानी चांद कंवर राजपूत बालिका छात्रावास एवं जीडी कॉलेज छात्रावास की बालिकाओं को विभिन्न सुरक्षा विषयों पर जानकारी दी गई।

पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी (आईपीएस) ने बताया कि पुलिस मुख्यालय जयपुर के निर्देशानुसार 16 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक यह विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) डॉ. प्रियंका रघुवंशी के निर्देशन में कालिका पेट्रोलिंग यूनिट द्वारा स्कूल, कॉलेज, बाजार एवं सार्वजनिक स्थानों पर नियमित गश्त कर महिला संबंधित अपराधों की रोकथाम की जा रही है।

कार्यक्रम में यूनिट की महिला कांस्टेबल धौली, मंजू, कलावती एवं समीना द्वारा छात्राओं को राजकॉप सिटीजन एप के उपयोग की जानकारी देकर एप डाउनलोड करवाया गया। साथ ही साइबर अपराध, डिजिटल अरेस्ट, ऑनलाइन ठगी से बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से बताया गया।

इस दौरान छात्राओं को आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, गरिमा हेल्पलाइन 1090 एवं साइबर हेल्पलाइन 1930 की जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त पोक्सो एक्ट, घरेलू हिंसा, कार्यस्थल पर शोषण से जुड़े कानूनों की जानकारी भी साझा की गई। कार्यक्रम में यातायात नियमों के पालन एवं हेलमेट के अनिवार्य उपयोग पर जोर दिया गया तथा बालिकाओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाते हुए व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया। पुलिस विभाग ने बताया कि महिला सुरक्षा एवं जागरूकता को लेकर इस प्रकार के कार्यक्रम निरंतर जारी रहेंगे।

## अवैध गैस संग्रहण पर कार्रवाई, 10 सिलेंडर जब्त

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर के निर्देशानुसार घरेलू गैस के अवैध संग्रहण एवं दुरुपयोग को रोकने के लिए मालाखेड़ा उपखण्ड क्षेत्र में प्रशासन द्वारा सघन अभियान चलाया गया। कार्रवाई के दौरान जांच दल ने कुल 10 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए।

जांच में ग्राम पंचायत पृथ्वीपुरा (तहसील मालाखेड़ा) स्थित आशीष प्रियाशुं जनरल स्टोर से 4 तथा नावलिया जनरल स्टोर से 6 घरेलू गैस सिलेंडर अवैध रूप से संग्रहित पाए गए। अधिकारियों के अनुसार यह कृत्य एलपीजी कंट्रोल ऑर्डर, 2000 का उल्लंघन है और घरेलू गैस के अवैध व्यापार को दर्शाता है।

जप्त किए गए सभी सिलेंडरों को कब्जे में लेकर सुरक्षा की दृष्टि से ओसवाल एचपी ग्रामीण वितरक, बीजवाड़ (मालाखेड़ा) के प्रतिनिधि को सुपुर्द किया गया।

कार्रवाई में प्रवर्तन अधिकारी रणधीर सिंह, बनवारी लाल शर्मा, प्रवर्तन निरीक्षक विजयपाल यादव तथा प्रगति बरवाल शामिल रहे। प्रशासन ने बताया कि जिले में घरेलू गैस के व्यावसायिक उपयोग पर रोक लगाने के लिए आगे भी इसी प्रकार की कार्रवाई जारी रहेगी।

**आमजन से अपील**

प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि बिना आवश्यकता के गैस सिलेंडर बुकिंग न कराएं, ताकि सभी उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध हो सके। वर्तमान



में शहरी क्षेत्रों में लगभग 25 दिन तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिन में गैस बुकिंग हो रही है।

गैस वितरण प्रणाली को पारदर्शी बनाने के लिए सिलेंडरों की डिलीवरी 100' ओटीपी के माध्यम से की जा रही है। जिला प्रशासन द्वारा सभी गैस एजेंसियों को इन निर्देशों की सख्ती से पालना सुनिश्चित करने के आदेश दिए गए हैं।

## विधायक योगी ने की जनसुनवाई, स्वास्थ्य केंद्रों की जांच के निर्देश

जयपुर टाइम्स





**तिजारा(निसं.)।** विधायक महंत बालकनाथ योगी ने सोमवार को क्षेत्र में जनसुनवाई कर आमजन की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने बढ़ती गर्मी को देखते हुए पानी, बिजली एवं स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी व्यवस्थाओं पर भी प्रशासनिक अधिकारियों के साथ चर्चा की।

विधायक ने तिजारा स्थित बाबा मस्तनाथ जनसेवनम् भवन एवं टपूकड़ा स्थित बाबा नृसिंह दास आश्रम में जनसुनवाई आयोजित की, जहां बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी समस्याएं रखीं। उन्होंने मौके पर ही कई मामलों में अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान विधायक योगी ने तिजारा (बाघोर) में निर्माणाधीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में निर्माण कार्यों में खामियां सामने आने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की और खैरथल-तिजारा जिला कलेक्टर को पत्र लिखकर विधानसभा क्षेत्र में चल रहे स्वास्थ्य केंद्रों के निर्माण कार्यों की जांच के लिए जिला स्तरीय समिति गठित करने का अनुरोध किया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि स्वास्थ्य केंद्रों के निर्माण में किसी भी प्रकार की अनियमितता या गुणवत्ता से समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। दोषी पाए जाने पर संबंधित लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। विधायक ने कहा कि भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में क्षेत्र में विकास कार्य तेजी से किए जा रहे हैं, जिनका उद्देश्य आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है। इसी क्रम में उन्होंने सभी निर्माणाधीन एवं हाल ही में निर्मित सीएचसी, पीएचसी एवं उप स्वास्थ्य केंद्रों की जांच के लिए समिति गठन की मांग की है।

## भव्य पौधारोपण कार्यक्रम, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** थाना बगड़ तिराया क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भव्य पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के संयोजक लता जैन, राज गुप्ता एवं खुशी जाटव ने बताया कि क्षेत्र में हरियाली बढ़ाने और लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के लिए यह पहल की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महेंद्र गोयल (जिलाध्यक्ष, अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन) उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में पिंटू कुमार (आरपीएस, उप अधीक्षक पुलिस, रामगढ़, अलवर) एवं विनोद सामरिया (निरीक्षक एवं थाना अधिकारी, बगड़ तिराया, अलवर) ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी यश भार्गव एवं रूबी वर्मा ने की। इस अवसर पर अतिथियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा आमजन से अधिक से अधिक पौधे लगाने एवं उनकी नियमित देखरेख करने का आह्वान किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में क्षितिज माथुर, सतीश मोदी, नवीन सैन, लक्ष्मेश कुमार सिंह, द्वारका प्रसाद खंडेलवाल, प्रमोद अग्रवाल, मोहन पूजा वाला एवं अजय जाटव का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर अर्णिमा सोशल वेलफेयर फाउंडेशन, रूद्राक्ष डेवलपर्स, विश्व हिंदू महासंघ एवं पूर्वांचल विकास समिति के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में स्थानीय लोगों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली और सभी ने पर्यावरण संरक्षण हेतु पौधारोपण का संकल्प लिया।

## जिला कलक्टर की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित

जयपुर टाइम्स



**खैरथल-तिजारा(निसं.)।** जिला कलक्टर अतुल प्रकाश की अध्यक्षता में सोमवार को साप्ताहिक समीक्षा बैठक एवं बजट घोषणाओं की क्रियान्विति को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। जिला कलेक्टर ने संपर्क पोर्टल पर लंबित परिवादों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश देते हुए अधिकारियों को प्रभावी ढंग से कार्य करने को कहा। उन्होंने पीएमओ एवं सीएमओ कार्यालय से प्राप्त शिकायतों के त्वरित समाधान पर विशेष जोर दिया, साथ ही जिला स्तरीय जनसुनवाई में प्राप्त परिवादों की गुणवत्ता की समीक्षा करते हुए लंबित प्रकरणों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान उन्होंने समर कंटिन्जेंसी वर्क के अंतर्गत जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग को लंबित विद्युत कनेक्शनों को विद्युत विभाग के समन्वय से एक सप्ताह में पूर्ण कराने के निर्देश दिए, ताकि आमजन को योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके। उन्होंने विद्युत विभाग को सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा बनाई जा रही सड़क खैरथल बघेरी पर लाइन शिफ्टिंग कार्य में तेजी लाने के निर्देश भी दिए। इसके अलावा बजट घोषणाओं की विभागवार समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए तथा भूमि आवंटन से संबंधित संपूर्ण कार्रवाई से कार्यालय को अवगत कराने के निर्देश दिए। साथ ही रिडकोर को अवैध कट की सूचनाएं कार्यालय को भेजकर उन्हें बंद कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट, उप पुलिस अधीक्षक लालचंद, नगर परिषद आयुक्त मुकेश शर्मा, सहायक निदेशक वेद प्रकाश सैनी, एसीएफ (वन विभाग) संजय चौधरी, संयुक्त निदेशक सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग वीरेंद्र त्यागी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अरविंद गेट, समाज कल्याण अधिकारी रमेश दहमीवाल, कोषाधिकारी सुरेश कुमार बंसल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## ग्रीष्मावकाश पर यात्रियों की सुविधा हेतु स्पेशल रेल सेवाओं का संचालन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** रेलवे द्वारा ग्रीष्मावकाश पर अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा हेतु मदार-हावड़ा- मदार साप्ताहिक स्पेशल(2 ट्रिप) एवं उदयपुर सिटी- आसनसोल- उदयपुर सिटी साप्ताहिक स्पेशल(1 ट्रिप) रेलसेवाओं का संचालन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार गाड़ी संख्या 09603, मदार -हावड़ा साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा दिनांक 21.4.26 व 28.4.26 को (2 ट्रिप) मदार से मंगलवार को 6:40 बजे रवाना होकर बुधवार को 16:20 बजे हावड़ा पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09604, हावड़ा -मदार साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा दिनांक 22.4.26 व 29.4.26 को (2 ट्रिप) हावड़ा से बुधवार को 18:50 बजे रवाना होकर गुरुवार को 23:55 बजे मदार पहुंचेगी।यह रेल सेवा मार्ग में किशनगढ़, जयपुर, बांदीकुई, भरतपुर, ईदगाह ,टूंडला, इटावा, गोविंदपुरी, सूबेदारगंज, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, गया ,पारसनाथ, आसनसोल, दुर्गापुर एवं वर्धमान स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस रेलसेवा में 2 सेकंड एसी, पांच थर्ड एसी, 7 शयनयान , 4 साधारण श्रेणी व 2 गार्ड डिब्बों सहित कुल 20 डिब्बें होंगे। जानकारी के अनुसार गाडी संख्या 09623, उदयपुर सिटी- आसनसोल साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा दिनांक 21.04.26 को (1 ट्रिप) उदयपुर सिटी से मंगलवार को 22.30 बजे रवाना होकर बुधवार को जयपुर स्टेशन पर 6.30 बजे आगमन व 6.40 बजे प्रस्थान कर गुरूवार को 7.15 बजे आसनसोल पहुँचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 09624, आसनसोल- उदयपुर सिटी साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा दिनांक 23.4.26 को (1 ट्रिप) आसनसोल से गुरूवार को 9.00 बजे रवाना होकर शुक्रवार को जयपुर स्टेशन पर 6.20 बजे आगमन व 6.30 बजे प्रस्थान कर 14.30 बजे उदयपुर सिटी पहुँचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में राणाप्रताप नगर, मावली,भीलवाडा, बिजयनगर, नसीराबाद, अजमेर, किशनगढ, जयपुर, बांदीकुई, भरतपुर, ईदगाह, टूण्डला, इटावा, गोविन्दपुरी, सुबेदारगंज, मिर्जापुर,प. दीनदयाल उपाध्याय, गया , कोडरमा,धनबाद एवं सीतारामपुर स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस रेलसेवा में 2 सैकण्ड एसी, 6 थर्ड एसी, 2 थर्ड एसी इकोनोमी, 6 शयनयान, 4 साधारण श्रेणी एवं 2 डिब्बो सहित कुल 22 डिब्बे होगे।

## बांदीकुई एसडीएम कार्यालय में एसीबी की कार्रवाई, प्रयोगशाला सहायक को 15000 रुपए की रिश्वत लेते दबोचा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के दोसा जिले में बांदीकुई एसडीएम कार्यालय में सोमवार को भ्रष्टाचार निरोधक विभाग की ओर से ट्रेप की कार्रवाई को अंजाम दिया गया यहां पर एसडीएम कार्यालय में नियुक्त प्रयोगशाला सहायक आदित्य को 15000 रुपए की रिश्वत लेते भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। एसडीएम कार्यालय में कोई इस कार्रवाई के बाद एसडीएम कार्यालय में देना अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों में भी खलबली मच गई । इस मामले में खबर लिखे जाने तक भ्रष्टाचार निरोधक विभाग की ओर से बरामद की गई रिश्वत की रकम के बारे में यह भी पता लगाया जा रहा है कि इस राशि में किसी अन्य अधिकारी का हिस्सा भी निश्चित था क्या? इस मामले में भ्रष्टाचार निरोधक विभाग की टीम एसडीएम राम सिंह राजावत से भी पूछताछ कर रही है जानकारी के अनुसार भ्रष्टाचार निरोधक विभाग की शिकायत पोर्टल पर बांदीकुई में एसडीएम कार्यालय में नियुक्त आदित्य के बारे में भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने की शिकायत की गई थी । इसी क्रम में एक जमीन के मामले में भी आदित्य की ओर से रिश्वत की मांग की गई जिस पर भ्रष्टाचार निरोधक विभाग के अधिकारियों ने परिवादी की शिकायत का सत्यापन करवाया जिसमें शिकायत सही पाई गई। इसके बाद भ्रष्टाचार निरोधक विभाग की टीम ने आरोपी आदित्य को रंगे हाथों पकड़ने के लिए एक कार्य योजना तैयार की इसी कार्य योजना के तहत जैसे ही परिवादी ने सोमवार को आरोपी आदित्य को रिश्वत के 15000 रुपए दिए वैसे ही वहां पहले से घात लगाए बैठे भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अधिकारियों ने रिश्वत की रकम के साथ आदित्य को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया अचानक हुई इस कार्रवाई से एसडीएम कार्यालय में तैनात कर्मचारियों में हड़कंप मच गया और अब जिस तरह से एसडीएम राम सिंह राजावत से भी पूछताछ की जा रही है उसके बाद एसडीएम कार्यालय के कार्य शैली को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं ।

## यात्रियों की सुविधा हेतु मैसूरू-जोधपुर-मैसूरू एक्सप्रेस साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा का संचालन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** रेलवे द्वारा ग्रीष्मावकाश पर यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियो की सुविधा हेतु मैसूरू-जोधपुर-मैसूरू एक्सप्रेस साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा का संचालन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार गाडी संख्या 06273, मैसूरू-जोधपुर एक्सप्रेस साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा दिनांक 20.4.26 व 27.4.26 को (2 ट्रिप) मैसूरू से सोमवार को 20.15 बजे रवाना होकर बुधवार को 23.00बजे जोधपुर पहुँचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 06274, जोधपुर-मैसूरू एक्सप्रेस साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा दिनांक 23.04.26 व 30.4.26 को (2 ट्रिप) जोधपुर से गुरूवार को 16.45 बजे रवाना होकर शनिवार को 18.00 बजे मैसूरू पहुँचेगी। यह रेलसेवा मार्ग मे मंड्या, कैंगेरि, बेंगलुरू, यशवंतपुर, तुमकूर, अरसीकेरे, कडूरू, दावणगेरे, हावेरि, हुब्बल्लि, धारवाड, बेलगावि, घटप्रभा, मिरज, सांगली, कराड, सातारा, पुणे, लोनावला, कल्याण, वसई रोड, वापी, सूरत, वडोदरा, रतलाम, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा, अजमेर, मारवाड जं. पाली मारवाड व लूनी स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस रेलसेवा में 1 सैकण्ड एसी, 3 थर्ड एसी, 10 द्वितीय शयनयान, 6 साधारण श्रेणी व 2 गार्ड डिब्बो सहित 22 डिब्बे होगे।

## झोटवाड़ा के सीवरेज टैंक हादसे की जांच के लिए जांच कमेटी का गठन, 7 दिन में कंप्लीट करनी होगी जांच

जयपुर टाइम्स


**जयपुर(कासं.)।** पिछले दिनों प्रदेश के झोटवाड़ा इलाके में सीवरेज टैंक में सफाई करने उतरे दो मजदूरों की मौत के मामले में सरकार ने एक उच्च स्तरीय कमेटी का गठन किया है। कमेटी में नगर निगम के पांच अधिकारियों को शामिल किया गया है और यह कमेटी आगामी 7 दिन में इस पूरे मामले की जांच करके सरकार को रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी । उल्लेखनीय है कि राजस्थान सरकार और सुप्रीम कोर्ट दोनों की ओर से सीवरेज टैंक की सफाई के लिए कुछ कानून और नियम बनाए गए हैं जिसमें सीवरेज टैंक की सफाई सिर्फ यंत्र और उपकरण के माध्यम से ही करने के निर्देश दिए गए हैं लेकिन इसके बावजूद भी जिस तरह से पिछले दिनों झोटवाड़ा में सीवरेज टैंक की सफाई के लिए दो मजदूर को बिना किसी साधन और उपकरण के टैंक में उतार दिया गया था जिसकी वजह से जहरीली गैस बनने से दोनों श्रमिकों का दाम घट गया और वह दोनों टैंक में ही बेहोश हो गए हालांकि बाद में मौके पर पहुंचे करधनी थाने के एक कांस्टेबल ने खुद की जान की परवाह किए बिना सीडी के सहारे कांस्टेबल ने दोनों बेहोश मजदूरों को टैंक से बाहर निकाला और उन्हें तुरंत अस्पताल भी पहुंचाया गया लेकिन दोनों की मौत हो गई । हालांकि राजधानी जयपुर में यह कोई पहला मामला नहीं था जब टैंक में सफाई करने उतरे मजदूरों की मौत हुई हो इससे पहले भी इस तरह के हादसे हो चुके हैं जयपुर के अलावा अन्य जगहों पर भी इस तरह के हादसे हुए हैं इसलिए इस तरह के हादसों को देखते हुए सरकार और कोर्ट ने कड़ी गाइडलाइन भी निर्धारित की थी लेकिन इसके बावजूद भी ठेकेदार मनमाने तरीके से मजदूरों की जान को जोखिम में डाल रहे हैं ।

# पचपदरा की रिफाइनरी में लगी भीषण आग, दमकल की कई गाड़ियां आग बुझाने का कर रही प्रयास

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के बाड़मेर जिले में बालोतरा के पचपदरा में रिफाइनरी के एक हिस्से में सोमवार को भीषण आग लग गई जिसकी वजह से मौके पर हड़कंप मच गया। रिफाइनरी प्रशासन से जुड़े लोगों और पुलिस ने आसपास के पूरे इलाके को खाली करवा लिया है। रिफाइनरी में मौजूद मजदूर और कर्मचारियों को भी सुरक्षित बाहर निकाल दिया गया है हालांकि यह आग काफी विकराल थी और मौके पर धुआ ही धुआं उठ रहा था जिससे आसपास के इलाके में दूर-दूर तक रहने वाले लोग भी इस आग को लेकर काफी चिंतित नजर आए हालांकि तुरंत ही मौके पर दमकल की कई गाड़ियों ने आग बुझाने का युद्ध स्तर पर प्रयास शुरू किया। काफी कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू भी पा लिया गया है बड़ी बात यह है कि यह आग रिफायनरी के उस हिस्से में लगी है जहां से महज 500 मीटर दूर ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आज एक बड़ी जनसभा आयोजित होने वाली है और आज ही इस रिफाइनरी का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों से शुभारंभ भी होने वाला है लेकिन इस शुभ अवसर से ठीक पहले जिस तरह से सोमवार को रिफाइनरी में यह है भीषण आग लगी है यह आगजनी



जिला प्रशासन और पुलिस से जुड़े अधिकारियों के लिए तो चिंता का विषय बन गई है। इसके अलावा रिफाइनरी प्रबंधन से जुड़े लोगों के चेहरों पर भी चिंता की लकीर छाई हुई है फिलहाल खबर लिखे जाने तक यह पता नहीं चल पाया कि यह आग किस वजह से लगी है फिलहाल रिफाइनरी प्रशासन से जुड़े अधिकारी आग बुझाने में जुटे हुए दिखे । जानकारी के अनुसार सोमवार को जब इस रिफाइनरी में यह आगजनी की घटना हुई उस समय रिफाइनरी परिसर में बड़ी संख्या में रिफाइनरी से जुड़े लोग मजदूर कर्मचारी इत्यादि सभी मौजूद थे इसके अलावा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के आज के रिफाइनरी के दौरे को देखते हुए भी यहां पर तमाम तरह की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए अधिकारियों के आने-जाने का सिलसिला बना हुआ था।इस बीच सोमवार को रिफाइनरी में लगी इस आग ने कई तरह के सवाल खड़े कर दिए हैं फिलहाल मामला काफी गंभीर है और इस मामले की उच्च स्तरीय जांच भी हो सकती है क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे से ठीक पहले रिफाइनरी में आग लगा इसको साधारण नहीं माना जा सकता इसलिए आग के कारण का पता लगाना बहुत जरूरी हो गया है जानकारी के अनुसार इस आधुनिक की घटना से रिफाइनरी में काफी नुकसान भी हुआ है हालांकि जनहानि नहीं हुई है लेकिन जिस तरह से आसपास के पूरे इलाके को खाली करवाया गया उसके बाद कहीं ना कहीं इस आगजनी की घटना को लेकर लोगों में घबराहट जरूर देखी गई वैसे यह रिफाइनरी प्रदेश के विकास के लिए एक नए युग के शुरू होने जैसी साबित होगी क्योंकि इस रिफाइनरी से एक तरफ जहां प्रदेश की सरकार की तिजोरी में पैसा आएगा तो दूसरी तरफ स्थानीय स्तर पर भी लोगों को बड़े स्तर पर रोजगार मिलेगा तथा पश्चिमी राजस्थान के विभिन्न जिलों में यह रिफायनरी विकास के नए आयाम जरूर स्थापित होगी क्योंकि इस रिफाइनरी के शुरू होने के बाद यहां सड़क पानी बिजली शिक्षा चिकित्सा टेक्नोलॉजी इत्यादि सभी क्षेत्रों में लगातार विकास कार्य होते रहेंगे जिसकी वजह से यह पूरा इलाका एक अलग क्षेत्र के रूप में प्रदेश में विकसित होता हुआ दिखाई देगा।

## लश्कर के आतंकी खरगोश ने जयपुर में की थी शादी, फर्जी पासपोर्ट से सऊदी अरब भागा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** लश्कर ए तैयबा का एक टॉप ऑपरेटिव उमर हैरिस हैरिस उर्फ खरगोश फर्जी पासपोर्ट का इस्तेमाल करके भारत से सऊदी अरब भाग गया। जानकारी के अनुसार इस दौरान उसने खुद का नाम सज्जाद और राजस्थान का निवासी बताया और उसके जयपुर में शादी करने की बात भी सामने आई है जानकारी के अनुसार आतंकी मॉड्यूल की जांच श्रीनगर पुलिस कर रही है इसके अलावा केंद्रीय एजेंसी के साथ जानकारी साझा की गई है यह मामला जल्द ही राष्ट्रीय जांच एजेंसी को दे दिया जाएगा । इस बीच अधिकारियों ने बताया है कि त्वरित कार्रवाई के लिए राज्य पुलिस बलों के साथ जानकारी साझा की जा चुकी है उन पिछली रिपोर्ट के विपरीत जिसमें खरगोश को कराची से जोड़ा गया था। जांच कर्ताओं ने अब यह पक्का कर दिया है कि वह पाकिस्तान का रहने वाला है बताया जाता है कि पुलिस कार्रवाई से बचने के लिए खरगोश लश्कर ए तैयबा में शामिल हो गया था कराची में उसके खिलाफ आगजनी के कई मामले थे जिसके बाद 2012 में इस आतंकी संगठन ने उसे जम्मू कश्मीर में भेज दिया था उमर हैरिस को अपनी तेज ताल और सुरक्षा घेरे से बच निकलने की क्षमता के कारण ही उसे खरगोश उपनाम मिला था, जांच में सामने आया है कि उत्तरी तरफ से कश्मीर घाटी में घुसपैठ करने के बाद वह बांदीपोरा और श्रीनगर के इलाके में रहा वहां से फिर ओवर ग्राउंड कर्मी की बेटी से उसने शादी कर ली यह निकाह जयपुर में उसकी फर्जी पहचान सज्जाद के साथ पूरा हुआ अधिकारियों ने बताया की शादी के दस्तावेज बाद में उसके भारतीय पासपोर्ट के आवेदन का समर्थन करने में महत्वपूर्ण साबित हुए जांच पड़ताल में यह भी पता चला है कि खरगोश ने 2024 और 2025 के बीच एक अन्य जाली दस्तावेज का उपयोग करके वह इंडोनेशिया भी भाग गया था और बाद में सऊदी अरब चला गया अब उसे वापस लाने की कोशिश की जा रही है यह नई जानकारी तब सामने आई जब श्रीनगर पुलिस ने एक ऐसे आतंकी गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया था जिनमें पाकिस्तानी आतंकवादी अब्दुल्ला उर्फ अबू हुरैरा भी शामिलथा । अब्दुल्ला पिछले 16 सालों से फरार था और उसने जम्मू कश्मीर के बाहर भी अपने ठिकाने बना रखे थे अब्दुल्ला की गिरफ्तारी उसके साथ ही एक और पाकिस्तानी नागरिक उस्मान की गिरफ्तारी एक बड़ी सफलता मानी जा रही है यह सफलता फरीदाबाद की अलफलहा यूनिवर्सिटी से जुड़े एक वाइट कलर आतंकी गिरोह के पर्दाफाश होने के 6 महीने बाद मिली पूछताछ के दौरान अब्दुल्ला ने पूरे भारत में विशेष रूप से राजस्थान हरियाणा और पंजाब में अपनी और खरगोश की गतिविधियों के बारे में कई बड़ी जानकारियां दी अधिकारियों से मिली जानकारी अनुसार इन जानकारी में जयपुर में हुई एक शादी का जिक्र भी शामिल है इस शादी के बाद दुल्हन के पिता को गिरफ्तार कर लिया गया था क्योंकि उस पर खरगोश की असली पहचान पता होने का आरोप था।

## महिला आरक्षण बिल को लेकर राजस्थान महिला कांग्रेस का जयपुर में प्रदर्शन, पुलिस ने भाजपा कार्यालय जाने से रोका

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** महिला आरक्षण बिल को लेकर सोमवार को एक तरफ जहां भारतीय जनता पार्टी की महिला मोर्चा की शाखा से जुड़ी नेताओं ने जयपुर में पदयात्रा का आयोजन किया तो दूसरी तरफ कांग्रेस पार्टी की महिला शाखा से जुड़ी नेताओं ने भी जयपुर में महिला आरक्षण को लागू करने की मांग को लेकर केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की भजनलाल सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदेश महिला कांग्रेस के नेताओं की ओर से जयपुर में प्रदेश भाजपा मुख्यालय के बाहर प्रदर्शन करने की योजना थी इसीलिए प्रदेश कांग्रेस कार्यालय के बाहर सोमवार को बड़ी संख्या में महिलाएं प्रदर्शन करने के लिए पहुंची इसलिए पुलिस ने राजस्थान महिला कांग्रेस के नेताओं के एलान को देखते हुए पहले से ही सुरक्षा के मजबूत प्रबंध कर लिए थे और प्रदेश कांग्रेस कार्यालय के समीप ही पुलिस ने बैरिकेट्स स्थापित कर दिए थे ताकि महिला कांग्रेस की नेता जुलूस के रूप में आगे ना बढ़ सके और यहीं पर अपना विरोध प्रदर्शन प्रकट करें हालांकि महिला कांग्रेस की नेताओं ने पुलिस के बैरिकेट्स को तोड़ने के प्रयास किया लेकिन पुलिस ने पहले से ही मौके पर सुरक्षा के काफी मजबूत प्रबंध किए थे बड़ी संख्या में महिला पुलिसकर्मी भी मौके पर तैनात किए गए थे इसलिए महिला पुलिस कर्मियों ने महिला कांग्रेस के नेताओं को आगे बढ़ने से रोक दिया। इसके बाद महिला कांग्रेस के नेताओं ने मौके पर ही भारतीय जनता पार्टी के नेताओं के पुतले जुलाई और केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की भजनलाल सरकार के खिलाफ नारेबाजी करके महिला आरक्षण पर को लागू करने की और जोर मांग की इस प्रदर्शन में महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय नेता अलका लांबा राजस्थान महिला कांग्रेस के अध्यक्ष सारिका चौधरी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रही । प्रदर्शन में मौजूद महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष सारिका चौधरी ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान बताया कि देश में कांग्रेस पार्टी के सरकार ने ही महिलाओं का सम्मान किया महिलाओं को पूरा मौका दिया और पहले भी कांग्रेस पार्टी की सरकार ही महिलाओं का आरक्षण लेकर आई थी और आगे भी कांग्रेस पार्टी की सरकार ही महिला आरक्षण को लागू करेगी। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सिर्फ महिला सशक्तिकरण के नाम से ड्रामेबाजी कर रही है उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव को देखते हुए केंद्र की मोदी सरकार जानबूझकर महिलाओं का विश्वास और वोट हासिल करने के लिए इस बिल को लाने का ड्रामा किया जबकि मोदी सरकार भी यह अच्छी तरह से जानती थी कि बिल में कई तरह की कमियां हैं जिसकी वजह से यह बिल मंजूर नहीं होगा। यह बात भारतीय जनता पार्टी के सभी बड़े नेता पहले से जानते थे लेकिन इसके बावजूद भी राजनीतिक फायदा उठाने के लिए और कांग्रेस और विपक्ष को बदनाम करने के लिए इस तरह की नौटंकी की ।उन्होंने कहा कि पूरा देश जानता है कि कांग्रेस हमेशा महिलाओं को आगे रखती है और हमेशा महिलाओं का कांग्रेस ने पूरा सम्मान किया है सारिका चौधरी ने कहा कि मोदी सरकार अभी जो बिल लेकर आई थी महिला आरक्षण बिल वर्ष 2023 में ही संसद में मंजूर हो चुका है बड़ी बात यह थी कि वर्ष 2023 में जो बिल मंजूर हुआ था उसको सरकार कब लागू करेगी इस सवाल का जवाब मोदी सरकार नहीं दे रही है। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी महिला आरक्षण बिल का पहले भी समर्थन करती थी और आज भी समर्थन करती है और आगे भी समर्थन करती रहेगी लेकिन भारतीय जनता पार्टी के नेता जो सिर्फ देश में बंटवारा और उत्तर दक्षिण मैं भेदभाव की जो राजनीति कर रहे हैं वह भारत जैसे लोकतांत्रिक देश के लिए ठीक नहीं है ।

## चांदी 4500 और सोना 800 रुपए सस्ता, चांदी 258000 रुपए प्रति किलो में बिकी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** जयपुर सराफा बाजार में सोमवार को सोने और चांदी की कीमत में गिरावट देखने को मिली जयपुर सराफा बाजार में सोमवार को चांदी की कीमत में 4500 और सोने की कीमत में 800 रुपए की गिरावट देखी गई । इस तरह से सोमवार को जयपुर सराफा बाजार में चांदी की कीमत 258000 रुपए प्रति किलो दर्ज थी इसी तरह से जेवराती सोना 149500 रुपए प्रति 10 ग्राम और शुद्ध सोना 156000 रुपए प्रति 10 ग्राम निश्चित था उल्लेखनीय है कि जयपुर सराफा बाजार में पिछले कई महीनो से सोने और चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव की स्थिति देखने को मिल रही है कभी सोने और चांदी की कीमत में कई दिनों तक लगातार रोजाना वृद्धि होती रहती है तो फिर अचानक ही कई दिनों तक सोने और चांदी की कीमत में गिरावट होती रहती है इसलिए कभी कीमत का बढ़ना और कभी कीमत का अचानक काम हो जाना इस तरह की स्थितियों को देखते हुए जो लोग पहले सोने और चांदी में ज्यादा इन्वेस्ट किया करते थे । उन्होंने अब सोने और चांदी में इन्वेस्ट करना पहले की तुलना में काफी कम कर दिया है क्योंकि सोने और चांदी की कीमत में भारी उथल-पुथल की वजह से लोगों को ऐसा लगता है कि सोने और चांदी में इन्वेस्ट करने से उनकी रकम या तो डूब सकती है या फिर उन्हें घाटा हो सकता है इसलिए सोने और चांदी में इन्वेस्ट करने वाले लोग अब रियल स्टेट और जमीन जायदाद के कारोबारों में अपना पैसा ज्यादा इन्वेस्ट कर रहे हैं इसीलिए जयपुर सराफा बाजार के कारोबार पर भी विपरीत असर पड़ा है इसके अलावा जिनके घरों में शादियां होती है वे लोग ही इस समय जयपुर सराफा बाजार में सोने और चांदी के आभूषण खरीदने के लिए आ रहे हैं क्योंकि शादियों में आभूषण खरीदना जरूरी होता है इसलिए यह लोग मजबूरी में ही सोने और चांदी की खरीदारी करने आते हैं इनमें भी ज्यादातर वे ही लोग होते हैं जिनके पास पुरानी चांदी होती है वह अपनी पुरानी चांदी को बेचकर उनसे मिलने वाले पैसों में शादी के लिए सोने और चांदी के नए आभूषण खरीद लेते हैं इसलिए इस तरह की परिस्थितियों में जयपुर सराफा बाजार के दुकानदार भी अपने कारोबार को लेकर ज्यादा खुश नहीं है क्योंकि उनके कारोबार में पहले की तरह चमक नहीं रह गई है ।

## प्रमुख जनगणना अधिकारी एवं जिला कलक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय जनगणना समन्वय समिति की बैठक आयोजित

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** जिला स्तरीय जनगणना समन्वय समिति की बैठक प्रमुख जनगणना अधिकारी एवं जिला कलक्टर संदेश नायक की अध्यक्षता व जिला जनगणना अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर तृतीय संजय माथुर के मार्गदर्शन में सोमवार को जिला कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गयी। प्रमुख जनगणना अधिकारी एवं जिला कलक्टर ने बताया कि जनगणना-2027 के प्रथम चरण में मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 16 मई 2026 से 14 जून 2026 तक किया जाना है। उन्होंने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश प्रदान किये कि समस्त थानों एवं चौकियों को पत्र जारी कर उनके अधिकार क्षेत्र मे होने वाले जनगणना-2027 के कार्यों के लिए नियुक्त प्रगणक एवं सुपरवाइजरों को फील्ड विजिट के दौरान उत्पन्न होने वाले व्यवधान व समस्या समाधान में सहयोग प्रदान करें। उन्होंने मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद् को निर्देश दिये कि सभी ब्लॉक विकास अधिकारी व ग्राम विकास अधिकारी को जनगणना-2027 के कार्य अवधि में उनके अधिकार क्षेत्र मे होने वाले जनगणना-2027 के कार्यों हेतु नियुक्त प्रगणक एवं सुपरवाइजरों को पूर्ण सहयोग प्रदान करने के आदेश जारी करें। वन्यजीव विभाग के अधिकारी को जनगणना-2027 के कार्यों हेतु नियुक्त प्रगणक एवं सुपरवाइजरों द्वारा वन क्षेत्र एवं वन क्षेत्र के समीप बसे लोगों के मकानों को सूचीकरण व गणना हेतु नियुक्त प्रगणक एवं सुपरवाइजरों को वन्य क्षेत्र में आने-जाने की अनुमति, सुरक्षा व सहयोग करने हेतु रेंज ऑफिसर को निर्देशित करने के निर्देश दिये। जनगणना-2027 के प्रथम चरण का कार्य 16 मई से 14 जून 2026 तक किया जाना है उक्त अवधि भीषण गर्मी की अवधि हैं इसलिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को जिले के समस्त ए.एन.एम व जी.एन.एम को पत्र जारी कर उनके अधिकार क्षेत्र में होने वाले जनगणना-2027 के कार्यों हेतु नियुक्त प्रगणक एवं सुपरवाइजरों हेतु प्राथमिक/सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र स्तर पर मेडिकल किट आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी को जिलें में चयनित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका व आशा-सहयोगिनी को जनगणना-2027 के कार्य हेतु नियुक्त प्रगणक एवं सुपरवाइजरों को पूर्ण सहयोग प्रदान करने हेतु निर्देशित किया है। प्रमुख जनगणना अधिकारी ने शिक्षा विभाग को निर्देश जारी किये कि मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी उनके अधिकार क्षेत्र में आने वाले समस्त विद्यालयों को जनगणना-2027 के कार्य हेतु नियुक्त प्रगणक एवं सुपरवाइजरों को पूर्ण सहयोग प्रदान करने हेतु विद्यालय के अधिकारियों व कार्मिकों को पाबन्द करें। बैठक में जनगणना 2027 के कार्यों हेतु जिला स्तरीय जनगणना समन्वय समिति से संबंधित पुलिस विभाग, जिला परिषद, नगर निगम-जयपुर, वन्यजीव विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग एवं जिला जनगणना सेल के अधिकारी उपस्थित थे।

## एफसीआई कोटा संभाग में रोटेशन के आधार पर रेक लगाएं-ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर ने कोटा की भामाशाह मंडी में एफसीआई द्वारा 80 हजार कट्टे प्रतिदिन एमएसपी पर गेहूं की तुलाई की व्यवस्था करने करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने गेहूं खरीद की गति बढ़ाने और समय पर उठाव भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए ताकि रजिस्ट्रेशन कर चुके सभी किसानों से खरीद की जा सके। उन्होंने गेहूं का उठाव बढ़ाने के लिए रेक लगाने का कार्य प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए। श्री नागर न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीद की वर्तमान स्थिति की सोमवार को कोटा सर्किट हाउस में समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस बार बुआई अधिक होने से गेहूं का उत्पादन पिछले वर्ष की तुलना में बढ़ा है। ऐसे में कोटा संभाग में लक्ष्य से अधिक गेहूं खरीद की तैयारियां अभी से रखी जाएं। उन्होंने एफसीआई के गोदामों में गाड़ियां खाली करने की गति बढ़ाने के निर्देश दिए ताकि मंडियों से समय पर गेहूं का उठाव हो सके। ऊर्जा राज्य मंत्री ने बैठक के दौरान ही एफसीआई के जीएम श्री राजेश चौधरी से वार्ता कर गोदामों में गाड़ियां अनलोड करने की गति बढ़ाने, अतिरिक्त मजदूरों की व्यवस्था करने और बड़ी मंडियों से गेहूं के उठाव के लिए कोटा संभाग में रोटेशन के आधार पर रेक लगाने को कहा ताकि खरीद केन्द्रों पर गेहूं के ढेर न लगें। उन्होंने कहा कि स्टोरेज पर्याप्त नहीं होने पर मंडियों एवं क्रय केन्द्रों पर गेहूं की खरीद प्रभावित होने की आशंका है। उन्होंने बैठक में उपस्थित एफसीआई अधिकारियों से गोदामों में प्रतिदिन खाली होने वाली गाड़ियों की संख्या के बारे में जानकारी ली। ऊर्जा राज्य मंत्री ने राजफैड, तिलम संघ एवं अन्य खरीद एजेंसियों द्वारा अब तक की गई समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीद के बारे में जानकारी ली। साथ ही, उन्होंने भुगतान व्यवस्था के बारे में भी पूछा। उन्होंने कहा कि किसानों को रजिस्ट्रेशन के अनुपात में कूपन जारी किए जाएं ताकि वे समय पर तुलाई के लिए क्रय केन्द्रों एवं मंडियों में पहुंच सकें। उन्होंने आवश्यकता पड़ने पर सहकारिता विभाग के गोदामों को भी किराए पर लेने के निर्देश दिए। श्री नागर ने एफसीआई द्वारा क्रय केन्द्रों पर भेजे गए बारदाना की गुणवत्ता में सुधार करने के निर्देश दिए।

## 23 अप्रैल को नई दिल्ली में आयोजित होगा रोडशो

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.),** राजस्थान को कृषि नवाचार और निवेश का अग्रणी केंद्र बनाने की दिशा में राज्य सरकार द्वारा 'ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट (ग्राम)-2026' रोडशो का आयोजन 23 अप्रैल 2026 को कन्वेंशन हॉल, होटल द अशोक, नई दिल्ली में किया जाएगा। इस रोडशो का उद्देश्य राज्य की प्रगतिशील कृषि नीतियों, निवेश की संभावनाओं तथा कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों में उपलब्ध अवसरों को राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत करना है। साथ ही, यह आयोजन उद्योग, स्टार्टअप्स और अकादमिक संस्थानों के साथ सार्थक साझेदारी को बढ़ावा देगा। कार्यक्रम कृषि, एग्रीटेक आदि क्षेत्रों से जुड़े नीति मार्गदर्शक, नीति निर्माता, उद्योगपति, उद्यमी, कृषि स्टार्टअप्स, एफपीओ, प्रगतिशील किसान आदि भाग लेंगे। रोडशो के दौरान उद्योग प्रतिनिधियों द्वारा अनुभव साझा करने के लिए सत्र आयोजित किए जाएंगे जिसमें एग्रीटेक क्षेत्र में नवाचार एवं श्रेष्ठ प्रथाओं पर चर्चा होगी तथा राज्य की कृषि क्षेत्र में रूपांतरण की रणनीति एवं विजन पर प्रकाश डाला जाएगा।

## सम्पादकीय

# सियासत के फेर में फंसा महिला आरक्षण का हक



इसमें कोई दोराय नहीं कि विधायिका में महिलाओं के प्रतिनिधित्व को बढ़ाने के लिए सरकार और सभी विपक्षी दलों को एक ईमानदार इच्छाशक्ति के साथ काम करना चाहिए। मगर यही मुद्दा जब राजनीतिक लाभ उठाने का जरिया बनने लगता है, तब इस पर सवाल उठने लगते हैं। बीते हफ्ते सरकार ने महिला आरक्षण से जुड़ा 131वां संशोधन विधेयक पेश किया, लेकिन जरूरी समर्थन न मिल पाने की वजह से वह लोकसभा में गिर गया। गौरतलब है कि किसी भी संविधान संशोधन विधेयक को पारित कराने के लिए लोकसभा में दो-तिहाई बहुमत की जरूरत होती है, लेकिन तमाम कोशिशों के बावजूद सरकार जरूरी समर्थन हासिल नहीं कर सकी। हालांकि इस बार परिसीमन विधेयक में संशोधन के लिए जिस तरह महिला आरक्षण का मसला भी जुड़ा हुआ था, उसमें इस मुद्दे पर दो-तिहाई सांसदों को अपने पक्ष में खड़ा कर पाना सरकार के लिए मुश्किल था। यानी पहले ही यह माना जा रहा था कि लोकसभा में संशोधन विधेयक पारित कराना मुमकिन नहीं हो पाएगा। इसके बावजूद यह विचित्र है कि सरकार ने इस पर जोर-आजमाइश करने की कोशिश की। दरअसल, इस संशोधन विधेयक का उद्देश्य यह बताया गया था कि इससे लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण सुनिश्चित किया जा सकेगा। साथ ही, 2026 से पहले की जनगणना के आधार पर राज्यों में सीटों के परिसीमन की इजाजत दी जाएगी और लोकसभा में सीटों की संख्या 543 से बढ़ा कर 850 की जाएगी। मगर चूंकि परिसीमन के साथ उलझे इस मुद्दे पर सरकार को जरूरी संख्या बल का समर्थन नहीं मिल सका, इसलिए अब भाजपा विधानसभा चुनावों के प्रचार के दौरान यह आरोप लगाने की कोशिश कर सकती है कि विपक्षी पार्टियां महिलाओं को भागीदारी देने का समर्थन नहीं करतीं। सवाल है कि महिलाओं की विधायिका में आरक्षण से संबंधित जो विधेयक वर्ष 2023 में ही पारित होकर संविधान का हिस्सा बन चुका था, उसे फिर से तब क्यों लाया गया, जब कुछ राज्यों में विधानसभा चुनाव की प्रक्रिया चल रही है। यह बेवजह नहीं है कि इस संशोधन विधेयक को लाए जाने के समय को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं। ऐसा लगता है कि इस विधेयक की जटिलता और उसके पारित होने के सामने खड़ी चुनौतियों की तस्वीर चूंकि लगभग साफ थी, इसलिए इसे राज्यों में जारी चुनावी प्रक्रिया के बीच महिलाओं का समर्थन हासिल करने वाले एक अहम मुद्दे के रूप में भी देखा गया। शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के देश के नाम संबोधन में भी यह साफ दिखा, जिसमें उन्होंने महिला आरक्षण से जुड़े इस संशोधन विधेयक के पारित न होने के लिए विपक्षी दलों को जिम्मेदार बताया। मगर विधेयक में जिस तरह सरकार ने आरक्षण व्यवस्था को नए परिसीमन और लोकसभा के विस्तार के ढांचे से जोड़ कर पेश किया था, उसमें वह किस तरह के समर्थन की उम्मीद कर रही थी। महिला आरक्षण के प्रावधानों के साथ-साथ खासतौर पर परिसीमन के मुद्दे पर तमिलनाडु सहित दक्षिण भारत के राज्यों की जैसी प्रतिक्रिया थी, उसमें विपक्षी दलों के समर्थन या विरोध की तस्वीर एक तरह से पहले से साफ थी। अफसोस की बात है कि जहां विधायिका में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की कवायद पर सबकी सहमति होनी चाहिए थी

# राजनीति के फेर में फंसा महिला आरक्षण

*महिला आरक्षण विधेयक 2023 में इस प्रविधान के साथ पारित हुआ था कि उसे नई जनगणना के बाद होने वाले परिसीमन के उपरांत लागू किया जाएगा, लेकिन कोविड और फिर अन्य कारणों से 2021 में होने वाली जनगणना में देरी होती चली गई। अब वह शुरू हुई है। उसके नतीजे आने में समय लगेगा और फिर परिसीमन होते-होते 2029 बीतने के आसार हैं। इसके चलते महिला आरक्षण 2034 के लोकसभा चुनाव में लागू हो पाता। इसी कारण सरकार ने महिला आरक्षण शीघ्र लागू करने की पहल की। उसने इसके लिए लोकसभा सीटें बढ़ाने वाले 131वें संविधान संशोधन विधेयक के साथ परिसीमन से जुड़ा संशोधन विधेयक और केंद्रशासित प्रदेश संबंधी संविधान विधेयक पेश किया। चूंकि 131वां संविधान संशोधन विधेयक ही पारित नहीं हो सका, इसलिए सरकार के लिए अन्य दोनों विधेयक बेमानी हो गए।*

*मौजूदा लोकसभा सीटें 1971 की जनगणना के बाद हुए परिसीमन के तहत बढ़ी थीं। इसके बाद से वे यथावत हैं, क्योंकि परिसीमन कराकर लोकसभा सीटें बढ़ाने की पहल को फ्रीज कर दिया गया था। 1971 में भारत की आबादी करीब 55 करोड़ थी। अब 140 करोड़ हो चुकी है, पर लोकसभा सीटें 543 ही हैं। इसके चलते एक लोकसभा सदस्य को कहीं अधिक लोगों का प्रतिनिधित्व करना पड़ता है। कहीं-कहीं तो यह आबादी 45 लाख से भी अधिक है। परिसीमन फ्रीज करने का एक बड़ा कारण*



महिला आरक्षण संबंधी संशोधन विधेयक संसद में गिर जाने के बावजूद सत्तापक्ष और विपक्ष द्वारा अपनी-अपनी जीत तथा खुद को महिला हितैषी बताने के दावे बहुत ज्यादा नहीं चौंकाते। विधायिका में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण अब कब और कैसे लागू होगा, यह तो समय ही बताएगा, लेकिन देश की पूरी राजनीति आधी आबादी के इर्दगिर्द सिमटना तय है। विधेयक संसद में गिरने के कुछ ही मिनटों बाद भाजपा की महिला सांसदों के प्रदर्शन से मिले संकेतों की पुष्टि अगले दिन कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा की प्रेस कांफ्रेंस और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के राष्ट्र के नाम संबोधन से हो गई। मोदी की यह टिप्पणी कि 'नारी अपमान बर्दाश्त नहीं करती'- विपक्ष को सबक सिखाने का राजनीतिक आह्वान ही है। कांग्रेस को 'सुधार-विरोधी' बताते हुए प्रधानमंत्री अतीत के उदाहरण गिनाना भी नहीं भूले। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से लेकर तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन तक विपक्षी नेताओं का जवाबी आरोप है कि महिला आरक्षण विधेयक 2023 में ही सर्वसम्मति से पारित हो चुका, अब तो परिसीमन विधेयक के बहाने भाजपा देश का राजनीतिक मानचित्र बदलना चाहती है। जाहिर है, दोनों पक्षों ने कुछ स्वाभाविक सवालों से मुंह चुराते हुए अपनी राजनीति के अनुकूल तर्क चुन लिए हैं। सरकार को लगा कि देश की आधी आबादी को नीति निर्धारण की प्रक्रिया में भागीदारी से अब और वंचित नहीं रखा जा सकता। इसीलिए संसद के बजट सत्र का सत्रावसान करने के बजाय उसकी तीन दिवसीय विशेष बैठक बुलाई गई और महिला आरक्षण संबंधी संशोधन विधेयक को पारित कराने का दांव चला गया। चुनावों में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी और निर्णायक होती भूमिका ने राजनीतिक सत्ता को यह अहसास कराया है कि उन्हें विधायिका में जल्द आरक्षण देकर अपनी सत्ता भी सुरक्षित की जा सकती है। हालांकि विधायिका में महिलाओं की अधिक भागीदारी के लिए खुद को चिंतित दिखा रही पुरुष प्रधान राजनीति उन्हें अपनी सीटों में हिस्सेदारी देने को तैयार नहीं। इसीलिए संसद की 543 सीटों को बढ़ाकर 850 करते हुए 33 प्रतिशत महिला आरक्षण का सुरक्षित रास्ता निकाला गया। दशकों तक सत्ता का सफल खिलाड़ी रहे विपक्ष को यह समझने में देर नहीं लगी कि इस कवायद का राजग को पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में लाभ मिल सकता है। महिला आरक्षण पर आम सहमति के बावजूद नवीनतम जनगणना पर आधारित परिसीमन की शर्त हटाने संबंधी संविधान संशोधन पर सत्तापक्ष और विपक्ष में तकरार के मूल में राजनीति तो है ही, सत्ता संतुलन की चिंता भी है। अभी तक परिसीमन का आधार जनगणना रही है। इसीलिए दक्षिण भारतीय राज्य लोकसभा सीटों की संख्या और परिणामस्वरूप राष्ट्रीय राजनीतिक संतुलन में पिछड़ने की आशंका जताते हैं। बेशक जनसंख्या नियंत्रण और बेहतर साक्षरता दर के सहारे आर्थिक विकास के मोर्चे पर भी दक्षिण भारत ने उत्तर भारत से बेहतर प्रदर्शन किया है। देश के राजस्व में भी उनका योगदान भी अपेक्षाकृत अधिक रहा है। इसके लिए उन्हें राजनीतिक दंड नहीं दिया जाना चाहिए, पर उत्तर भारतीय राज्यों को भी राजनीतिक नेतृत्व और शासन तंत्र की इन मोर्चों पर नाकामी के लिए दंडित नहीं किया जा सकता। लोकसभा चुनाव क्षेत्र की आबादी दक्षिण भारत के मुकाबले उत्तर भारत में दोगुनी होना तर्कसंगत नहीं। भारत सरीखे विशाल और विविधतापूर्ण देश में विवेकपूर्ण सोच से ही ऐसी जटिल चुनौतियों से निपटते हुए भविष्य के लिए संतुलित नीतियां बनाई जा सकती हैं, लेकिन हमारी राजनीति तो समस्याओं से मुंह चुराने की आदी रही है। आपातकाल के दौरान 1976 में इंदिरा गांधी सरकार ने 42वें संविधान संशोधन के जरिये 2001 तक लोकसभा सीटें 543 पर फ्रीज कर दीं, तो वाजपेयी सरकार ने उसे 2026 तक बढ़ा दिया। अमित शाह ने राजनीतिक प्रतिनिधित्व कम होने संबंधी दक्षिणी राज्यों की आशंका दूर करते हुए आश्वासन दिया कि सभी राज्यों में सीटों की संख्या 50 प्रतिशत बढ़ेगी, जिससे अनुपात का संतुलन प्रभावित नहीं होगा। फिर भी विपक्ष बिना परिसमीन ही महिला आरक्षण लागू करने तथा नवीनतम जनगणना आधारित परिसीमन के संवैधानिक प्रविधान पर जोर देता रहा, तो उसके भी कारण हैं। पहला, सीटों में 50 प्रतिशत वृद्धि वाले फार्मूले से भी भाजपाई वर्चस्व वाले उत्तर और पश्चिम भारत में सीटें ज्यादा बढ़ेंगी, जिससे लोकसभा में बहुमत पाना आसान हो जाएगा। दूसरा, इस फार्मूले का उल्लेख संविधान संशोधन विधेयक में नहीं था। यानी परिसीमन 2011 की जनगणना के आधार पर किया जाता। शाह ने विधेयक में इस संशोधन के लिए एक घंटे का समय मांगा, पर विपक्ष नहीं माना। नवीनतम जनगणना आधरित परिसीमन की संवैधानिक बाध्यता समाप्त कर उसे संसद के साधारण बहुमत यानी सरकार की मर्जी पर छोड़ देने के खतरों के प्रति विपक्ष की चिंताएं समझी जा सकती हैं, लेकिन परिसीमन संबंधी जटिलताओं का हल राजनीतिक नहीं, राष्ट्रीय सोच से ही संभव है। संविधान हर मतदाता को एक वोट का अधिकार देता है

## कहानी

### एक हिमाक़त एक शरारत

मालूम नहीं कि बचपन का दौर ऐसा ही सुहाना, हसीन, दिल-फ़रेब और सुनहरा होता है या वक़्त की दबीज़ चादर के झरोके से ऐसा लगता है। अब मेरे सामने मेरे ख़ानदान की तीसरी नस्ल के शिगूफ़े परवान चढ़ रहे हैं। मुझे महसूस होता है कि आजकल के बच्चों का बचपन इतना पुर-रौनक, रंगीन और पुरजोश नहीं जैसा हमारा बचपन था। दो-तीन घंटे टीवी के सामने बैठ कर कार्टून देखना, वीडियो गेम, मोबाइल फ़ोन और इंटरनेट में ग़र्क़ बच्चों की दुनिया एक कमरे तक महदूद होती है। जबकि हमारे खेलों और शरारतों का दायरा बहुत वसीअ था। अक्सर हमारे खेलों के शोर और हंगामों से घर वाले और कभी-कभी अहल-ए-महल्ला भी आजिज़ रहते थे। हमारे बचपन के महबूब खेल आँख-मिचौली, चोर-सिपाही, अंधा-भैंसा, ऊँच-नीच और कोड़ा-जमाल शाही होते थे। जब कुछ और बड़े हुए तो गुल्ली-डंडा, कब्बडी, गेंद तड़ी, गेंद-बल्ला, फ़ुटबाल और पतंग-बाज़ी की तरफ़ राग़िब हुए। लू के गर्म थपेड़ों और दाँत किटकिटाने वाली सर्दी में भी हम इसी तरह इन खेलों में महव रहते। ये भी दुरुस्त है कि दौर-ए-हाज़िर के तक़ाज़ों के मुताबिक़ आज के बच्चे हमारे दौर के बच्चों के मुक़ाबले में कहीं ज़्यादा ज़हीन, ज़हनी तौर से पुख्ता, पुर-एतिमाद हैं। ज़िंदगी के जो रुमूज़ हम पर दस बारह साल की उम्र में खुले आज पाँच-छः साल के बच्चे उन हक़ायक़ से आगाह हैं।

अपने बचपन का एक वाक़िया आपको सुनाता हूँ जिससे आपको अंदाज़ा होगा कि उमूमन दस-बारह साल की उम्र में भी आम बच्चे कित्ते मासूम और सादा होते थे। आप चाहें तो बेवक़ूफ़ कह लें।

उस वक़्त शायद हम आठवीं क्लास में थे। स्कूल से घर तक तीन मील का फ़ासला पैदल ही तय करना होता था। गर्मियों में हम दुकानों के साएबानों और दरख़्तों के साए तलाश करते घर की सिम्त रवाना होते। एक दिन नॉवलटी टॉकीज़ के सामने मैदान में इमली के देव-क़ामत दरख़्त के नीचे एक मदारी तमाशा दिखा रहा था। बे-शुमार लोग दायरे की शक्ल में खड़े तमाशे से लुत्फ़-अंदोज़ हो रहे थे। हम भी कुछ सुस्ताने और कुछ तमाशे से लुत्फ़-अंदोज़ होने के लिए मजमे में शामिल हो गए और आहिस्ता-आहिस्ता जगह बनाते हुए सबसे आगे पहुँच गए। मदारी का जमूरा ज़मीन पर चादर ओढ़े लेटा था और मदारी एक रुपय के सिक्के के दो और दो के चार बना रहा था और हम मुँह खोले हैरत-ज़दा खड़े सोच रहे थे कि कैसा अहमक़ इन्सान है कि ऐसा हुनर रखते हुए घर बैठे दौलत के अंबार क्यों नहीं लगाता और क्यों यहाँ गर्मी में हलकान हो रहा है। इसी दौरान मदारी ने चीख़ कर कहा, 'आगे, आगे का बच्चा लोग बैठ जाओ। जो नहीं बैठेगा उसका पेशाब बंद हो जाएगा।' हम तमाशा में इतने महव थे कि हमने उसकी बात सुनी अन-सुनी कर दी। कुछ देर बाद तमाशा ख़त्म हो गया और हम ख़िरामाँ-ख़िरामाँ घर की तरफ़ रवाना हो गए। घर के दरवाज़ा पर पहुँच कर हमें अचानक मदारी की तंबीह का ख़याल आया। क्यों कि हम तो बैठे नहीं थे और इसी तरह खड़े रहे थे। ये सोच कर हम ख़ौफ़ज़दा हो गए और हमें यक़ीन हो गया कि मदारी के जादू का हम पर असर हो गया होगा। सीढ़ियों पर चढ़ते-चढ़ते हमने मज़ीद यक़ीन करने की कोशिश की कि जादू का असर हुआ है या नहीं। नतीजा ज़ाहिर है। नेकर के गीले-पन को देखकर हमारे होश उड़ गए। कुछ देर तो हम दम-ब-ख़ुद आख़िरी सीढ़ी पर खड़े रहे फिर इधर-उधर देख कर जल्दी से ग़ुस्ल-ख़ाने में घुस कर नहाने लगे ताकि हमारी हिमाक़त की पोल न खुले। अब ज़रा एक और वाक़िए से आज के दौर के बच्चे की ज़हानत और ज़हनी पुख़्तगी का अंदाज़ा करें। कुछ अरसा पेशतर में लॉन में बैठा अख़बार पढ़ रहा था और मेरे चार साला पोते अयान मेरी कुर्सी के चारों तरफ़ स्कूटी पर सवार चक्कर लगा रहे थे तो मैंने उनको अपने पास बुला कर कहा... 'बेटा अगर आप मुझे पचास तक गिनती सुना दें तो मैं आपको पचास रुपया इनाम दूँगा।' अयान ने फ़र-फ़र गिनती सुना दी और पचास रुपया का नोट जेब में ठूँस कर आइसक्रीम वाले को बुलाने के लिए गेट की तरफ़ घूम गए।

# विकास की ओर माओवाद मुक्त क्षेत्र

*पिछले ढाई साल में डबल इंजन की सरकार ने जनकल्याणकारी योजनाओं को माओवाद प्रभावित क्षेत्रों तक पहुंचाकर इस दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। सुरक्षा कैंपों के 10 किलोमीटर के दायरे में आने वाले 525 गांवों में 'नियद नेल्ला नार' योजना के अंतर्गत 17 विभागों के माध्यम से 25 हितग्राही मूलक और 18 सामुदायिक योजनाओं का लाभ तेजी से पहुंचाया जा रहा है। आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों के पुनर्वास के लिए बनी प्रभावी नीति ने उन्हें समाज की मुख्यधारा में सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अवसर दिया है। जो लोग बंदूक छोड़कर मुख्यधारा में लौटे हैं, उन्हें आर्थिक सहायता, आवास, भूमि, कौशल प्रशिक्षण, रोजगार और सम्मानजनक जीवन का अवसर दिया जा रहा है। आत्मसमर्पित माओवादियों और माओवाद प्रभावित परिवारों के लिए 15 हजार प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति माओवाद विरोधी*

भारतीय इतिहास में 31 मार्च, 2026 का दिन सशस्त्र माओवाद के खात्मे के रूप में दर्ज हो चुका है। इस दिन देश ने माओवादी आतंक के विरुद्ध निर्णायक सफलता हासिल की। यह लोकतंत्र, सुशासन और विकास के उस व्यापक सोच की विजय है, जिसने वर्षों से हिंसा से जूझ रहे बस्तर को एक नई दशा और दिशा दी है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए एक स्पष्ट नीति और दृढ़ नेतृत्व को श्रेय जाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने माओवाद के प्रति 'शून्य सहनशीलता' और 'विकास आधारित समाधान' की नीति अपनाई। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने न केवल रणनीतिक स्तर पर इस अभियान का मार्गदर्शन किया, बल्कि कई बार नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में जाकर जवानों और स्थानीय लोगों का मनोबल भी बढ़ाया। इस पूरे अभियान में हमारे सुरक्षा बलों के अदम्य साहस और बस्तर की जनता के सहयोग ने इस लड़ाई में निर्णायक भूमिका निभाई।

सरकार की रणनीति का महत्वपूर्ण पहलू संवाद और पुनर्वास रहा है। यह संदेश दिया गया कि जो लोग हिंसा छोड़कर मुख्यधारा में आना चाहते हैं, उनके लिए सरकार के द्वार खुले हैं। इसका सकारात्मक प्रभाव यह रहा कि बड़ी संख्या में माओवादियों ने आत्मसमर्पण कर सामान्य जीवन अपनाया। ऐसे लोग जो केवल हिंसा की भाषा समझते थे, उनके विरुद्ध सुरक्षा बलों ने सख्त कार्रवाई भी की। सुधाकर, बसवराजू जैसे शीर्ष माओवादी नेतृत्व को न्यूट्रलाइज करने से माओवादी आतंक की कमर टूट गई। वर्ष 2015 में प्रधानमंत्री जी द्वारा कार्ययोजना बनाकर माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं का व्यापक विस्तार किया गया। सड़क, बिजली, दूरसंचार, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी सुविधाएं उन क्षेत्रों तक पहुंचीं, जहां कभी शासन की उपस्थिति नहीं थी। पिछले ढाई साल में डबल इंजन की सरकार ने जनकल्याणकारी योजनाओं को माओवाद प्रभावित क्षेत्रों तक पहुंचाकर इस दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। सुरक्षा कैंपों के 10 किलोमीटर



के दायरे में आने वाले 525 गांवों में 'नियद नेल्ला नार' योजना के अंतर्गत 17 विभागों के माध्यम से 25 हितग्राही मूलक और 18 सामुदायिक योजनाओं का लाभ तेजी से पहुंचाया जा रहा है।

आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों के पुनर्वास के लिए बनी प्रभावी नीति ने उन्हें समाज की मुख्यधारा में सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अवसर दिया है। जो लोग बंदूक छोड़कर मुख्यधारा में लौटे हैं, उन्हें आर्थिक सहायता, आवास, भूमि, कौशल प्रशिक्षण, रोजगार और सम्मानजनक जीवन का अवसर दिया जा रहा है। आत्मसमर्पित माओवादियों और माओवाद प्रभावित परिवारों के लिए 15 हजार प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति माओवाद विरोधी अभियान के मानवीय पक्ष का बेहतरीन उदाहरण है। आज बस्तर में सांस्कृतिक पुनर्जागरण को दुनिया देख रही है। बस्तर ओलिंपिक और बस्तर पंडुम ने बस्तर अंचल को एक नई पहचान दी है। इसमें लाखों की संख्या में लोगों की भागीदारी ने जनजातीय संस्कृति को एकसूत्र में पिरोया है। माओवादी हिंसा की वजह से सड़क नेटवर्क के विस्तार को सबसे ज्यादा क्षति पहुंची थी। अब हम सर्वोच्च प्राथमिकता से सड़क नेटवर्क की बेहतरी पर काम करेंगे। रायपुर-विशाखापट्टनम एक्सप्रेसवे, जगदलपुर-रावघाट रेलमार्ग और हवाई सेवाओं के विस्तार से बस्तर देश की मुख्यधारा से जुड़ेगा। यह कनेक्टिविटी न केवल पर्यटन को बढ़ावा देगी, बल्कि रोजगार और निवेश के नए अवसर भी पैदा करेगी। स्वास्थ्य, शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण पहल की गई है। अबूझमाड़ और जगरगुंडा में एजुकेशन सिटी और गीदम में मेडिकल कालेज जैसे प्रोजेक्ट इस क्षेत्र के समग्र विकास की दिशा में मील का पत्थर साबित होंगे।

# परिसीमन का जटिल प्रश्न

संसद के विशेष सत्र में महिला आरक्षण संबंधी संविधान संशोधन विधेयक पारित न होने के बाद पक्ष-विपक्ष के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। यह लगभग तय है कि यह दौर हाल-फिलहाल थमने वाला नहीं है। कहना कठिन है कि आम जनता और विशेष रूप से महिलाओं को किसका नैरेटिव सही जान पड़ेगा, क्योंकि दोनों पक्षों की ओर से एक-दूसरे को कठघरे में खड़ा करने और महिला आरक्षण को लागू करने के तौर-तरीकों पर तकरार करने से किसी को और विशेष रूप से लोकसभा एवं विधानसभाओं में अपने लिए 33 प्रतिशत सीटों की प्रतीक्षा कर रही महिलाओं को तो कुछ भी हासिल होने वाला नहीं है। अब जबकि प्रधानमंत्री ने गत दिवस राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में कहा कि महिला आरक्षण को लागू कराने के अपने इरादे से वे डिगे नहीं हैं



एवं उनके हौसले बुलंद हैं और विपक्ष भी यह कह रहा है कि उसका विरोध महिला आरक्षण से नहीं, बल्कि सभी राज्यों में लोकसभा की 50 प्रतिशत सीटें बढ़ाने के फार्मूले और परिसीमन से है, तब फिर उचित यह होगा कि इस जटिल प्रश्न का समाधान निकालने के लिए दोनों पक्ष सहमति कायम करने की दिशा में आगे बढ़ें। परिसीमन के प्रश्न को और अधिक समय तक नहीं टाला जा सकता। संवैधानिक आवश्यकता यह कहती है कि प्रत्येक जनगणना के बाद परिसीमन होना चाहिए। यह दुर्भाग्य की बात रही कि 1971 की जनगणना के बाद 1976 में परिसीमन की प्रक्रिया इस कारण फ्रीज कर दी गई, क्योंकि दक्षिण भारत के राज्यों का तर्क था कि वे अपनी आबादी कम करने में सफल रहे हैं और परिसीमन से उनका राजनीतिक प्रतिनिधित्व कम हो सकता है। विडंबना यह रही कि 1976 में 25 वर्ष के लिए फ्रीज किए गए परिसीमन को 2001 में 25 और वर्षों के लिए फ्रीज कर दिया गया, लेकिन अब जबकि यह अवधि पूरी हो गई है, तब मौजूदा जनगणना के बाद परिसीमन तो कराना ही होगा, अन्यथा संविधान की इस मूल भावना का निरादर होगा कि लोकतंत्र में प्रत्येक व्यक्ति के वोट का मूल्य बराबर होना चाहिए। विपक्षी दलों ने भले ही परिसीमन पर आपत्ति जताकर महिला आरक्षण की राह रोक दी हो, लेकिन यदि अगली जनगणना के बाद जनसंख्या के आधार पर परिसीमन होता है तो उससे दक्षिण के राज्यों को तो राजनीतिक रूप से अधिक नुकसान ही होगा। ऐसे में उचित यही होगा कि सभी राज्यों में लोकसभा की 50 प्रतिशत सीटें बढ़ाकर परिसीमन किया जाए ताकि लोकसभा के सभी सदस्यों को लगभग समान संख्या में लोगों के प्रतिनिधित्व का अवसर मिल सके। यदि दक्षिण के राज्यों के जनसंख्या आधारित परिसीमन के विरोध को जरूरत से ज्यादा महत्व दिया जाएगा

# मोदरान में ठहरी 'भगत की कोठी-चेन्नई' सुपरफास्ट, 120 गांवों के प्रवासियों का वर्षों का सपना साकार

## सांसद लुंबाराम चौधरी व पैसेन्जर यात्री गाड़ी अध्यक्ष हीराचन्द भंडारी ने दिखाई हरी झंडी

जयपुर टाइम्स

**जालोर(निस)।** जालोर जिले के मोदरान क्षेत्र के लिए अक्षय तृतीया सोमवार का दिन ऐतिहासिक साबित हुआ, जब भगत की कोठी-एमजीआर चेन्नई सेंट्रल सुपरफास्ट (आशापुरी एक्सप्रेस) का मोदरान रेलवे स्टेशन पर नियमित ठहराव शुरू हो गया। उत्तर पश्चिम रेलवे के इस निर्णय से क्षेत्र के प्रवासियों और स्थानीय जनता के वर्षों पुराने संघर्ष को बड़ी सफलता मिली है। अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर आयोजित भव्य समारोह में जालोर सांसद लुंबाराम चौधरी और राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक एवं जालोर विधायक जागेश्वर गर्ग व पैसेन्जर यात्री गाड़ी संघर्ष समिति के अध्यक्ष हीराचन्द भंडारी ने ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान हजारों ग्रामीणों की मौजूदगी ने इस पल को ऐतिहासिक बना



दिया।

**120 गांवों के प्रवासियों को बड़ी राहतः**
मोदरान में ठहराव शुरू होने से आसपास के करीब 120 गांवों के उन प्रवासियों को सीधा लाभ मिलेगा, जो रोजगार और व्यापार के लिए दक्षिण भारत, विशेषकर चेन्नई में निवास करते हैं। अब यात्रियों को जालोर या भीनमाल जाकर ट्रेन पकड़ने की मजबूरी से राहत मिलेगी।

**संघर्ष का मिला फल, वर्षों की मेहनत रंग लाईः**
कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक जागेश्वर गर्ग ने कहा कि यह ठहराव क्षेत्र की संघर्ष समितियों के वर्षों के परिश्रम, त्याग और जनआंदोलन का परिणाम है। उन्होंने बताया कि पूर्व में इस मांग को लेकर धरना-प्रदर्शन और 'रेल रोको' आंदोलन भी करना पड़ा, जिसमें कई कार्यकर्ताओं पर मुकदमे तक चले, लेकिन संघर्ष जारी रहा। इस मांग को मनवाने में श्री आशापुरी माताजी संघर्ष समिति (मोदरान), जालोर पैसेंजर यात्री गाड़ी संघर्ष समिति, सुंधा रेल संघर्ष समिति और दक्षिण भारत प्रवासी संघर्ष समिति की अहम भूमिका रही।

**संघर्ष समिति के नेतृत्व को मिली सफलताः**
समिति के अध्यक्ष रतन सिंह सोढा राजपुरोहित, उपाध्यक्ष जगमाल सिंह राजपुरोहित, बद्रीदान चारण एवं हीराचंद भंडारी के नेतृत्व में रेल मंत्रालय और अधिकारियों को लगातार ज्ञापन व पत्र भेजे गए। इसी का परिणाम है कि आज मोदरान को यह महत्वपूर्ण ठहराव मिला। वहीं सांसद लुंबाराम चौधरी ने कहा कि यह उपलब्धि 120 गांवों की जनता, श्री आशापुरी माताजी की कृपा और संघर्ष समिति के युवाओं के अथक प्रयासों का नतीजा है। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक इस ट्रेन का फायदा लेने की अपील की।

**विकास और नई ट्रेनों को लेकर बड़ी घोषणाएंः**
सांसद ने बताया कि मोदरान स्टेशन को अमृत भारत योजना में शामिल कर बाजार और आबादी क्षेत्र को विकसित किया जाएगा। स्टेशन भवन और अन्य सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं का समाधान भी किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि भुज-जालोर-पाली-दिल्ली ट्रेन जल्द शुरू की जाएगी। जैसे ही रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव का कार्यक्रम तय होगा, जालौर से ही इस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। साथ ही छोटे स्टेशनों को जोड़ने के लिए लोकल ट्रेनों की संख्या बढ़ाने की बात भी कही गई।

**इस प्रकार रहेगा ट्रेन का आवागमनः**
रेलवे की ओर से जारी समय के अनुसार चेन्नई की ओर जाने वाली ट्रेन सुबह 8:24 बजे मोदरान पहुंचेगी। भगत की कोठी (जोधपुर) की ओर जाने वाली ट्रेन सुबह 07:47 बजे मोदरान पहुंचेगी। समारोह के दौरान रेलवे के एडीआरएम करणीराम, जसवंतपुरा उपखंड अधिकारी, तहसीलदार सहित कई प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। वहीं समाजसेवी शिवनाथ सिंह राजपुरोहित, दीपसिंह धनानी, अशोक सिंह सेरना, रावतसिंह परमार, भवानीसिंह, जालमसिंह मोदरान, रंजीतसिंह, रतन देवासी सहित जनप्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। ट्रेन के स्टेशन पहुंचते ही ग्रामीणों ने ढोल-नगाड़ों और पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया। सांसद व अतिथियों ने लोको पायलट का साफा और माला पहनाकर सम्मान किया। इस मौके पर श्री आशापुरी माताजी संघर्ष समिति मोदरान के अध्यक्ष रतनसिंह, उपाध्यक्ष जगमालसिंह राजपुरोहित, पैसेंजर यात्री गाड़ी संघर्ष समिति के अध्यक्ष हीराचंद भंडारी, सुंधा संघर्ष समिति के उपाध्यक्ष जालमसिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पहले ही दिन सैकड़ों यात्रियों ने आशापुरी एक्सप्रेस में सफर कर नई सुविधा का लाभ उठाया।

## 10 कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित



जयपुर टाइम्स

**फुलेरा(निस)।** नगर पालिका मण्डल फुलेरा की ओर से बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष में सफाई मित्र व रैगपिकर्स के सम्मान में सुरम्य सप्ताह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान फुलेरा शहर को स्वच्छ व स्वस्थ बनाए रखने में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों राहुल, वीरेन्द्र, आकाश, सुनील हटवाल, फकीरचंद, अनीता, ललिता, मीनू, राजेश व रेखा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पालिका अधिशासी अधिकारी शिवराज कृष्ण ने सभी सम्मानित कर्मचारियों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि सफाई मित्र शहर की स्वच्छता व्यवस्था की रीढ़ हैं और उनके समर्पण से ही शहर स्वच्छ एवं स्वस्थ बन सकता है। साथ ही कर्मचारियों की सुरक्षा व स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए हेल्थ चेकअप व पुरस्कार समारोह का आयोजन भी किया गया। पालिका प्रशासन द्वारा आमजन से भी शहर को स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग की अपील की गई।

## श्रीरामपुरा में 300 मीटर सीसी रोड का निर्माण पूरा



जयपुर टाइम्स

**सांगानेर(निस)।** पंचायत समिति सांगानेर की लाखना पंचायत स्थित श्रीरामपुरा गांव में विकास की नई राह खुली है। पीडब्ल्यूडी विभाग के द्वारा सड़क का निर्माण करते हुए शिव मंदिर धानकों के मोहल्ले से लेकर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय श्रीरामपुरा,श्रीठाकुरजी महाराज मंदिर होते हुए रुपनारायण जांगिड़ के मकान तक 300 मीटर सीसी रोड का निर्माण कार्य पूरा हुआ। लंबे समय से जर्जर और बदहाल स्थिति में पड़ी इस सड़क के बन जाने से अब ग्रामीणों और राहगीरों को आवाजाही में बड़ी राहत मिलेगी।पिछले कई वर्षों से यह मार्ग पूरी तरह क्षतिग्रस्त था, जिसके कारण स्थानीय निवासियों और विशेष रूप से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के छोटे बच्चों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही थी। सड़क पर गहरे गड्ढों और जमा गंदे पानी व कीचड़ के कारण पैदल चलना भी दूभर हो गया था। अब पक्की सड़क बनने से विद्यालय जाने वाले छात्र-छात्राओं और आस-पास की कॉलोनियों के लोगों की पुरानी समस्या का समाधान हो गया है। ग्रामीणों ने इस सकारात्मक बदलाव के लिए प्रशासन और मीडिया के सहयोग का आभार व्यक्त किया है।

## 23 अप्रैल को दिल्ली में 'ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट-2026' रोडशो, निवेश व नवाचार पर होगा मंथन


जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** राजस्थान को कृषि नवाचार और निवेश का अग्रणी केंद्र बनाने की दिशा में राज्य सरकार की ओर से'ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट (ग्राम)-2026' के तहत रोडशो का आयोजन 23 अप्रैल 2026 को नई दिल्ली स्थित कन्वेंशन हॉल, होटल द अशोक में किया जाएगा। इस रोडशो का उद्देश्य राज्य की प्रगतिशील कृषि नीतियों, निवेश की संभावनाओं तथा कृषि व संबद्ध क्षेत्रों में उपलब्ध अवसरों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत करना है। साथ ही यह आयोजन उद्योग, स्टार्टअप्स और अकादमिक संस्थानों के साथ साझेदारी को बढ़ावा देगा। कार्यक्रम में कृषि व एग्रीटेक क्षेत्र से जुड़े नीति निर्माता, उद्योगपति, उद्यमी, स्टार्टअप्स, एफपीओ और प्रगतिशील किसान भाग लेंगे। रोडशो के दौरान उद्योग प्रतिनिधियों के अनुभव साझा करने के लिए सत्र आयोजित होंगे, जिनमें एग्रीटेक नवाचार, श्रेष्ठ प्रथाओं और राज्य की कृषि रूपांतरण रणनीति पर चर्चा की जाएगी। इस दौरान प्रमुख कंपनियों, स्टार्टअप्स और शिक्षाविदों के साथ कृषि क्षेत्र में संभावित सहयोग के अवसरों पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा। यह रोडशो 'ग्राम-2026' की तैयारियों को गति देने के साथ ही राज्य में कृषि नवाचार, निवेश और साझेदारी को नई दिशा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।र्मचारियों की सुरक्षा व स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए हेल्थ चेकअप व पुरस्कार समारोह का आयोजन भी किया गया। पालिका प्रशासन द्वारा आमजन से भी शहर को स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग की अपील की गई।

## एक ही रात में दो घरों में चोरी: लाखों के जेवर और नकदी पार, इलाके में दहशत

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** बसेड़ी क्षेत्र के गांव मई में चोरों ने एक ही रात में दो सूने मकानों को निशाना बनाते हुए लाखों रुपए के जेवरात और नकदी चोरी कर ली। वारदात के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। जानकारी के अनुसार 17 अप्रैल 2026 को एक पीड़ित अपनी पत्नी के साथ घर से बाहर गया हुआ था। देर रात चोर पीछे की दीवार फांदकर घर में घुस गए और कमरे का ताला तोड़कर अलमारी से सोने-चांदी के आभूषण और 32 हजार रुपए नकद चोरी कर ले गए। चोरी गए सामान में सोने के टॉप्स, नोज पिन, अंगूठियां, चेन, मंगलसूत्र, चूड़ियां सहित चांदी के जेवर शामिल हैं। सुबह करीब 5 बजे पीड़ित के भाई ने घर का ताला टूटा और सामान बिखरा देखा, जिसके बाद घटना का पता चला। हैरानी की बात यह रही कि उसी रात पड़ोस में रहने वाले राजकुमार के सूने मकान को भी चोरों ने निशाना बनाया। वहां से चांदी की पाजेब, सिक्के और करीब 47 हजार रुपए नकद चोरी कर लिए गए। सुबह दोनों घटनाओं की जानकारी मिलते ही ग्रामीण मौके पर जुट गए। दोनों घरों में ताले टूटे मिले और सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था। दोनों पीड़ितों ने बसेड़ी थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और चोरों की तलाश जारी है।



# खरीफ-2026 के लिए बीटी कपास हाइब्रिड बीज बिक्री को मंजूरी

## 34 कंपनियों को अनुमति; गुणवत्ता व कीमत पर सख्त निगरानी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** राज्य सरकार ने खरीफ-2026 सीजन के लिए बीटी कपास हाइब्रिड बीजों की बिक्री को औपचारिक मंजूरी दे दी है। केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की जेनेटिक इंजीनियरिंग मूल्यांकन समिति (GEAC) की सिफारिशों के आधार पर 34 बीज कंपनियों को निर्धारित शर्तों के साथ राज्य में बीज आपूर्ति की अनुमति दी गई है। आयुक्त कृषि नरेश कुमार गोयल ने बताया कि बीटी कपास हाइब्रिड के प्रदर्शन का मूल्यांकन कृषि-जलवायु क्षेत्रवार एटीसी, एआरएस और केवीके फार्मों पर अनिवार्य परीक्षण के माध्यम से किया जाएगा। कंपनियां 30 अप्रैल 2026 तक परीक्षण के लिए बीज उपलब्ध करवा सकेंगी। जिन हाइब्रिड का दो वर्षों तक परीक्षण हो चुका है, उन्हें अतिरिक्त परीक्षण से छूट दी जाएगी। पश्चिमी जिलों श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ और बीकानेर में सफेद मक्खी व कॉटन लीफ कर्ल वायरस (CLCuD) के प्रति संवेदनशील हाइब्रिड की बिक्री पर प्रतिबंध लगाया गया है, ताकि रोगों के प्रकोप को रोका जा सके। किसानों को बीज कंपनियों द्वारा त्रि-स्तरीय प्रशिक्षण (बुवाई-पूर्व, फसल वृद्धि और कटाई चरण) दिया जाएगा। साथ ही रिफ्यूज बीज (20' क्षेत्र या पांच कतारें), उर्वरक प्रबंधन और जैव नियंत्रण तकनीकों की जानकारी दी जाएगी। बीज पैकेट के साथ हिंदी में कृषि पद्धति का पैकेज देना भी अनिवार्य किया गया है। सरकार ने बीजों की कीमत को केंद्र द्वारा निर्धारित न्यूनतम-अधिकतम सीमा में रखने के निर्देश दिए हैं। प्रत्येक पैकेट पर क्यूआर कोड और वैध संपर्क नंबर अंकित करना अनिवार्य होगा। कंपनियों को जिला-वार बिक्री योजना, डीलर सूची और पखवाड़ा रिपोर्ट कृषि विभाग को देना होगी। सहकारी क्षेत्र (KVSS, GSS, FPOs) को 15-20' आवंटन में प्राथमिकता दी जाएगी, जिससे छोटे व सीमांत किसानों को आसानी से बीज उपलब्ध हो सके। बीज जारी होने के बाद फसलों की निगरानी क्षेत्रीय समितियों द्वारा की जाएगी, जिसकी रिपोर्ट भविष्य की नीति निर्धारण में उपयोग होगी।

# विभागीय फ्लैगशिप योजनाओं की क्रियान्विति सुनिश्चित करें :कलक्टर



जयपुर टाइम्स

**जालोर(निस)।** जिला कलक्टर डॉ प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में सोमवार को कलक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई। जिसमें उन्होंने केंद्र व राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति व क्रियान्वयन के संबंध में समीक्षा की। बैठक में जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने केंद्र सरकार व राज्य सरकार की विभिन्न फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए विभागीय अधिकारियों को इन योजनाओं की प्रभावी मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन (शहरी व ग्रामीण), प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, पंडित दीनदयाल गरीबी मुक्त गांव योजना, प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन, मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान , मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान, कुसुम योजना, मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान सहित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को इन योजनाओं के माध्यम से अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कार्यक्रम में नवीन परिवारों को जोड़ने एवं तथा राजीविका के तहत नमो ड्रोन दीदी, लखपति दीदी, सोलर दीदी, कृषि सखी, पशु सखी व बैंक सखी कार्यक्रमों के माध्यम से पात्र महिलाओं का नामांकन सुनिश्चित करने की बात कही। जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने संपर्क पोर्टल पर प्राप्त परिवेदनाओं की विभागवार समीक्षा की तथा विभागीय अधिकारियों को संपर्क पोर्टल पर प्राप्त आमजन की परिवेदनाओं का त्वरित रूप से निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नंदकिशोर राजोरा, कोषाधिकारी भूपेंद्र मकवाना, सूचना और प्रौद्योगिकी विभाग के संयुक्त निदेशक कपिल लूणा सहित अधिकारी-कार्मिक उपस्थित रहे।

## टैंपो में महिलाओं के पर्स से जेवर चोरी करने वाली 2 आरोपी गिरफ्तार, लाखों के आभूषण बरामद

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** टैंपो में सफर के दौरान महिलाओं के पर्स से जेवरात चोरी करने वाली दो महिला आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उनके कब्जे से लाखों रुपए के सोने-चांदी के आभूषण भी बरामद किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा व सीओ सिटी कृष्णराज जांगिड़ के सुपरविजन में निहालगंज थाना पुलिस ने यह कार्रवाई की। थानाधिकारी अमित शर्मा के नेतृत्व में गठित टीम ने संदिग्ध महिलाओं पर नजर रखते हुए आरोपियों को पकड़ा। मामला 17 अप्रैल 2026 का है, जब हेमलता (32) निवासी नाना साहब का बाड़ा, धौलपुर रोडवेज बस स्टैंड से ऑटो में बैठकर संतर रोड जा रही थी। इसी दौरान उसके पास बैठी दो महिलाओं ने ध्यान भटकाकर उसका पर्स चोरी कर लिया, जिसमें सोने-चांदी के जेवर रखे थे। पीड़िता की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की और संदिग्ध महिलाओं की




निगरानी की। 19 अप्रैल को पुलिस ने लक्ष्मी (24) व रोशनी (31) निवासी रूंध इकरन, थाना चिकसाना (भरतपुर) को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी महिलाएं टैंपो में सफर करने वाली महिलाओं का ध्यान भटकाकर चोरी की वारदात को अंजाम देती थीं। पुलिस मामले में आगे की जांच कर रही है।

## लोकसभा अध्यक्ष ने किए जोगणिया माता के दर्शन, विवाह सम्मेलन में नवदम्पत्तियों को दिया आशीर्वाद

जयपुर टाइम्स

**जयपुर** लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने चित्तौड़गढ़ जिले के प्रवास के दौरान सोमवार को प्रख्यात धार्मिक स्थल जोगणिया माता मंदिर में पहुंचकर दर्शन किए एवं विधिवत पूजा-अर्चना कर देश-प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। लोकसभा अध्यक्ष ने आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में सहभागिता करते हुए नवविवाहित वर-वधुओं को आशीर्वाद प्रदान किया। उन्होंने नवदम्पत्तियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए समाज में एकता, संस्कार एवं पारंपरिक मूल्यों को बनाए रखने का संदेश दिया।





## खरीफ-2026 के लिए राजस्थान में बीटी कपास हाइब्रिड बीजों की बिक्री की अनुमति जारी

**जयपुर(निस),** राज्य सरकार द्वारा गैर-संशोधित बीटी कपास हाइब्रिड की व्यवसायिक खेती के लिए केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की जेनेटिक इंजीनियरिंग मूल्यांकन समिति (लश्चष्ट) तथा बीटी कपास पर स्थायी समिति की सिफारिशों के अनुसार खरीफ-2026 के लिए बीटी कपास हाइब्रिड बीजों की बिक्री की औपचारिक अनुमति जारी कर दी गई है। इस व्यवस्था के अंतर्गत अनुमोदित 34 बीज कंपनियाँ राज्य के विभिन्न कृषि-जलवायु क्षेत्रों में निर्धारित शर्तों के अनुसार बीटी कपास हाइब्रिड बीजों की आपूर्ति कर सकेंगी। आयुक्त कृषि श्री नरेश कुमार गोयल ने बताया कि प्रत्येक बीटी कपास हाइब्रिड के प्रदर्शन का मूल्यांकन कृषि-जलवायु क्षेत्रवार एटीसी, एआरएस व केवीके फार्मों पर अनिवार्य परीक्षण के माध्यम से किया जाएगा।

# बजट सहित विभिन्न योजनाओं का कार्य तय समयावधि में हो पूर्ण

**जयपुर,(निस)** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग निदेशक ललित कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री बजट घोषणा सहित विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाएं तय समयावधि और प्रभावी क्रियान्वयन के साथ पूर्ण हों। उन्होंने लंबित कार्यों के लिए विशेष कार्ययोजना बनाने के भी निर्देश दिए।

ललित कुमार सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के मुख्यालय 'अम्बेडकर भवन' के सभागार में विभागीय अधिकारियों के साथ बजट घोषणा वर्ष 24-25, 25-26 और 26-27 की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने बैठक में विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने 24 से 26 अप्रेल को चंडीगढ़ में केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा आयोजित चिंतन शिविर से जुड़ी तैयारियों की भी समीक्षा की। निदेशक ने कहा कि वर्ष 2024-25 की कुल 26 बजट घोषणाओं में से 14 पूर्ण हो चुकी हैं, 12 प्रगतिरत हैं। वर्ष 25-26 की 15 घोषणाओं में से 9 पूर्ण हो चुकी हैं, 6 प्रगतिरत है। वर्ष 2026-27 की 9 घोषणाओं में से 1 पूर्ण हो चुकी है, जबकि 8 प्रक्रियाधीन है। उन्होंने बताया कि सभी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया जा रहा है। बैठक में अतिरिक्त निदेशक नसीम खान, रामेश्वर लाल परसोया, ओपी मीणा, सुण्डाराम मीना, रीना शर्मा, अशोक कुमार जांगिड़, अरविन्द कुमार सैनी सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



# संयुक्ता मेनन ने पूरी की 'द ब्लैक गोल्ड' की शूटिंग

### टीम के लिए लिखा इमोशनल नोट

**दक्षिण** भारतीय सिनेमा की लोकप्रिय और प्रतिभाशाली अभिनेत्री संयुक्ता मेनन बेहतरीन परफॉर्मेंस से इंडस्ट्री में अपनी एक मजबूत पहचान रखती हैं। गुरुवार को अभिनेत्री ने एक्शन थ्रिलर फिल्म 'द ब्लैक गोल्ड' की शूटिंग का आखिरी शेड्यूल पूरा कर लिया। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर शूटिंग के आखिरी शेड्यूल की तस्वीरें पोस्ट कीं। इसके साथ उन्होंने एक नोट शेयर कर पूरी टीम का शुक्रिया अदा किया। अभिनेत्री ने लिखा, 'सिनेमा कभी भी किसी एक व्यक्ति का सफर नहीं होता। बल्कि, यह कई विभागों में काम करने वाले अनगिनत लोगों के हाथों, दिलों और मेहनत का साथ होता है। सब एक ही लक्ष्य की ओर बढ़ते हैं। हमने जो कुछ भी यहां बनाया है, वह इसी टीम भावना का नतीजा है। मैं इस पूरी टीम के प्रति बहुत आभारी हूं। ' संयुक्ता ने फिल्म के निर्देशक योगी को खास तौर धन्यवाद दिया। अभिनेत्री ने लिखा, 'योगी सर, हर चीज के लिए आपका शुक्रिया। आपका भरोसा और मार्गदर्शन मेरे लिए शब्दों से परे है। उन्होंने मंचेरियल की कठिन परिस्थितियों का जिक्र करते हुए बताया कि शूटिंग के दौरान तेज धूप और गर्मी ने काफी परेशान किया। तापमान 40 से 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। फिर भी पूरी टीम ने हिम्मत नहीं हारी। मंचेरियल ने हमारी हर तरह से परीक्षा ली। सूरज की तपिश बहुत तेज थी, लेकिन हमारी टीम उससे भी ज्यादा मजबूत निकली। गर्मी, थकान और हर मुश्किल के बावजूज सब डटे रहे। पूरी ताकत, जुनून और एक लक्ष्य के साथ काम किया। ऐसा हौसला बहुत कम देखने को मिलता है। इस टीम का हिस्सा बनकर मुझे बहुत गर्व महसूस हो रहा है। अभिनेत्री ने फिल्म के हर सदस्य को धन्यवाद देते हुए लिखा, 'आप सबने नामुमकिन को मुमकिन बना दिया, जिसके लिए सभी का दिल से शुक्रिया। आप मेरी ताकत हो। जब मैं ऐसी मुश्किल शूटिंग करती हूं, तो मेरा शरीर थकान, डिहाइड्रेशन और सनबर्न महसूस करता है, लेकिन आपकी देखभाल, आपका साथ और आपकी मौजूदगी मुझे हर बार आगे बढ़ने की हिम्मत देती है। '





# 'संस्कारों पर टिके रहना चाहिए'





सूरज बड़जात्या ने अपनी आगामी फिल्म 'ये प्रेम मोल लिया' को लेकर बात की। साथ ही उन्होंने बताया कि क्या 'धुरंधर' जैसी फिल्मों के बीच, इस तरह की पारिवारिक फिल्में सफल हो सकती हैं या नहीं... सूरज बड़जात्या ने बतौर निर्देशक अपनी शुरुआत ब्लॉकबस्टर फिल्म 'मैने प्यार किया' से की थी। इसके बाद उनकी दो और फिल्में 'हम आपके हैं कौन' और 'हम साथ-साथ हैं' भी ब्लॉकबस्टर रहीं। लेकिन साल 2003 में सूरज बड़जात्या की पहली फ्लॉप फिल्म 'मैं प्रेम की दीवानी हूं' रिलीज हुई। इसमें पहली बार उनकी फिल्म में सलमान खान नहीं थे। हाल ही में सूरज बड़जात्या ने बताया कि पहली फ्लॉप के बाद क्यों उन्हें लगा कि वो कहीं खो गए हैं। साथ ही उन्होंने 'विवाह' बनाने के पीछे के कारण के बारे में भी बात की।

### हमारी असफलता हमें बहुत कुछ सिखाती है

स्क्रीन स्पॉटलाइट से बात करते हुए सूरज बड़जात्या ने 'मैं प्रेम की दीवानी हूं' को लेकर बात की। उन्होंने कहा कि फिल्म के फ्लॉप होने के बाद ऐसा लगा कि जैसे मैं कहीं खो गया हूं। लेकिन यही वजह है कि मैं प्रेम की दीवानी हूं मेरे दिल के बहुत करीब है। हम सब इंसान हैं। हम सब सीखते हैं। हमारी हर असफलता हमें बहुत कुछ सिखाती है।

## अपारशक्ति ने एक समोसे के लिए तय किया दिल्ली से आगरा का सफर

अभिनेता अक्षय कुमार की सख्त डाइट और फिटनेस से हर कोई वाकिफ है। हाल ही में अभिनेता ने अपने क्विज रियलिटी शो 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' में बताया था कि उन्होंने पिछले 15 सालों से समोसा नहीं खाया है। दूसरी ओर अभिनेता अपारशक्ति खुराना समोसे की तलाश में आगरा जा पहुंचे। दरअसल, अभिनेता ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया। इसमें अभिनेता ने बताया कि उन्होंने आगरा का समोसा खाने के लिए दिल्ली से आगरा तक का सफर तय किया। वीडियो में अपारशक्ति आगरा के मशहूर समोसे का लुत्फ उठाते हुए कहते हैं कि उनका आगरा आना सफल हो गया। इसके बाद उन्होंने उस दुकान की मशहूर छेने की मिठाई भी खाई। उन्होंने वीडियो के साथ लिखा, 'आगरा के पेठे के बाद अब आगरा के समोसे तेरे पीछे तो मैं पूरी तरह से फिदा हो गया हूं। ' अपारशक्ति का यह वीडियो सभी को काफी पसंद आ रहा है। सोशल मीडिया यूजर्स से लेकर अपारशक्ति के दोस्तों ने कमेंट सेक्शन में जमकर प्रतिक्रिया दी। म्यूजिशियन रोचक कोहली ने लिखा, 'आपका कुर्ता अच्छा लग रहा है।' अभिनेत्री दिलजोत ने लिखा, 'हमें भी चाहिए आगरा के समोसे।' जबकि, अभिनेता की पत्नी आकृति अहूजा ने हार्ट इमोजी से प्रतिक्रिया दी। अभिनेता हाल ही में फिल्म 'जब खुली किताब' में नजर आए थे। इस फिल्म में उन्होंने आर.के. नेगी नाम के एक छोटे वकील का किरदार निभाया है। उनका किरदार एक इमोशनल और काम की तलाश में रहने वाले वकील का है, जो पंकज कपूर और डिंपल कपाड़िया के बुजुर्ग जोड़े के तलाक के मामले को संभालता है। यह फिल्म एक ऐसे वृद्ध जोड़े (गोपाल और अनुसूया) की कहानी है, जो पांच दशक साथ रहने के बाद तलाक लेने का फैसला करते हैं, जिससे उनका परिवार हैरान रह जाता है।

## 'कई ट्रायल के बाद फाइनल हुआ लैला का लुक', 'गली' सीरीज के लिए हंसिका मोटवानी ने की कड़ी मेहनत

फिल्म और वेब सीरीज की दुनिया में किसी किरदार को यादगार बनाने के लिए सिर्फ अच्छी एक्टिंग ही काफी नहीं होती, बल्कि उस किरदार का लुक, पहनावा और पूरा व्यक्तित्व भी उतना ही मायने रखता है। दर्शक तभी उस किरदार से जुड़ पाते हैं। इन्हीं सबको ध्यान में रखते हुए अभिनेत्री हंसिका मोटवानी ने भी अपनी आने वाली सीरीज 'गली' की तैयारी की है। उन्होंने अपने किरदार के लिए किए गए ट्रांसफॉर्मेशन को लेकर खुलकर बात की। हंसिका मोटवानी जल्द ही प्राइम वीडियो पर रिलीज होने वाली इस सीरीज में 'लैला' नाम का किरदार निभाती नजर आएंगी। इस किरदार को खास बनाने के लिए हंसिका ने काफी मेहनत की। उन्होंने कहा, ''लैला का लुक तैयार करने में काफी मेहनत लगी। यह एक बार में तय नहीं हुआ, बल्कि इसके लिए कई बार ट्रायल किए गए। इस किरदार में कई अलग-अलग पहलू हैं, इसलिए उसका लुक भी उसी हिसाब से तैयार करना जरूरी था। लगभग 3 से 4 बार अलग-अलग टेस्ट करने के बाद फाइनल लुक तय किया गया।''

हंसिका ने कहा, ''लैला का स्वभाव और उसकी पर्सनैलिटी उसके लुक को तय करने में सबसे अहम भूमिका निभाते हैं। इस किरदार में एक खास नजाकत और तहजीब है, जिसे उसके कपड़ों और स्टाइल के जरिए दिखाना जरूरी था, इसलिए उसके पहनावे को काफी सोच-समझकर डिजाइन किया गया, ताकि वह किरदार के हर पहलू को सही तरीके से दर्शा सके। मेरा मानना है कि किसी भी किरदार की पहचान सिर्फ उसके डायलॉग से नहीं, बल्कि उसके पूरे लुक से बनती है।'' उन्होंने आगे कहा, ''इस पूरे प्रोसेस में टीमवर्क बहुत जरूरी था। मैंने और सीरीज के डायरेक्टर ने मिलकर इस लुक पर काम किया। दोनों के पास अपने-अपने विचार थे। मैंने भी अपने सुझाव दिए और डायरेक्टर ने भी अपनी सोच साझा की, जिन्हें मिलाकर एक ऐसा लुक तैयार किया गया, जो किरदार के साथ पूरी तरह फिट बैठता है।

### 'लोग बुलाते हैं, पर बोलने को मना करते हैं'; फैंस ने की ये अपील

# रणवीर शौरी ने पॉडकास्ट कल्चर पर कसा तंज

**रणवीर** शौरी ने पॉडकास्ट कल्चर को लेकर एक बड़ा खुलासा किया है। उनके इस खुलासे ने एक नई बहस को जन्म दिया है। रणवीर शौरी हाल ही में रजत कपूर की फिल्म 'एवरीबॉडी लव्स सोहराब हांडा' में नजर आए हैं। इसमें उनके साथ विनय पाठक भी प्रमुख भूमिका में दिखाई दिए हैं। फिल्म को क्रिटिक्स से अच्छी प्रतिक्रिया हासिल हुई है। इस बीच रणवीर शौरी ने पॉडकास्ट को लेकर एक पोस्ट किया, जिसके बाद पॉडकास्ट कल्चर को लेकर एक नई बहस छिड़ गई है।

पॉडकास्ट को लेकर वायरल हुई रणवीर



शौरी की पोस्ट

अपनी बात बेबाकी से कहने के लिए मशहूर शौरी ने अपने प्रमोशन के दौरान का एक अनोखा अनुभव साझा किया। उन्होंने पॉडकास्ट को लेकर अपने एक्स पर एक पोस्ट किया। इस पोस्ट में उन्होंने लिखा, 'कुछ लोग मुझसे उम्मीद करते हैं कि मैं किसी नई फिल्म के प्रमोशन के लिए पॉडकास्ट पर आऊं और ज्यादा बात न करूं। इस दुनिया को खुश करना नामुमकिन है।' व्यंग्य से भरी रणवीर की यह टिप्पणी तुरंत वायरल हो गई। इस पर यूजर्स की अलग-अलग प्रतिक्रियाएं सामने आने लगीं। वहीं पॉडकास्ट कल्चर को लेकर भी एक बहस शुरू हो गई।



## 'जाने अनजाने हम मिले' में गौरी अग्रवाल का नेगेटिव किरदार, बोलीं- ये चुनौतीपूर्ण रहा

**टीवी** शो 'जाने अनजाने हम मिले' में कीर्ति का किरदार निभा रही अभिनेत्री गौरी अग्रवाल ने अपने रोल में आए बड़े बदलाव को काफी चुनौतीपूर्ण बताया। शुरुआत में पॉजिटिव और प्यारी लड़की के रूप में दिखाई गई कीर्ति अब पूरी तरह नेगेटिव किरदार में बदल चुकी है। इस बदलाव ने गौरी को अभिनय के नए आयाम सिखाए हैं। गौरी अग्रवाल ने हाल ही में एक इंटरव्यू में बताया कि किरदार में यह बड़ा ट्रांसफॉर्मेशन उनके लिए फिजिकली और इमोशनली दोनों तरह से बहुत डिमांडिंग रहा है। उन्होंने कहा, 'शुरुआत में कीर्ति बहुत पॉजिटिव थी, लेकिन धीरे-धीरे उसका किरदार ग्रे शेड्स में बदलता गया और अब वह पूरी तरह नेगेटिव हो चुकी है। मुझे लगातार खुद को याद दिलाना पड़ता है कि जो कुछ कीर्ति कर रही है, वह उसके किरदार की सोच के अनुसार है, भले ही व्यक्तिगत रूप से मुझे उन कामों को सही ठहराना बहुत मुश्किल लगे। गौरी ने कुछ मुश्किल सीन्स का जिक्र करते हुए बताया, 'कुछ सीन ऐसे थे जहां मेरी अपनी नैतिकता मुझे रोक रही थी।

उन सीन्स को पूरी शिद्दत से करना मेरे लिए भावनात्मक रूप से बहुत कठिन था। एक अभिनेत्री के रूप में मुझे समझना था कि मैं सिर्फ अपने किरदार के सफर को आगे बढ़ा रही हूं। ऐसे सीन इमोशनली और फिजिकली दोनों तरह से काफी चुनौतीपूर्ण रहे, क्योंकि मुझे यह सुनिश्चित करना होता था कि सीन असली लगें, लेकिन किसी भी हद को पार न करें। '

### एली अवराम ने आमिर और शाहरुख को लेकर कही ये बात

# 'बड़े स्टार्स के बारे में गलत है नए एक्टर्स की सोच'

एली अवराम ने फिल्मों में काम करने के अलावा कई आइटम नंबर भी किए हैं, जिनसे उन्हें सुर्खियां मिली हैं। एली पिछले लंबे वक्त से इंडस्ट्री में एक्टिव हैं और इस दौरान उन्हें कई बड़े सुपरस्टार्स के साथ भी काम करने का मौका मिला है। हाल ही में एली अवराम ने स्टार्स के साथ काम करने के अनुभव को साझा किया। साथ ही उन्होंने आमिर खान को लेकर अपनी राय भी रखी और बताया कि उनके साथ काम करने का अनुभव कैसा रहा?

अपने काम को लेकर पेशेवर होते हैं स्टार्स

बॉलीवुड बबल के साथ बातचीत के दौरान एली अवराम ने बड़े स्टार्स के बारे में अपनी राय साझा की। एक्ट्रेस ने बड़े स्टार्स को लेकर कहा कि उनसे मैंने एक बात सीखी है कि वे अपने काम का बहुत सम्मान करते हैं। उनमें बहुत अनुशासन है और वे बेहद विनम्र हैं। यह देखना बहुत अच्छा लगता है कि वे अपने काम के प्रति कितने पेशेवर और समर्पित हैं और फिर भी आगे बढ़ना और बेहतर करना चाहते हैं।

बड़े सितारों के साथ काम करते हुए मैंने जो सबसे अच्छी बात देखी है, वह यह है कि मुझे कभी-कभी लगता है कि नए कलाकारों की इन स्टार्स के व्यवहार के बारे में जो सोच है, वह पूरी तरह गलत है। बड़े स्टार्स बहुत पेशेवर होते हैं, अपने साथ काम करने वालों के प्रति दयालु होते हैं, और वे नखरे नहीं दिखाते या अपनी धौंस नहीं जमाते।

2021 में आई फिल्म 'कोई जाने ना' के गाने 'हर फन मौला' में आमिर खान के साथ काम करने के अनुभव के बारे में भी एली ने बात की। उन्होंने कहा कि आमिर खान एक परफेक्शनिस्ट होने के साथ-साथ बेहद विनम्र भी हैं। वह सबसे बात करते हैं, सबका सम्मान करते हैं। वह आपकी राय की परवाह करते हैं और उस पर विचार भी करते हैं, उसे पूरी तरह से नजरअंदाज नहीं करते।

### शाहरुख खान की बड़ी फैन हूं

एली अवराम ने सलमान खान और आमिर खान के साथ काम किया है, लेकिन उन्हें अभी तक शाहरुख खान के साथ स्क्रीन शेयर करने का मौका नहीं मिला है। हालांकि, शाहरुख से उनकी मुलाकात हो चुकी है। शाहरुख से अपनी पहली मुलाकात को याद करते हुए एली ने कहा कि मैं शाहरुख खान से पहली बार 2013 में एक रियलिटी शो के सेट पर मिली थी। वह वहां जज थे और मैं 'मिक्की वायरस' के प्रमोशन के लिए गई थी।

उन्होंने पोस्टर में मेरे लुक की तारीफ की। यह मेरे लिए एक यादगार पल था, क्योंकि मैं शाहरुख खान की बहुत बड़ी फैन हूं। उनके साथ काम करना मेरे लिए मानो आखिरी मौका है। 'देवदास' पहली पूरी बॉलीवुड फिल्म थी, जो मैंने देखी। मुझे वह फिल्म इतनी पसंद आई कि मैं रो पड़ी, मेरे दोस्त शाहरुख खान के दीवाने हो गए थे। जिस दिन मैं उनके साथ काम करूंगी, स्वीडन में मेरे दोस्तों के लिए वह बहुत बड़ी बात होगी।



राज्य जयपुर टाइम्स

जयपुर, मंगलवार
21 अप्रेल, 2026

# कार्यालय नगर पालिका मण्डल, फुलेरा जिला जयपुर

क्रमांक :- न.पा.फु / 2025-26/147 दिनांक :- 20/04/2026

## -: आम सूचना :

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 सपठित राजस्थान नगर पालिका अधिनियम, 2009 की धारा 337 की उपधारा (4), धारा 339 और 340 में प्रदत्त भाक्तियों का प्रयोग करते हुये नगर पालिका क्षेत्र में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन कार्य को विनियमित करने के प्रयोजनार्थ :-

**(अ) घर-घर कचरा संग्रहण योजना के तहत घर-घर से कचरा एकत्रित करने की नियमानुसार दरें तय की गई है।**

| क्र.स. | उपभोक्ता श्रेणी | सहयोग राशि उपभोक्ता द्वारा प्रतिमाह देय |
|---|---|---|
| 1 | 50 वर्गमीटर क्षेत्र के मकान | 10 रू |
| 2 | 50 वर्गमीटर से 300 वर्गमीटर तक क्षेत्र के मकान | 40 रू |
| 3 | 300 वर्गमीटर से अधिक क्षेत्र के मकान | 50 रू |
| 4 | व्यावसायिक प्रतिष्ठान, दुकान, खान-पान के स्थान ( ढाबा, मिठाई की दुकान, कॉफी हाउस इत्यादि) | 150 रू |
| 5 | गेस्ट हाउस | 250 रू |
| 6 | छात्रावास (Hostel) सरकारी | 250 रू |
| 7 | छात्रावास (Hostel) निजी | 500 रू |
| 8 | रेस्टोरेन्ट (Unstar) | 300 रू |
| 9 | होटल रेस्टोरेन्ट (Unstar) | 500 रू |
| 10 | होटल रेस्टोरेन्ट (3 Star) | 800 रू |
| 11 | होटल रेस्टोरेन्ट (3Star से अधिक ) | 1500 रू |
| 12 | व्यावसायिक कार्यालय, सरकारी कार्यालय, बैंक, बीमा कार्यालय, निजी के अलावा कोचिंग क्लासेज, भौक्षणिक संस्थान इत्यादि | 250 रू |
| 13 | व्यावसायिक कार्यालय, सरकारी कार्यालय, बैंक, बीमा कार्यालय, कोचिंग क्लासेज भौक्षणिक संस्थान इत्यादि (सरकारी) | 250 रू |
| 14 | निजी भौक्षणिक संस्थान | 500 रू |
| 15 | निजी कोचिंग संस्थान | 2000 रू |
| 16 | निजी कोचिंग क्लासेस | 500 रू |
| 17 | क्लीनिक | 500 रू |
| 18 | क्लीनिक, डिस्पेंसरी, लेबोरेटरीज (50 बैड तक | 1000 रू |
| 19 | क्लीनिक, डिस्पेंसरी, लेबोरेटरीज (50 बेड से अधिक) | 2500 रू |
| 20 | लघु व कुटीर उद्योग वर्कशॉप (केवल गैर खतरनाक ) अवशिश्ट 10 कि.ग्रा. प्रतिदिन | 400 रू |
| 21 | गोदाम, कोल्ड स्टोरेज (केवल गैर खतरनाक ) अवशिष्ट | 800 रू |
| 22 | शादी हॉल, उत्सव हॉल प्रदर्शनी एवं मेला 3000 वर्गमीटर क्षेत्रफल तक | 1000 रू |
| 23 | शादी हॉल, उत्सव हॉल प्रदर्शनी एवं मेला 3000 वर्गमीटर क्षेत्रफल से अधिक | 3000 रू |
| 24 | अन्य जो उपर चिन्हित नहीं है। | नगर निकाय के आकलन अनुसार |

उक्त दरों में प्रति तीन वर्ष बाद न्यूनतम् 10 प्रतिशत की वृद्धि होगी ।

**(ब) उपविधियों के उल्लघंन में किए गए कृत्यों के लिए निर्धारित कैरिंग चार्ज**

| क्र.स. | कृत्य | जुर्माना राशि |
|---|---|---|
| 1 | आवासीय भवनों के निवासियों द्वारा रोड गली में कचरा फैलाने (Littering) पर | 50 रू प्रतिदिन |
| 2 | दुकानदारो (Vendor / Hawker ) द्वारा कचरा डालने पर | 250 रू प्रतिदिन |
| 3 | रेस्टोरेन्ट मालिकों द्वारा कचरा खुले में डाले जाने पर | 500 रू प्रतिदिन |
| 4 | होटल मालिकों द्वारा कचरा खुले में डाले जाने पर | 500 रू प्रतिदिन |
| 5 | औद्योगिक प्रतिष्ठान द्वारा कचरा खुले में डाले जाने पर | 1500 रू प्रतिदिन |
| 6 | हलवाई, चाट, पकोड़ी, फास्ट फूड, आईसक्रीम, गन्ने का रस व अन्य ज्यूस, सब्जी, फूट आदि एवं ठेला व्यावसाईयों द्वारा कचरा खुले में डाले जाने पर | 50 रू प्रतिदिन |
| 7 | **सार्वजनिक स्थानों / रोड / गली में गंदगी (Littering) करने पर** | |
| | थूकने पर | 50 रू एक बार |
| | खुले में नहाने पर | 50रू एक बार |
| | खुले में पेशाब करने पर | 50 रू एक बार |
| | खुले में शौच करने पर | 100 रू एक बार |
| | गोबर डालने पर | 1500 रू एक बार |
| 8 | **कचरे का पृथक्कीकरण (Segregation ) भण्डारण (Storage) Delivery ) एवं इक्कठा (Collection) करने में उल्लंघन पर** | |
| | घरों द्वारा कचरे को कचरापात्र में इक्कठा नहीं किये जाने पर | 50 रू प्रतिदिन |
| | बल्क वेस्ट जनरेटर द्वारा कचरे को कचरापात्र में इक्कठा नहीं किये जाने पर | 300 रू प्रतिदिन |
| | बल्क वेस्ट जनरेटर द्वारा जनित्र बायोडिग्रेडेबल वेस्ट को उनके परिसर में उपचारित (Treatment/self composting) नहीं किये जाने पर | 2000 रू प्रतिदिन |
| | बायो डिग्रेडेबल कचरे को पृथक्क से नहीं देने पर | 50 रू प्रतिदिन |
| | 100 व्यक्तियों से अधिक का आयोजन पर आयोजक द्वारा उक्त स्थान पर उत्पन्न कचरे को पृथक्क कर अपशिष्ट संग्रहणकर्ता को नहीं सोपने पर | 1000 तरु प्रति आयोजन |
| | सूखे कचरे को पृथक्क से नहीं देने पर | 50 रू प्रतिदिन |
| | गार्डन वेस्ट या पेडों की छटाई के वेस्ट को नहीं देने पर | 50 रू प्रतिदिन |
| | कचरा जलाने पर | 100 रू प्रतिदिन |
| | दुकानदारों Vendor / Hawkers को बिना कचरापात्र के पाये जाने पर | 150 रू प्रतिदिन |
| | पालतू जानवरों के मालिकों द्वारा पालतू जानवरों से कचरा फैलाने व खुले में शौच कराने पर | 300 रू प्रतिदिन |
| 9 | निजी मकान, दुकान इत्यादि के निर्माण का मलबा निर्माण सामग्री, ईंट, सीमेन्ट, लोहा, पत्थर सरकारी भूमि पर डालने पर | 250 रू प्रतिदिन |
| 10 | निजी ट्रेक्टरों द्वारा बजरी, कचरा, मलबा गोबर इत्यादि परिवहन करते हुये नगर पालिका की सड़कों पर अपनी सामग्री बिखेरने व गंदगी फैलाने पर | 250 रू प्रतिदिन |
| 11 | सरकारी भवनों, चौराहों एवं भाहर चार दिवारी की दीवारों व उनके गेटों पर निजी वाणिज्यक प्रचार-प्रसार हेतु पोस्टर चिपकाने, स्लोगन लिखकर सरकारी दीवारें ऐतिहासिक भवनों की सुन्दरता को खराब करने व बैनर्स लगाने पर उस संस्था के मालिक अथवा मौके पर पाये जाने वाले व्यक्ति से (प्रत्येक कृत्य पर) | 1000 रू प्रतिदिन |
| 12 | बिना सक्षम स्वीकृति के रोडकट करने पर | 1500 रू प्रतिफिट |
| 13 | अपने मकानों का गन्दे पानी का निकास आम सड़क पर करने पर | 1500 रू प्रतिदिन |
| 14 | अपने मकान भवन का सीवरेज कनेक्शन नहीं लेकर सीवरेज की गंदगी आम नाली / नाले में बहाने पर | 1500 रू प्रतिदिन |
| 15 | क्रमांक सं 02 से 06 तक वर्णित व्यावसाईयों द्वारा अपने व्यवसाय स्थल का कचरा एकत्रित रखने के लिए निर्धारित ढक्कनदार कचरा पात्र गीला एवं सूखा कचरे को अलग अलग रखने हेतु आवश्यक क्षमता का नही रखने पर | 1000 रू प्रतिदिन |
| 16 | दुकानदार अथवा ठेला व्यावसाईयों द्वारा सड़क पर बैठकर स्कूटर व साईकल रिपेयरिंग कर आयल, मिटटी व पानी फैलाकर गंदगी करने पर | 500 रू प्रतिदिन |
| 17 | मीट की दुकानों के सामने दुकानदार द्वारा काटे गये जानवरों की हडिडयां मलबा, मलीदा, खून, मुर्गे के पंख, अण्डों के छिलके इत्यादि सड़क व आम रास्तों पर गंदगी फैलाने पर | 2000 रू प्रतिदिन |
| 18 | आम रास्ता, सड़क व मकान के सामने गाय, भैंस, बकरी, कुत्ते, भेड, ऊंट, गंधा, घोडे, सुअर इत्यादि पालतु जानवरों से गंदगी फैलाने पर | 2000 रू प्रतिदिन |
| 19 | विवाह स्थलों द्वारा बाहर कचरा डालने पर | 2000 रू प्रतिदिन |
| 20 | आम रास्ता, सड़क पर खुले में या टेन्ट लगाकर खुलेआम मांस-मछली पकाने व सड़क पर डालने व गंदगी फैलाने पर | 1000 रू प्रतिदिन |
| 21 | सार्वजनिक स्थान, जमीन व सड़क के किनारे बैठकर सब्जियां बेचकर छिलके व अन्य कचरा सड़क पर डालने व गंदगी फैलाने पर | 50 रू प्रतिदिन |
| 22 | हेयर कटिंग सैलून वालों द्वारा आम रास्ता व सड़क पर गंदगी व बाल इत्यादि डालने पर | 100 रू प्रतिदिन |
| 23 | दुकानदारों व व्यावसाईयों द्वारा आम रास्ता, सड़क अथवा दुकानों के सामने खाली सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर भवन सामग्री डालकर व्यवसाय करने पर | 2000 रू प्रतिदिन उपविधियों का लगातार उल्लंघन करने पर अभियोजना भी चलाया जा सकता है । |
| 24 | आम रास्ता, सड़क, फुटपाथ, सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर भोजनालय व ढाबा चलाकर गंदगी फैलाने पर | 250 रू प्रतिदिन |
| 25 | प्राइवेट अस्पताल, नर्सिंग होम, क्लीनिक, दवाखाना इत्यादि द्वारा आम रास्ता सड़क फुटपाथ पर गंदगी फैलाने पर | 1000 रू प्रतिदिन |
| 26 | कन्सट्रक्शन एवं डिमोलिशन वेस्ट को पृथक से इक्कठा नहीं करने पर | |
| | घरेलू उत्पादकों से | 200 रू प्रति डिफाल्ट |
| | अघरेलू उत्पादकों से | 2000 रू प्रति डिफाल्ट |
| 27 | ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 के नियम 4 (6) की अनुपालना नहीं किये जाने पर | |
| | RWAS | 5000 रू प्रतिमाह |
| | मार्केट ऐशोसियेशन | 10000 रू प्रतिमाह |
| 28 | ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 के नियम 4 (7) की अनुपालना नहीं किये जाने पर | |
| | Gated Community | 5000 रू प्रतिमाह |
| | Gated Institution | 10000 रू प्रतिमाह |
| 29 | ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 के नियम 4 (8) की अनुपालना नहीं किये जाने पर | |
| | होटल | 20000 रू प्रतिमाह |
| | रेस्टोरेन्ट | 10000 रू प्रतिमाह |
| 30 | ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 के नियम 17 (2) की अनुपालना सेनेटरी नेपकीन व डायपर्स के निर्माता ब्रान्डधारी द्वारा अवहेलना करने पर | |
| | डिस्पोजेबल मेटेरियल को वापस ग्रहण करने की व्यवस्था नहीं करने पर | 2000 रू प्रतिमाह |
| | निर्माता/ब्रान्डधारी अपने उत्पादों के साथ प्रत्येक सेनेटरी नेपकीन व डायपर्स के निस्तारण के लिये एक पाउच उपलब्ध नहीं कराने पर | 2000 रू प्रतिमाह |
| 31 | संस्थान / व्यावसायिक प्रतिष्ठान द्वारा प्लास्टिक कचरे को बाहर फेंकने पर | 2000 रू प्रतिदिन |
| 32 | व्यक्तियों / घरों तथा दुकानदारों द्वारा प्लास्टिक कचरे को बाहर फेंकने पर | 500 रू प्रतिदिन |
| 33 | प्लास्टिक कचरे जलाने पर | 100 रू प्रतिदिन |
| 34 | प्लास्टिक कैरी बैग का उपयोग करते पाये जाने पर | 50 रू प्रतिदिन |
| 35 | 75 माइकोन से कम के प्लास्टिक बैग / प्लास्टिक उत्पादों के उपयोग / बिकी और भंडारण या गैर बायोडिग्रेबल सिंगल यूज / थो-अवे के उपयोग ब्रिकी / भंडारण पूर्णतया प्रतिबंधित है। | 1000/- |
| 36 | सीवरों और सेप्टिक टैंको की सफाई बिना सुरक्षा गियर के कर्मचारियों द्वारा सफाई करना पूर्णतया प्रतिबंधित है। | नियमानुसार जुर्माना लगेगा |
| 37 | निजी / अनुबंधित डी - स्लजिंग ऑपरेटर यूएलबी के साथ पंजीकृत अनिवार्य है । | नियमानुसार जुर्माना लगेगा |
| 38 | यूएलबी के नालों और / या खूले क्षेत्रों में अनुपचारित मल कीचड डंप करने वाले व्यक्तियों / डी - स्लजिंग ऑपरेटरों के खिलाफ अधिसूचित और जुर्माना वसूला जायेगा । | नियमानुसार जुर्माना लगेगा |
| 39 | 01 जनवरी 2021 के बाद निर्मित सभी सेप्टिक टैंको की IS 2470 (Part 1&2) के तहत् अनुपालना अनिवार्य । | नियमानुसार जुर्माना लगेगा |
| 40 | निर्माण मकान का मलबा व अन्य मलबा सार्वजनिक स्थान पर डालने पर | नियमानुसार जुर्माना लगेगा |

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पालिका, फुलेरा**

# कार्यालय ग्राम पंचायत कोरसीना पंचायत समिति सांभरलेक जिला जयपुर (राज.)

क्रमांकः- ग्रा.पं. कोरसीना / निविदा / लेखा / 2026-24/8 दिनांक 17-4-2026

## ई-निविदा सूचना संख्या 01/2026-27

पंचायत समिति साम्भरलेक के अधीनस्थ ग्राम पंचायत कोरसीना के लिए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गांरटी योजना एवं पंचायतीराज की अन्य समस्त योजनाओं में कराये जाने वाले कार्यों के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए निर्माण सामग्री एंव उपकरणो की आपूर्ति हेतु राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एंव राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 के अनुसार राजस्थान पंचायतीराज नियम 1996 के नियमो के तहत वाणिज्यिक कर विभाग में पंजीकृत ऐसे विनिर्माताओ, विक्रेताओ, आपूर्तिकर्ताओं जो किसी भी राजकीय संस्थान / उपक्रमो से बोली लगाने से विवर्जित / ब्लेक लिस्टेड नही है, से ई-टेन्डरिंग की प्रक्रिया द्वारा निविदाऐ आंमत्रित की जाती है। ई-निविदा में जमा कराये जाने योग्य शुल्को की राशि व जमा करवाने का माध्यम एवं अन्य शर्ते एंव निविदा में सम्पादित करवाये जाने वाले कार्यों की राशि एंव अन्य विस्तृत विवरण पंचायत समिति / ग्राम पंचायत कार्यालय समय में एवं उपापन पोर्टल (www.sppp.rajasthan.gov.in) एवं (www.eproc.rajasthan.gov.in) पर अवलोकन की जा सकती है।

UBIN No. - ZJP2627GLOB00150
TENDER ID - 2026_ PRD_ 552588-1

**प्रशासक**
**ग्राम पंचायत कोरसीना**
**पं.स. साँभरलेक (जयपुर)**

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत कोरसीना**
**पं.स. साँभरलेक (जयपुर)**

## एक महीने से पानी बंदः 1050 घरों के ग्रामीण खारा पानी पीने को मजबूर, आपणी योजना कार्यालय पर प्रदर्शन

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** तहसील की ग्राम पंचायत काकलासर के गांव काकलासर, उदासर बीदावतान और छाजूसर में पिछले एक महीने से आपणी योजना के तहत पानी की सप्लाई ठप है। इससे करीब 1050 घरों के ग्रामीण खारा पानी पीने को मजबूर हैं। समस्या के विरोध में सोमवार को सैकड़ों ग्रामीणों ने सरदारशहर स्थित आपणी योजना कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। राजेंद्रसिंह छाजूसर के नेतृत्व में ग्रामीणों ने करीब एक घंटे तक धरना दिया और सदबुद्धि के लिए भजन-कीर्तन भी किया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि विभागीय अधिकारी जानबूझकर नियमित जलापूर्ति नहीं कर रहे, ताकि टैंकरों से पानी सप्लाई कर भ्रष्टाचार किया जा सके।

ग्रामीणों ने बताया कि घरों में पानी संग्रहण की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने से उन्हें पानी की एक-एक बूंद के लिए तरसना पड़ रहा है। उन्होंने पीएचईडी अधिकारियों को खरी-खोटी सुनाते हुए तत्काल नियमित जलापूर्ति बहाल करने की मांग की।

मौके पर पहुंचे एईएन पवन कुमार ने आश्वासन दिया कि मंगलवार से पानी की सप्लाई शुरू कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि पाइपलाइन में जहां-जहां लीकेज है, उसे ठीक कर पूर्ण क्षमता से जलापूर्ति सुनिश्चित की जाएगी, ताकि भविष्य में समस्या न हो। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि तीन दिन में समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे सरदारशहर-चूरू मुख्य सड़क पर धरना देकर आंदोलन करेंगे।

प्रदर्शन के दौरान धीरूसिंह राठौड़, श्रवणनाथ, पवन कुमार नायक, रणजीतसिंह, श्रवणसिंह, पूर्व सरपंच राजेंद्र चांदेल, तारूनाथ सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## टेंडर में 25, वास्तव में चलते मिले 10 ट्रेक्टर



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** नगरपरिषद के कार्यवाहक आयुक्त व तहसीलदार गिरधारीलाल पारीक ने आज सवेरे शहर का दौरा कर सफाई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। आयुक्त पारीक नया बाजार चौक में सवेरे 5.30 बजे पहुंच गए। इस दौरान आयुक्त पारीक को 29 सफाईकर्मी अनुपस्थित मिले। जिस पर उन्होंने संबंधित सफाई कर्मियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए। साथ ही उन्होंने जमादारों को शहर में जगह - जगह लगे कचरे के ढेर हटाने के निर्देश दिए। कार्यवाहक आयुक्त के अचानक निरीक्षण व लगातार कर्मचारियों को दिए जा रहे नोटिस से नगरपरिषद के कार्मिकों में हड़कंप मच रखा है। इसके अलावा आयुक्त ग्रीन स्पेस पार्क पहुंचे, जहां पर कचरा संग्रहण के लिए लगे ट्रैक्टर की जांच कर सूची मांगी। जिस पर ठेकेदार 10 ट्रैक्टरों की सूची ही आयुक्त के सामने पेश कर पाए। जबकि वर्तमान में 25 ट्रेक्टरों का टेंडर किया हुआ है। इससे समझा जा सकता है कि शहर की सफाई व्यवस्था रामभरोसे ही चल रही है। इसके अलावा आयुक्त ने ठेकेदार से पूछा कि क्या रोज 100 फेरे डंपिंग यार्ड के ट्रेक्टर द्वारा लगा लिए जाते हैं, जिस पर ठेकेदार ने अनभिज्ञता जताई। इसके अलावा ठेकेदार को ट्रेक्टर पर कवर से कचरा ढककर लाने के लिए पाबंद किया गया। इस मौके पर आयुक्त के साथ सफाई निरीक्षक ओमप्रकाश, राजस्व अधिकारी मुन्नालाल मीणा भी मौजूद रहे।

## आरएएस में चयनित प्रतिभाओं का सम्मान



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़ (नि.सं.)।** राष्ट्रीय जाट महासभा राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष धर्मेंद्र कीलक ने हाल ही में आर ए एस परीक्षा परिणाम में जीली गांव के रामरतन बटेसर और सुजानगढ़ की अरूणा जानू का उनके घर जाकर सम्मान किया। इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष धर्मेंद्र कीलक ने दोनों प्रतिभाओं का साफा और दुप्पटा पहना कर अभिनंदन किया। कीलक ने अभिनंदन के पश्चात दोनों चयनित समाज की प्रतिभाओं को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सफलता कठोर श्रम साधना का प्रतिफल हैं। साहित्यकार डॉ. घनश्याम नाथ कच्छावा, बुधाराम गुलेरिया, चुन्नीलाल गोदारा, हरिसिंह जानूं, चंद्रप्रकाश जानूं, गणेशाराम बटेसर, खींवाराम बटेसर, गिरधारी राम बटेसर, प्रेमाराम बटेसर, सरपंच हरदेवाराम बांगड़ा, पंचायत समिति सदस्य प्रेम सिंह भाटी, पीसीसी सचिव पप्पू राम इशरवा, हीर सिंह बिदावत, श्रीकिशन बटेसर, रामनिवास बटेसर, रामस्वरूप बटेसर, बजरंग बटेसर, शिवराज, जगदीश बटेसर आदि उपस्थित रहे। जीली के रामरतन का आरएएस में 87 वीं रेंक और सुजानगढ़ की अरूणा जानू की 334 वीं रेंक पर चयन हुआ हैं।

## अखिल भारतीय सर्वधर्म महासभा रजि.के तंवर राष्ट्रीय संरक्षक व सैनी राष्ट्रीय प्रवक्ता बने





जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** अखिल भारतीय सर्वधर्म महासभा (ट्रस्ट) रजि. के राष्ट्रीय संस्थापक अध्यक्ष इंजीनियर टीकमचंद परिवार ने ट्रस्ट का विस्तार करते हुए ट्रस्ट में राष्ट्रीय संरक्षक व राष्ट्रीय प्रवक्ता पद पर नियुक्ति पत्र जारी किया है। ट्रस्ट की ओर से जारी नियुक्ति पत्र में जयपुर निवासी समाजसेवी भामाशाह व्यवसायी जितेंद्र तंवर को राष्ट्रीय संरक्षक व लक्ष्मणगढ़ निवासी सामाजिक कार्यकर्ता पत्रकार बाबूलाल सैनी को राष्ट्रीय प्रवक्ता पद पर मनोनीत किया गया। दोनों की नियुक्ति पर ट्रस्ट के पदाधिकारियों, सदस्यों ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए बधाई दी है और राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजीनियर परिहार का आभार व्यक्त किया है।

## बिलानाम भूमि से अवैध कब्जा हटाने की मांग

जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** कस्बे के इंदिरा कॉलोनी में प्रगति नगर के सामने स्थित बेशकीमती बिलानाम जमीन पर किए गए अवैध कब्जे को हटाने की मांग को लेकर कस्बेवासियों ने तहसीलदार व नगरपालिका अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि एक पत्रकार की ओर से उक्त भूमि पर चारदीवारी करवा कर एक पक्के कमरे का निर्माण करवाया गया हैं।अवैध कब्जे के कारण सार्वजनिक रास्ते और सरकारी जमीन को नुकसान पहुँच रहा हैं।?अवैध रूप से किए गए कब्जे को शीघ्र हटाने व ?सरकारी भूमि की पैमाइश करवा अतिक्रमण मुक्त करवाए जाने की मांग की गई। ज्ञापन की प्रति जिला कलक्टर भीलवाड़ा को भी प्रेषित की गई।



## भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर दीपों से जगमगाया ब्रह्म बगीची परिसर

जयपुर टाइम्स



**लक्ष्मणगढ़(निस)।** लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट लक्ष्मणगढ़ के तत्वावधान में रविवार को ब्रह्म बगीची में भगवान परशुराम का जन्मोत्सव बड़े ही श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर दीपोत्सव, महा आरती एवं प्रसाद वितरण का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति रही।कार्यक्रम ट्रस्ट के संरक्षक सुभाष जोशी के सानिध्य में आयोजित हुआ। संध्या समय ब्रह्म बगीची परिसर में ट्रस्ट के सभी संरक्षक, पदाधिकारी व कार्यकर्ता एकत्रित हुए और पूरे मंदिर परिसर को दीपों से सजाया गया। देखते ही देखते पूरा परिसर दीपों की रोशनी से जगमगा उठा, जिससे वातावरण अत्यंत मनमोहक और आध्यात्मिक हो गया। दीपोत्सव के पश्चात भगवान परशुराम की विधिवत महाआरती की गई। आरती के दौरान श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से जयकारे लगाए और वातावरण भक्तिमय हो गया। अंत में सभी उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में ट्रस्ट के संरक्षक प्रकाश पासोरिया, रामनिवास शर्मा, दीनदयाल जोशी, गिरधारी लाल जाजोदिया, ट्रस्ट के प्रभारी राजेंद्र कुमार शर्मा, दिव्यांग प्रकोष्ठ प्रभारी कमल कुमावत, रामपाल कुमावत, सुनील कुमार माली, महेश कुमावत, संजय जोशी, ललित पुरोहित, सचिन माटोलिया, संजय शर्मा, रमाकांत मिश्रा, राहुल शर्मा, मोहित शर्मा, दिव्यांशु माटोलिया, कमल शर्मा, सुशील शर्मा, साहित्य ट्रस्ट के सभी संरक्षक पदाधिकारी कार्यकर्ता व नगर के अनेक व्यक्ति उपस्थित रहे।

## 16 मई से जयपुर में मकान सूचीकरण शुरू, 1-15 मई तक स्व-गणना का मौका; प्रशासन ने मांगा जनसहयोग

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** जनगणना 2027 के तहत जयपुर जिले में मकान सूचीकरण व मकानों की गणना का कार्य 16 मई से 14 जून तक किया जाएगा। इससे पहले आमजन को 1 मई से 15 मई तक स्व-गणना (सेल्फ एन्यूमरेशन) की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। जिला प्रशासन ने इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया को सफल बनाने के लिए नागरिकों से सक्रिय सहयोग की अपील की है। प्रमुख जनगणना अधिकारी एवं जिला कलक्टर संदेश नायक ने बताया कि जनगणना देश की एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक प्रक्रिया है, जिसके माध्यम से नागरिकों से संबंधित सामाजिक, आर्थिक व जनसांख्यिकीय आंकड़े एकत्रित किए जाते हैं। इन आंकड़ों के आधार पर सरकार विभिन्न विकास योजनाएं, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, रोजगार और सामाजिक सुरक्षा से जुड़े कार्यक्रमों की योजना बनाती है। उन्होंने बताया कि जयपुर जिले में जनगणना कार्य के लिए कुल 38 चार्ज अधिकारी नियुक्त किए गए हैं, जिनमें 20 तहसीलदार, 2 नगर परिषद आयुक्त और 16 अधिशासी अधिकारी शामिल हैं। जिले की अनुमानित जनसंख्या 35.54 लाख है। इसके लिए 5279 हाउस लिस्टिंग ब्लॉक बनाए गए हैं, जहां 4883 प्रगणक और 793 सुपरवाइजर तैनात किए गए हैं। डिजिटल इंडिया पहल के तहत इस बार जनगणना में डिजिटल तकनीक का व्यापक उपयोग किया जाएगा। प्रगणकों की ओर से डेटा संग्रहण के लिए विशेष मोबाइल एप का उपयोग किया जाएगा। वहीं आम नागरिकों के लिए 1 मई से 15 मई तक वेब पोर्टल के माध्यम से स्व-गणना की सुविधा दी जाएगी। यह पोर्टल हिंदी, अंग्रेजी सहित 14 क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्ध रहेगा। परिवार का कोई भी सदस्य लगभग 15 से 20 मिनट में स्व-गणना की प्रक्रिया पूरी कर सकता है और उसे एक यूनिक आईडी प्राप्त होगी। बाद में प्रगणक की ओर से घर-घर सर्वे के दौरान इस आईडी की पुष्टि कर अंतिम विवरण दर्ज किया जाएगा। जिला कलक्टर ने सभी सरकारी कार्यालयों और अधीनस्थ विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिए हैं कि वे 1 से 15 मई के बीच अधिक से अधिक स्व-गणना सुनिश्चित करें और आमजन को भी इसके लिए प्रेरित करें।

## जनगणना-2027 की तैयारियां तेजः कलेक्टर की बैठक में सभी विभागों को सहयोग के निर्देश

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** जनगणना-2027 के प्रथम चरण को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। सोमवार को जिला कलेक्टर संदेश नायक की अध्यक्षता में जिला स्तरीय जनगणना समन्वय समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई, जिसमें सभी विभागों को प्रगणकों व सुपरवाइजरों को पूर्ण सहयोग देने के निर्देश दिए गए। बैठक में कलेक्टर ने बताया कि जनगणना-2027 के पहले चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 16 मई से 14 जून तक किया जाएगा। इस दौरान फील्ड में काम करने वाले प्रगणकों और सुपरवाइजरों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं हो, इसके लिए विभागवार जिम्मेदारियां तय की गई हैं। पुलिस विभाग को निर्देश दिए गए कि सभी थानों व चौकियों को पत्र जारी कर जनगणना कार्य में लगे कर्मचारियों को फील्ड विजिट के दौरान सुरक्षा और आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाए। वहीं जिला परिषद को ब्लॉक विकास अधिकारियों व ग्राम विकास अधिकारियों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में सहयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। वन्यजीव विभाग को वन क्षेत्रों में जाने वाले प्रगणकों के लिए अनुमति, सुरक्षा और समन्वय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। भीषण गर्मी को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग को प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर मेडिकल किट की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। महिला व बाल विकास विभाग को आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं और आशा सहयोगिनियों के माध्यम से सहयोग सुनिश्चित करने को कहा गया है। वहीं शिक्षा विभाग को भी निर्देशित किया गया कि सभी विद्यालयों के अधिकारी व कार्मिक जनगणना कार्य में लगे कर्मचारियों को पूर्ण सहयोग दें। बैठक में पुलिस विभाग, जिला परिषद, नगर निगम जयपुर, वन्यजीव, स्वास्थ्य, महिला व बाल विकास, शिक्षा विभाग सहित जिला जनगणना सेल के अधिकारी मौजूद रहे।

## गीत, गजल और कविताओं में साकार नवोदित रचनाकारों का सपना

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** जिला मुख्यालय पर टैलेंट विला चूरू के वार्षिकोत्सव पर रविवार को हुए कार्यक्रम को कलाकारों ने यादगार बना दिया। भालेरी रोड़ स्थित ओटीसी रेस्टोरेंट में हुए कार्यक्रम में गीत, गजल और कविताओं की प्रस्तुतियों के जरिए नवोदित रचनाकारों का सपना साकार हुआ। कला और साहित्य को समर्पित इस मंच ने एक वर्ष के इस सफल सफर को मनमोहक प्रस्तुतियों से जीवंत कर दिया। निवर्तमान जिला प्रमुख वंदना आर्य सहित साजिदा, सुरेंद्र, रजनी, सुभाष, शैलेंद्र माथुर, आर्यन, मनीषा पारीक और शौर्य ने गानों की प्रस्तुति देकर कार्यक्रम का आगाज किया। भावना प्रजापत व कुमकुम के काव्य पाठ ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। अरमान की कॉमेडी ने खूब वाहवाही लूटी। मोहन सोनी, रोहिताश घायल, सोयब अली खान, रोहित स्वामी, नवरत्न, मोनिका ने गजल व शायरी की प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। बजरंग कथक और नूर ने वाद्य यंत्रों पर संगत देकर कार्यक्रम को परवान चढ़ाया। चाहत सिंगोदिया, विनोद स्वामी व चार्विक ने अपने अनुभव साझा किए। संस्थापक प्रदीप कथक ने बताया कि मंच का उद्देश्य शहर की छिपी प्रतिभाओं को पहचाना है, जो निरंतर जारी रहेगा। कार्यक्रम में प्रत्येक महीने होने वाले ओपन माइक शो सहित अन्य कार्यक्रमों में सहयोगी रहे साथियों का स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। गीता रावत, पिंटू शर्मा, शीतल सोनी, निरुल शर्मा, संदीप जांगिड़, राहुल, आदित्य सोनगरा, मोनिका, राहुल कांगड़ा, हरिराम चौपड़ा आदि ने कार्यक्रम में सहयोगी भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन पूनम शर्मा व भगवती पारीक श्रीडूंगरगढ़ ने किया। रवि आर्य ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## खाटू में मिला विमंदित व्यक्ति, रतनगढ़ 'अपना घर' आश्रम में मिला सहारा

जयपुर टाइम्स



**रतनगढ़(निस)।** खाटू में सड़क किनारे लावारिस अवस्था में पड़े एक विमंदित व बीमार व्यक्ति को 'अपना घर' आश्रम रतनगढ़ में नया जीवन और सहारा मिला है। आश्रम की टीम ने उसे रेस्क्यू कर यहां लाकर सेवा शुरू की, जिससे एक बार फिर मानव सेवा की मिसाल सामने आई है। जानकारी के अनुसार खाटू दर्शन के लिए आए अपना घर आश्रम बुधपुर (दिल्ली) के सेवासाथी अनिल अग्रवाल ने सड़क किनारे बेहद दयनीय हालत में पड़े इस व्यक्ति को देखा। उन्होंने तुरंत रतनगढ़ आश्रम को सूचना दी। इस पर आश्रम अध्यक्ष डॉ. वी.पी. गोयल के निर्देश पर टीम मौके के लिए रवाना हुई। टीम के अंकित जांगिड़, हेमंत प्रजापत और सुरेश शर्मा ने खाटू पहुंचकर तलाश की तो एक बंद दुकान के आगे कचरे में लगभग नग्न अवस्था में यह व्यक्ति मिला। करीब 40 वर्षीय इस व्यक्ति ने अपना नाम दिनेश बताया, लेकिन वह स्पष्ट रूप से कुछ भी बताने की स्थिति में नहीं था। टीम ने उसे रेस्क्यू कर खाटू श्यामजी थाने में सूचना दी और फिर अपने साथ रतनगढ़ आश्रम लेकर आए। आश्रम में केयरटेकर साथियों ने उसकी साफ-सफाई कर स्नान कराया, दाढ़ी कटिंग की और नए वस्त्र पहनाकर 'प्रभुजी' के रूप में सेवा प्रारंभ की। इस नए सदस्य के शामिल होने के साथ ही आश्रम में निवासरत प्रभुजनों की संख्या बढ़कर 33 हो गई है। निराश्रित, विमंदित और अस्वस्थ व्यक्तियों की सेवा के लिए संचालित इस आश्रम से लगातार सेवाभावी लोग जुड़ रहे हैं। स्थानीय लोग भी जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ और पुण्यतिथि जैसे अवसरों पर आश्रम पहुंचकर प्रभुजनों के साथ समय बिताते हैं और सेवा कर आत्मिक संतुष्टि प्राप्त करते हैं।

## तीन सूत्री मांगों को लेकर धरना शुरू

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** तीन सूत्री मांगों को लेकर कॉमरेड जगदीश नाथ ने जलदाय विभाग के सहायक अभियंता कार्यालय के बाहर धरना शुरू कर दिया है। जगदीश नाथ ने बताया कि टूटी सड़कों का पेच वर्क करवाने, पेयजल किल्लत की समस्या को दूर करने व पाईप लाईन लीकेज की समस्या को दूर करने की मांग को लेकर धरना शुरू किया गया है। धरने पर लोगों ने समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर नारेबाजी की। धरने पर पहले दिन एडवोकेट बनवारीलाल बिजारणिया, एडवोकेट रामकुमार मेघवाल, अंकित तंवर, गोपाल माली, अशोक स्वामी, लालसिंह, बागाराम प्रजापत, शिवलाल जाट, गोविंद जाखड़, रामकुमार जाखड़, प्रहलाद स्वामी, रोहित माली, गजानंद आदि ने शिरकत की। धरने पर बैठे लोगों ने ज्ञापन भी सौंपा।

## शिविर में 67 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** शहर में विप्र फाउंडेशन के तत्वावधान में सोमवार को राजकीय उप जिला चिकित्सालय में भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ राष्ट्रीय सचिव मुकेश रामपूरा, प्रदेश अध्यक्ष धनसुख सारस्वत, प्रदेश उपाध्यक्ष मधुसूदन राजपुरोहित व डॉ चंद्रभान जांगिड़ की ओर से फीता काटकर किया गया। शिविर में युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए कुल 67 यूनिट रक्तदान किया और मानव सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का परिचय दिया। रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करने हेतु इस अवसर पर रक्त वीर सम्मान लोकेश पारीक को प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय सचिव मुकेश रामपूरा, प्रदेश अध्यक्ष धनसुख सारस्वत, प्रदेश उपाध्यक्ष मधुसूदन राजपुरोहित, युवा प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष सुनील मिश्र, जिला उपाध्यक्ष महेन्द्र देरासरी, तहसील अध्यक्ष वैद्य महेन्द्र शर्मा, तहसील महामंत्री राजकुमार गौड़, देहात अध्यक्ष मांगीलाल सेवदा, नगर अध्यक्ष नरेन्द्रसिंह राजपुरोहित, राजेन्द्र तिवाड़ी साहवा, कृष्ण सारस्वत, डॉ चंद्रभान जांगिड़, गिरधारीलाल पारीक, ऋषिकुल आश्रम के अध्यक्ष हुलासमल व्यास, मदनलाल शर्मा, अशोक भोजक, बुलाकी शर्मा, मयंक मोदी, दीपक पांडिया, हंसराज सैनी, राजकुमार सोनी सहित अनेक लोगों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय सचिव मुकेश रामपूरा ने कहा कि विप्र फाउंडेशन का मूल मंत्र स्वजातीय गतिशीलता एवं उन्नत राष्ट्र है और यह संगठन अपने निरंतर सेवा कार्यों के माध्यम से देशभर में विशिष्ट पहचान बना चुका है। प्रदेश अध्यक्ष धनसुख सारस्वत ने सरदारशहर इकाई की सराहना करते हुए कहा कि यहां के कार्यकर्ताओं ने अथक परिश्रम से सेवा क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किए हैं। अष्टदिवसीय सेवा कार्यक्रम व यह रक्तदान शिविर इसके सशक्त उदाहरण हैं। तहसील अध्यक्ष वैद्य महेन्द्र शर्मा ने कहा कि विप्र फाउंडेशन केवल जातीय संगठन नहीं बल्कि सम्पूर्ण समाज को साथ लेकर चलने वाला संगठन है। जो समरस, संस्कारित एवं गतिशील समाज के निर्माण हेतु राष्ट्र सेवा के संकल्प के साथ निरंतर अग्रसर है। युवा प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष सुनील मिश्र ने कहा कि उत्तम चरित्र और सशक्त युवा ही राष्ट्र की सच्ची पूंजी हैं। आपसी सहयोग और समन्वय से ही संगठन और राष्ट्र को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकता है। अंत में तहसील अध्यक्ष वैद्य महेन्द्र शर्मा ने सभी अतिथियों, रक्तदाताओं व सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया ।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।

## दुकानदारों ने प्रशासन से लगाई न्याय दिलाने की गुहार

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय श्री देव सागर सिंघी मंदिर ट्रस्ट की भूमि पर स्थित भैरव प्लाजा के दुकानदारों ने एडीएम, एसडीएम और नगर परिषद आयुक्त को ज्ञापन देकर श्री देवसागर सिंघी जैन मंदिर ट्रस्ट के ट्रस्टियों और बिल्डर की ओर से दुकानदारों के साथ ठगी किए जाने की शिकायत करते हुए समस्याओं का समाधान करने की मांग रखी है। अधिकारियों को दिए ज्ञापन में दुकानदारों ने बताया कि ट्रस्ट की ओर से प्लाजा में दुकान खरीदने वाले दुकानदारों से अमानत राशि के रूप में 7 लाख रुपए और बाद में 75 लाख रुपए अतिरिक्त चार्ज वसूल किया था। जिसकी आज तक कोई रसीद नहीं दी गई। अंडर ग्राउंड में अस्थाई रूप से लगाए गए ट्रांसफर को ऊपर साइड में करवाने का भी वादा किया था, जो पूरा नहीं किया गया। दुकानदारों ने लिखा ट्रस्ट ने आश्वासन दिया था कि मार्केट का काम पूरा होने के बाद नगर परिषद से एनओसी मिलने पर किराया लिया जाएगा। लेकिन अब दुकानदारों से किराया मांग कर उन्हें परेशान किया जा रहा है। दुकानदारों ने बताया उन्हें पता चला है कि कई दुकानों को दो-दो बार बेचा जा चुका है और इस संबंध में कई मुकदमे भी दर्ज हुए हैं। दुकानदारों ने लिखा कि यह प्लाजा बनाने की व्यावसायिक परमिशन भी ट्रस्ट के पास नहीं है। दुकानदारों ने आरोप लगाया कि ट्रस्टियों ने नगर परिषद में गेस्ट हाउस बनाने की परमिशन लेकर व्यावसायिक मार्केट बना लिया। जो कि हमारे साथ धोखाधड़ी की है। दुकानदारों ने अमानत राशि की रसीद दिलाने, बारिश के समय इकट्ठा होने वाले पानी की उचित व्यवस्था करवाने, मार्केट के सामने बनी दुकानों को हटाने, पार्किंग सुविधा विकसित करने, सुलभ शौचालय की व्यवस्था करने, अधूरा निर्माण कार्य पूरा करने और देवस्थान विभाग व नगर परिषद से मिली अनुमति की कॉपी दुकानदारों को उपलब्ध करवाने की मांग रखी। ज्ञापन देने वालों में एडवोकेट विमल गोदारा, कन्हैयालाल, भगवानाराम, पुखराज, चंद्रप्रकाश, चेनाराम, नेमीचंद, लियाकत भाटी, मदनलाल, रामलाल शर्मा, सीताराम, श्यामलाल, सहित बड़ी संख्या में दुकानदार मौजूद रहे।

## सरदारशहर कृषि उपज मंडी में समर्थन मूल्य पर चने की तुलाई

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** शहर के कृषि उपज मंडी में एक बार फिर इन दिनों में किसानों की रौनक देखने को मिल रही है। इस बार क्षेत्र में सरसों और चने की अच्छी उपज हुई है। सरकार की ओर से कृषि उपज मंडी में सरसों और चने की समर्थन मूल्य पर खरीद शुरू कर दी गई है। वहीं चने के भाव समर्थन मूल्य पर ज्यादा मिलने के कारण किसान चने की फसल लेकर आ रहे हैं और समर्थन मूल्य पर बेच रहे हैं। इसी प्रकार सरसों के भाव बाजार में ज्यादा है तो वहीं समर्थन मूल्य पर कम है। इसलिए किसान सरसों को बाजारों में बेच रहे हैं। जिसके चलते समर्थन मूल्य पर एक किसान ने भी सरसों की तुलाई अब तक नहीं करवाई है। क्रय विक्रय सहकारी समिति के सेल्समैन कुलदीप व मेहला ट्रेडिंग कंपनी के ठेकेदार रफीक खान ने बताया कि सरसों के बाजार भाव ज्यादा है इसलिए किसान सरसों के उपज समर्थन मूल्य पर नहीं बेच रहा है। वहीं उन्होंने बताया कि चने की तूलाई के लिए अब तक कुल 850 रजिस्ट्रेशन हुए हैं और अभी भी रजिस्ट्रेशन जारी है। उन्होंने कहा कि 470 टोकन अब तक जारी कर दिए गए हैं। जिनमें से 142 किसानों ने अपने चने की उपज की तुलवाई करवा दी है। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन 50 टोकन राजफेड की ओर से जारी किए जा रहे हैं। जो किसान यहां पर अपने चने की फसल लेकर आ रहा है तुरंत उसके फसल की तूलाई की जा रही है। वहीं किसानों ने बताया कि बाजार में चने के भाव 5000 से 5200 रुपये प्रति क्विंटल तक है और समर्थन मूल्य पर 5875 रुपए प्रति क्विंटल है। इसलिए समर्थन मूल्य पर अच्छे भाव मिल रहे हैं। वहीं किसानों ने कहा कि सरसों के समर्थन मूल्य प्रभाव 6200 रुपये प्रति क्विंटल है।

## महेश बसावतिया को विप्र कल्याण बोर्ड की कमान सौंपने की उठी मांग

जयपुर टाइम्स



**झुंझुनू(निस)।** जिलेभर में विप्र समाज और पुजारी संगठनों की ओर से महेश बसावतिया को विप्र कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष पद पर नियुक्त करने की मांग तेज होती जा रही है। विभिन्न सामाजिक, धार्मिक व विप्र संस्थाओं ने एक स्वर में बसावतिया के नाम का समर्थन करते हुए राज्य सरकार से उन्हें इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपने की अपील की है। पिछले दो दशकों से झुंझुनू जिले की सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभा रहे महेश बसावतिया आज विप्र समाज की पहली पसंद बनकर उभरे हैं। समाज के हर वर्ग में उनकी मजबूत पकड़ और स्वीकार्यता ने उन्हें इस पद के लिए सबसे प्रबल दावेदार बना दिया है। महेश बसावतिया ने विप्र समाज और पुजारी सेवक महासंघ में विभिन्न जिम्मेदार पदों पर रहते हुए संगठन और समाज के बीच सशक्त सेतु का कार्य किया है। उन्होंने विप्र हितों के लिए लगातार संघर्ष करते हुए समाज में एकजुटता को मजबूती प्रदान की है। भारतीय जनता पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता के रूप में बसावतिया ने संगठनात्मक कार्यों के साथ-साथ चुनावी रणनीति, मीडिया प्रबंधन और जनसंपर्क में भी अपनी अलग पहचान बनाई है। लगभग एक दशक तक जिला मीडिया प्रकोष्ठ अध्यक्ष रहते हुए उन्होंने लोकसभा और विधानसभा चुनावों में मीडिया संचालन की अहम जिम्मेदारी निभाई। उनकी रणनीतिक सोच का ही परिणाम रहा कि झुंझुनूं विधानसभा उपचुनाव में पार्टी को उल्लेखनीय सफलता मिली।

### धार्मिक आयोजनों में अहम भूमिका

धार्मिक और सांस्कृतिक क्षेत्र में भी उनका योगदान उल्लेखनीय रहा है। उनके नेतृत्व में आयोजित श्री लक्ष्मी नारायण 108 कुंडीय महायज्ञ को जिले का भव्य आयोजन माना जाता है। इसके अलावा राम मंदिर उद्घाटन समारोह के अवसर पर देशभर के भामाशाहों को जोड़कर उन्होंने आयोजन को व्यापक स्तर पर सफल बनाया।

### हर वर्ग में विश्वास और सम्मान

बसावतिया ने विप्र समाज और पुजारी संगठनों के माध्यम से समाजहित में कई रचनात्मक कार्य किए हैं, जिससे वे आज हर वर्ग में सम्मान और विश्वास के प्रतीक बन चुके हैं।

### सरकार से निर्णायक कदम की अपेक्षा

जिले की विभिन्न सामाजिक, धार्मिक व विप्र संस्थाओं ने राज्य सरकार से मांग की है कि महेश बसावतिया को विप्र कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी जाए, ताकि उनके अनुभव और नेतृत्व का लाभ पूरे प्रदेश के विप्र समाज को मिल सके।

## जमीन विवाद में जान का खतरा: व्यक्ति ने डीजीपी से मांगी सुरक्षा, हमले व कब्जे का आरोप

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** जमीन विवाद को लेकर शहर के एक व्यक्ति ने खुद और अपने परिवार की जान को खतरा बताते हुए पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) जयपुर को पत्र भेजकर सुरक्षा की गुहार लगाई है। स्थानीय स्तर पर सुनवाई नहीं होने का आरोप भी लगाया गया है। पंचायत समिति रोड निवासी गोविंदसिंह पुत्र सवाईसिंह ने दिए ज्ञापन में बताया कि वह गायत्री परिवार शांतिकुंज से जुड़ा धार्मिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है। उसकी रतनगढ़ क्षेत्र में स्थित जमीन का मामला न्यायालय में विचाराधीन है। आरोप है कि कुछ माह पूर्व भरपालसर निवासी ललितसिंह ने जमीन का सौदा किया, लेकिन बाद में विवाद खड़ा कर दिया और उसके परिचित के नाम दर्ज जमीन की सीधे रजिस्ट्री करवा ली। गोविंदसिंह ने बताया कि 15 अप्रैल को जब वह भरपालसर स्थित दूसरी जमीन देखने गया तो एक युवक ने रास्ते में उसकी गाड़ी रोककर वहां दोबारा नहीं आने की धमकी दी। 16 अप्रैल की रात सूचना मिली कि उसकी जमीन पर कब्जा किया जा रहा है। इस पर उसने राजलदेसर पुलिस को सूचना दी, लेकिन आरोप है कि मौके पर उसके साथ मारपीट का प्रयास किया गया और गाड़ी में तोड़फोड़ की गई। पीड़ित ने आरोप लगाया कि उसे लगातार जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। ज्ञापन में आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए उसे व उसके परिवार को सुरक्षा प्रदान करने की मांग की गई है।


## कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता ( परियोजना) जन स्वा. अभि. विभाग खण्ड सरदारशहर

e-mail: eeproj.chu.phed@rajasthan.gov.in

क्रमांक :-अअ / जनस्वा/ निविदा / 2026-27/74 — दिनांक:- 15-4-2026

### ई - निविदा सूचना 06 / 2026-27

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से पी.डब्लू. एफ. एण्ड ए. आर. पार्ट -II अपेडिक्स 16 दिनांक 01.07.1999 से लागू एवं समय - समय पर वित्त विभाग द्वारा जारी संशोधित परिपत्रों (प्रकाशन दिनांक तक) के अनुरूप विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के विभागों में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदको एवं संबंधित कार्यों में अनुभव रखने वाली फर्मों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं । निविदा फार्म ऑन लाईन वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in से कॉलम संख्या 06 में अंकित तिथि तक सांय 6.00 बजे तक डाउनलोड / अपलोड किए जा सकते हैं । वैब साईट पर तकनीकी बिड कॉलम संख्या 07 में अंकित तिथि को इस कार्यालय में प्रातः 02.00 पी.एम. पर खोली जावेगी। यदि किसी कारणवंश उस दिन अवकाश रहता है, तो उसके अगले कार्य दिवस को उसी समय पर तकनीकी बिड खोली जावेगी ।

निविदा शुल्क / धरोहर राशि निविदादाता द्वारा ई-ग्रास के माध्यम से DDO Code 4836 XEN Project Div SARDARSHAHR Budget Head लोक निर्माण कार्य जमा 8443-00 108-00-00 एवं निविदा शुल्क (through e-GRAS Challan (website http://egras.raj.nic.in) in favour of DDO Code 4836-X.EN Project Div SARDARSHAHR Budget Head निविदा शुल्क प्राप्ती 0075-00-800-52-01) के अन्तर्गत जमा करवाया जावेगा, ई-टेण्डरिंग प्रकिया शुल्क रूपये 50.00 लाख तक 500 /- रू. 50.00 लाख से 100.00 तक 1500/- 100.00 लाख से 500.00 लाख तक रू. 2000/- तथा 500.00 लाख से अधिक रू.2500/- का का द्वारा ई-ग्रास के माध्यम से जमा करवाकर भौतिक रूप कालम से. 07 मे अंकित दिनांक को प्रातः 11.00 बजे तक इस कार्यालय मे जमा करवाना आवश्यक है। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल (DSC) हस्ताक्षर के माध्यम से वैब साईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर फर्म को रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है ।

| निविदा संख्या | कार्य का नाम | अनुमानित लागत ( राशि लाखों मे) | धरोहर राशि ( राशि लाखों मे) | निविदा शुल्क (राशि रूपयो मे) | निविदा डाउनलोड/ अपलोड करने की तिथि | तकनीकी बिड खोलने की तिथि | कार्यपूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 18/ 25- 26 | Work of maintaining power factor and Hiring of power capacitor for various electric connections (Pump House Tube Well Open Wells etc under the jurisdiction of Div Sardarsahar. UBN is PHE2526WSRC00362 Date 15.4.2026 | 30.00 | 60000 | 500 | 4.5.2026 | 5.5.2026 | 03 Year |

नोट :- निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण एवं अन्य शर्ते निम्नलिखित वैब साईट पर देखी जा सकती है।
1- http://eproc.rajasthan.gov.in 2- sppp.rajasthan.gov.in 3- www.dipronline.org
निविदा में निर्धारित दिनांक तक नवीनतम पुर्नावलोकन रजिस्ट्रेशन होना आवश्यक है। शर्त सहित निविदा मान्य नहीं होगी, निविदा विक्रय / प्राप्ति / खोलने की तिथि को अवकाश होने पर अगला कार्य दिवस गाना जावेगा । निम्न हस्ताक्षरकर्ता को किसी भी निविदा या सभी निविदाओं को बिना कारण बतायें निरस्त करने का पूर्ण अधिकार रहेगा ।

**प्रकृति का अनुपम उपहार**
**स्वच्छ जल का सबको उपहार**

**(रामदेव पारीक)**
**अधिशाषी अभियन्ता ( परियोजना) जन स्वा.अभि. विभाग, खण्ड सरदारशहर**

DIPR/C/7015/2026

## कार्यालयः- सदस्य सचिव, राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी, राजकीय डी.बी. सम्बद्ध चिकित्सालय वर्ग, चूरू

Email- msdbhchuru@gmail.com — Phone: -01562-250333
क्रमांकः- लेखा/निविदा/2026/157 — दिनांकः- 15,4,26

### -: निविदा आमंत्रण सूचना :-

इस चिकित्सालय को निम्न विवरणानुसार से सामग्री क्रय / वार्षिक दर संविदा / अनुबन्ध किये जाने हेतु इच्छुक निविदादाताओं यथा - विर्निमाताओं/ अधिकृत फर्मों/ डीलरों / बोनाफाइड डीलर्स आदि से दरें आमंत्रित की जाती है। बोली संबंधी विस्तृत विवरण एवं शर्ते वैबसाईट sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

| क्र.सं. | निविदा सामग्री का विवरण | अनुमानित राशि | प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | UBN No. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | एसी रिपेयरिंग कार्य | 9.90 लाख | 25-05-2026 | MHS2627GSRC00205 |

**सदस्य सचिव (RMRS)**
**राजकीय डी. बी. सम्बद्ध चिकित्सालय वर्ग, चूरू**

DIPR/C/7037/2026

राजस्थान सरकार

## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता एवं पदेन परियोजना प्रबंधक वाटरशेड सेल कम डाटा सेन्टर, चूरू

**(जिला परिषद परिसर, चूरू- 331001)**

E-mail- sewdsc.churu@rajasthan.gov.in, — Phone: 01562-254494
क्रमांक : एफ1()/31.31/डब्ल्यूसीडीसी / लेखा / 2026-27/65-68 — दिनांक :13/4/26

### ई-निविदा सूचना संख्या - 03 / 2026-27

राजस्थान राज्यपाल महोदय की ओर से प्रधानमंत्री कृषि सिचाई योजना 2.0 के तहत स्वीकृत परियोजना क्षेत्र में करवाये जाने वाले विभिन्न कार्य हेतु जिला चूरू में स्वीकृत कार्यों हेतु राजस्थान 'लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 के अनुसरण में राज्य सरकार के सार्वजनिक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, जन स्वा. एवं अभि. विभाग, सिचिंत क्षेत्र विकास एवं केन्द्रीय सरकार के अभियांत्रिकी विभाग में पंजिकृत सक्षम श्रेणी के संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के विभिन्न सक्षम श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया द्वारा दिनांक 24.04.2026 को सांय 05.00 बजे तक ऑन लाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। कार्य का विस्तृत विवरण http//sppp.rajasthan.gov.in, http// eproc. rajasthan.gov.in वेबसाईट पर देखा जा सकता है ।

NIB CODE- WSC2627A0073
UBN NO :-
WSC2627GSOB00107
WSC2627GSOB00108
WSC2627GSOB00109
WSC2627GSOB00110

**(रमेश कुमार मीणा)**
**अधीक्षण अभियन्ता एवं परियोजना प्रबंधक**
**वाटरशेड सेल कम डाटा सेन्टर, चूरू**

DIPR/C/7023/2026

राजस्थान सरकार

## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता एवं पदेन परियोजना प्रबंधक वाटरशेड सेल कम डाटा सेन्टर, चूरू

**(जिला परिषद परिसर, चूरू- 331001)**

E-mail- sewdsc.churu@rajasthan.gov.in, — Phone: 01562-254494
क्रमांक : एफ1()/31.31/डब्ल्यूसीडीसी / लेखा / 2026-27/69-73 — दिनांक :13/4/26

### ई-निविदा सूचना संख्या - 04 / 2026-27

राजस्थान राज्यपाल महोदय की ओर से प्रधानमंत्री कृषि सिचाई योजना 2.0 के तहत स्वीकृत परियोजना क्षेत्र में करवाये जाने वाले विभिन्न कार्य हेतु जिला चूरू में स्वीकृत कार्यों हेतु राजस्थान 'लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 के अनुसरण में राज्य सरकार के सार्वजनिक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, जन स्वा. एवं अभि. विभाग, सिचिंत क्षेत्र विकास एवं केन्द्रीय सरकार के अभियांत्रिकी विभाग में पंजिकृत सक्षम श्रेणी के संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के विभिन्न सक्षम श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया द्वारा दिनांक 24.04.2026 को सांय 05.00 बजे तक ऑन लाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। कार्य का विस्तृत विवरण http//sppp.rajasthan.gov.in, http// eproc. rajasthan.gov.in वेबसाईट पर देखा जा सकता है ।

NIB CODE- WSC2627A0074
UBN NO :-
WSC2627GLOB00111
WSC2627GSOB00112
WSC2627GLOB00113
WSC2627GSOB00114
WSC2627GLOB00115

**(रमेश कुमार मीणा)**
**अधीक्षण अभियन्ता एवं परियोजना प्रबंधक**
**वाटरशेड सेल कम डाटा सेन्टर, चूरू**

DIPR/C/7024/2026

राजस्थान सरकार

## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता एवं पदेन परियोजना प्रबंधक वाटरशेड सेल कम डाटा सेन्टर, चूरू

**(जिला परिषद परिसर, चूरू- 331001)**

E-mail- sewdsc.churu@rajasthan.gov.in, — Phone: 01562-254494
क्रमांक : एफ1()/31.31/डब्ल्यूसीडीसी / लेखा / 2026-27/74-77 — दिनांक :13/4/26

### ई-निविदा सूचना संख्या - 05 / 2026-27

राजस्थान राज्यपाल महोदय की ओर से प्रधानमंत्री कृषि सिचाई योजना 2.0 के तहत स्वीकृत परियोजना क्षेत्र में करवाये जाने वाले विभिन्न कार्य हेतु जिला चूरू में स्वीकृत कार्यों हेतु राजस्थान 'लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 के अनुसरण में राज्य सरकार के सार्वजनिक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, जन स्वा. एवं अभि. विभाग, सिचिंत क्षेत्र विकास एवं केन्द्रीय सरकार के अभियांत्रिकी विभाग में पंजिकृत सक्षम श्रेणी के संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के विभिन्न सक्षम श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया द्वारा दिनांक 24.04.2026 को सांय 05.00 बजे तक ऑन लाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। कार्य का विस्तृत विवरण http//sppp.rajasthan.gov.in, http// eproc. rajasthan.gov.in वेबसाईट पर देखा जा सकता है ।

NIB CODE- WSC2627A0075
UBN NO :-
WSC2627GSOB00118
WSC2627GLOB00119
WSC2627GLOB00120
WSC2627GLOB00121

**(रमेश कुमार मीणा)**
**अधीक्षण अभियन्ता एवं परियोजना प्रबंधक**
**वाटरशेड सेल कम डाटा सेन्टर, चूरू**

DIPR/C/7026/2026

## कार्यालय ग्राम पंचायत साडंवा पंचायत समिति बीदासर

क्रमांक- 12-18 — दिनांक:- 17.4.2026

### निविदा सूचना संख्या02 (वित्तीय वर्ष 2026-27)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत साडंवा के अधीनस्थ ग्रामों में वित्तीय वर्ष 2026-27 में घर एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से कचरा संग्रहण एवं पृथक्ककरण, गांवों की सड़क एवं नालियों की सफाई कार्य तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई कार्य की सेवाओं हेतु इच्छुकजी.एस.टी.पंजीकृत निविदादाताओं / फर्मों से निविदाएँ आमन्त्रित की जाती है । निविदा फार्म / शर्तें कार्यालय में तथा SPPP पोर्टल पर उपलब्ध है।

| क.सं. | बोली का विवरण | अनुमानित लागत राशि (रुपये में) | बोली प्रतिभूति राशि (रुपये में) | बोली प्रपत्र शुल्क (रुपये में) | बोली प्रमन्त्र डाउनलोड करने की दिनांक व समय | निविदा शुल्क व धरोहर राशि जमा करने की दिनांक व समय | बोली खोलने की दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | ग्राम पंचायत साडंवा के समस्त गावों में हेतु घर-घर आवासीय एवं व्यवसायिक से कचरा संग्रहरण एव पृथक्ककरण, सड़क दूकानों के आगे सफाई व नाली की सफाई तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई सहित कार्य | 999151 | 20000 | 200 | दिनांक 20.4.2026 से साथ 06.00 बजे से दिनांक 27.4.2026 दोपहर 12.00 बजे तक | दिनांक 27.4.2026 समय 02.00 बजे | दिनांक 27.4.2026 साम 04:00 बजे |

NIBNO- ZCR2627A0107 UBN. is- ZCR2526SSOB00206

1. निविदा प्रपत्र कार्यालय ग्राम पंचायत कार्यालय से व्यक्तिशः अथवा http//sppp.rajasthan.gov.in पोर्टल से डाउनलोड किया जा सकता है। साथ ही निविदा शुल्क, अमानत राशि का डी. डी. / बैंकर चैक एवं अन्य वांछित दस्तावेज निविदा के साथ संलग्न करने होंगे।
2. निविदा आमंत्रण की विस्तृत सूचना मय बोली दस्तावेज ग्राम पंचायत साडंवा कार्यालय से व्यक्तिशः अथवा राजस्थान राज्य लोक उपापन पोर्टल http//sppp.rajasthan.gov.in पर भी देखा व प्राप्त किया जा सकता है।
3. निविदा प्रपत्र शुल्क व अमानत राशि का डी.डी. / बैंकर चैक प्रशासक ग्राम पंचायत साडंवा के नाम बनाना होगा ।
4. किसी निविदा को स्वीकार / अस्वीकार करने या किसी बोली को निरस्त करने का उपापन समिति का अधिकार सुरक्षित है।
5. बोलीदाता / संवेदक बंद लिफाफे पर ग्राम पंचायत साडंवा का नाम लिखकर एवं टेण्डर की कॉपी नियमानुसार कार्यालय ग्राम पंचायत साडंवा कार्यालय में जमा करावें ।

**विशेष नोटः-**

1. किसी कॉलम को खाली छोड़ने का तात्पर्य उस सूचना को शून्य माना जावेगा। फर्म के जीएसटी रजिस्ट्रेशन दिनांक 31.03.2026 तक का जी.एस.टी बिक्री कर चुकता प्रमाण पत्र आयकर विभाग के पैन कार्ड संलग्न करना आवश्यक है।
2. तकनिकी निविदा अमानत राशि का डी. डी. सभी वांछित प्रमाण-पत्र व निविदा की हस्ताक्षरित प्रति एक लिफाफें में जिस पर 'अ लिखा हो रखी जानी चाहिए।' वितीय निविदा प्रपत्र-ब' पृथक दूसरें बंद लिफाफे में रखा जाना चाहियें। 'तकनिकी निविदा प्रपत्र अ' तथा वितीय निविदा प्रपत्र - ब दोनों लिफाफे एक बड़े लिफाफे में रखें जावेगें काय का नाम सभी लिफाफों पर अंकित करे।

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत साडंवा**
**पंचायत समिति बीदासर**

**प्रशासक**
**ग्राम पंचायत साडंवा**
**पंचायत समिति बीदासर**

## मिनी स्टेशनरी बैंक से 20 जरूरतमंद विद्यार्थियों को शिक्षण सामग्री वितरित



जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निस)।** शहर के निकटवर्ती ग्राम सिमसिया पुरोहितान स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में जरूरतमंद विद्यार्थियों को शिक्षण सामग्री वितरित की गई। यह सामग्री पर्यावरण प्रेमी अमरसिंह किशनावत व मनीषा चारण के आर्थिक सहयोग से उपलब्ध करवाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक सुरेन्द्र कुमार एचरा ने की। उन्होंने बताया कि शिक्षक दंपति के सौजन्य से विद्यालय में मिनी स्टेशनरी बैंक की शुरुआत की गई है, जिसके माध्यम से 20 जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को शिक्षण सामग्री वितरित की गई। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ना और उन्हें आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम का संचालन संजय कुमार ने किया। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा। अंत में विद्यालय परिवार की ओर से शिक्षक दंपति का आभार व्यक्त किया गया।

## भाटी जिला उपाध्यक्ष बने

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निस)।** जिला कांग्रेस कमेटी के खेल प्रकोष्ठ के अध्यक्ष राजेश सिंह बड़सरा ने मण्डावा निवासी तैयूब अली भाटी को जिला उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया है। भाटी खेल प्रकोष्ठ व कांग्रेस पार्टी के हित में निरंतर कार्य करेंगे और कांग्रेस की विचारधारा को आगे बढ़ाने का कार्य करेंगे। भाटी की नियुक्ति पर कांग्रेसजनों ने खुशी जाहिर की है।

## शौर्य व संकल्प दिवस को सफल बनाने के लिए जनसंपर्क



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** लेफ्टिनेंट जनरल सगत सिंह राठौड़ की पूर्ति अनावरण समारोह शौर्य दिवस और वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में संकल्प दिवस आगामी 22 अप्रेल को सुबह साढ़े दस बजे कृषि उपज मंडी, चूरू में आयोजित किया जाएगा। समारोह को सफल बनाने के लिए अलसीसर के पूर्व प्रधान गिरधारीलाल खीचड़की अगुवाई में भाजपा कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों मण्डावा क्षेत्र के गांव निराधनू , जाबासर, धनूरी सहित दर्जनभर गावों का दौरा कर ग्रामीणों से जनसर्पक कर आयोजित कार्यक्रम में अपनी हिस्सेदारी सुनिश्चित कर कार्यक्रम को सफल बनाने का आव्हान किया है। निराधनूं में आयोजित जन संपर्क के दौरान बजरंग धाबाई, करणी सिंह, इकबाल, विद्याधर खीचड़ रफीक खान, मदन लाल, ओम प्रकाश व सुरेन्द्र सिंह शेखावत सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

## मूक-बधिर विवाहिता से दुष्कर्मः आरोपी को आजीवन कारावास

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** 30 वर्षीय मूक-बधिर विवाहिता के साथ दुष्कर्म के मामले में न्यायालय ने सोमवार को महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अपर लोक अभियोजक डॉ. जयकांत बिंवाल ने बताया कि घटना 29 मार्च 2021 की है। पीड़िता खेत में बनी ढाणी से गांव की ओर लौट रही थी, तभी रास्ते में गोलसर निवासी विनोद कुमार सांसी ने उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना के बाद पीड़िता की 68 वर्षीय मां ने उसी दिन पुलिस थाने में मामला दर्ज करवाया। प्रकरण की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने न्यायालय में 16 गवाह और 16 दस्तावेज पेश किए। सभी पक्षों की बहस पूरी होने के बाद अपर जिला व सेशन न्यायाधीश सुरेंद्र कौशिक ने फैसला सुनाया। न्यायालय ने आरोपी को धारा 376 के तहत आजीवन कारावास व 5 हजार रुपए के अर्थदंड तथा धारा 324 के तहत 3 वर्ष के साधारण कारावास और 1 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। मामले में सरकार की ओर से अपर लोक अभियोजक डॉ. जयकांत बिंवाल ने प्रभावी पैरवी की।

## माता जी के मंदिर में चोरी

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़ (नि.सं.)।** शहर में लगातार मंदिरों में चोरी की घटनाएं सामने आ रही हैं। शनिवार को दुलिया बास में स्थित माता जी मंदिर में दिनदहाड़े अज्ञात चोर मंदिर से चांदी के छत्र व चांदी की थाली चुरा ले गए। घटना को लेकर वार्ड के विनोद खटीक ने कोतवाली थाने में मामला भी दर्ज कराया। पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया गया है कि अज्ञात चोर मंदिर से छत्र, कलश, चम्मच, थाली, गिलास चुरा कर ले गए। चोरी हुए चांदी के सामान का वजन करीब डेढ़ किलो बताया जा रहा है।

## अतिक्रमण हटाने की मांग

**जयपुर टाइम्स/सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय वार्ड न. 13 के निवासी सद्दाम तैली ने नगरपरिषद आयुक्त के एक ज्ञापन सौंपकर बताया है कि मेरा निवास बंगाली बाबा के तकिये के पास है। मेरे घर के दक्षिणी तरफ आम गली है, जो पिछले काफी सालों से है। वर्तमान में इसी गली में रहने वाले राशिद मलवाण व जावेद भाटी ने नगरपरिषद की परमिशन के बिना ही मकानों का निर्माण करवा लिया है और आम गली पर लोहे का गेट लगाकर अतिक्रमण कर लिया है। ज्ञापन में बताया गया है कि उक्त लोग रास्ते की भूमि को अपनी भूमि में मिलाना चाहते हैं, अतः मामले में नियमानुसार कार्यवाही की अतिक्रमण हटाया जाए।

# बाल विवाह संबंधी कानूनी जानकारी देकर किया जागरूक

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चूरू और तालुका अध्यक्ष डॉ नरेंद्र सिंह राठौड़ के निर्देशन में सरदारशहर तालुका स्तर पर अभियान के अंतर्गत बाल विवाह निषेध को लेकर निरंतर जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में रोडवेज बस स्टैंड सहित श्री राजेन्द्र विद्यालय में विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रमों में पीएलवी नेहा चौहान, शिक्षिका सरोज कंवर व रितेश चौहान सहित अन्य उपस्थितजनों की ओर से आमजन व विद्यार्थियों को सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान बाल विवाह निषेध विषय को विशेष रूप से प्रमुखता दी गई। वक्ताओं ने बताया कि बाल विवाह एक गंभीर सामाजिक एवं कानूनी अपराध है जो बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा व भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। कानून के अनुसार 18 वर्ष से कम आयु की लड़की एवं 21 वर्ष से कम आयु के लड़के का विवाह कराना दंडनीय अपराध है। विशेष रूप से अक्षय तृतीया के अवसर पर होने वाले बाल विवाहों पर रोक लगाने की




आवश्यकता पर बल देते हुए बताया गया कि इस दिन परंपरागत रूप से होने वाले बाल विवाहों को रोकना समाज व प्रशासन की संयुक्त जिम्मेदारी है। यह भी अवगत कराया गया कि बाल विवाह में केवल माता-पिता ही नहीं, बल्कि इसमें शामिल सभी व्यक्ति रिश्तेदार, सहयोगी अथवा अन्य भी कानूनी रूप से दोषी माने जाते हैं और उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा सकती है। कार्यक्रमों के दौरान उपस्थित लोगों को बाल विवाह के दुष्परिणामों, इसके सामाजिक एवं कानूनी प्रभावों तथा इससे बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही आमजन को प्रेरित किया गया कि वह अपने आसपास होने वाले किसी भी बाल विवाह की सूचना तुरंत संबंधित अधिकारियों या चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर दें ताकि इस कुरीति पर प्रभावी रोक लगाई जा सके। इस पहल का मुख्य उद्देश्य समाज में बाल विवाह जैसी कुरीतियों के प्रति जागरूकता फैलाना तथा लोगों को जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करना है।

# जल संरक्षण को लेकर स्कूल के विद्यार्थियों को किया जागरूक

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना के अधिशासी अभियंता मनोज कुमार मित्तल के निर्देशानुसार सोमवार को सुरज पब्लिक स्कूल में जल संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सामुदायिक जागरूकता इकाई के बाबूलाल ने बताया कि जल है तो कल है। इसके बाद भी जल बेवजह बर्बाद किया जाता है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि जल-संकट का समाधान जल के संरक्षण से ही है। हम हमेशा से सुनते आये हैं जल ही जीवन है। जल सरंक्षण हमारा दायित्व ही नहीं कर्तव्य भी है। पानी को किसी भी तरह बर्बाद नहीं करें। आवश्यकतानुसार ही जल का उपयोग करें, पानी की एक एक बून्द बचाएं, आज की बचत कल का भविष्य है तथा आप इसमें सहयोग करें और अपने परिवार वालों से भी सहयोग के बारे में कहे। कार्यक्रम मे पानी के सरंक्षण पर बोलते हुए बाबू



लाल ने बताया की जल ही जीवन है जल के बिना जीवन संभव नहीं है। जीवन के सभी कार्यो का निष्पादन करने के लिए जल की आवश्यकता होती है, फर्श को पाइप से धोने की बजाय पोछे से साफ करें, सेविंग करते वक्त नल को खुला ना छोड़े, मग में पानी लेकर सेव करे, टपकते नलों तुरन्त ठीक करावे, शावर से नहाने की बजाय बाल्टी व मग का उपयोग करें, आरओ के शेष पानी को फर्श व गाड़ी धोने में उपयोग करें, नल चालू करके कपड़े व बर्तन ना धोए। इस प्रकार की छोटी छोटी आदतों से बहुत सारा पीने वाला पानी बचाया जा सकता है जो आज की बचत और कल का भविष्य है और इसमें बच्चे अपना अहम रोल निभा सकते है। इसलिए अब समय आ गया है हम सब को आगे आकर पानी को बचाने के उपाय करने होंगे। जिससे कि जल संरक्षण के प्रति आमजन की सहभागिता सुनिश्चित की जा सके। साथ ही विद्यार्थियों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई। जागरूकता कार्यक्रम में विद्यालय परिवार के शिक्षक व पवन सिंह ने सहयोग प्रदान किया।

# जनगणना ड्यूटी व ग्रीष्मावकाश मुद्दे पर शिक्षकों का प्रदर्शन, सीएम के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** जनगणना कार्य से बिना अनुमति ड्यूटी हटाने और ग्रीष्मकालीन अवकाश पूर्व की भांति रखने की मांग को लेकर सोमवार को शिक्षकों ने विरोध प्रदर्शन किया। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उपशाखा के बैनर तले संघ अध्यक्ष निलेश इंदौरिया के नेतृत्व में बड़ी संख्या में शिक्षक उपखंड कार्यालय पहुंचे और नारेबाजी करते हुए मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम मिथिलेश कुमार को ज्ञापन सौंपा।
ज्ञापन में पंचायत शिक्षकों को बिना अनुमति जनगणना ड्यूटी से हटाने पर कड़ा विरोध जताया गया। शिक्षकों ने मांग की कि पंचायत शिक्षकों को पुनः जनगणना कार्य में शामिल किया जाए। साथ ही ग्रीष्मावकाश पूर्व की तरह 30 जून तक रखने, संस्था प्रधान द्वारा घोषित वर्ष में दो अवकाश



यथावत रखने और 1 मार्च से स्कूलों का समय सुबह 7:30 से दोपहर 1 बजे तक करने की मांग की गई। इसके अलावा आरजीएचएस योजना की खामियों को दूर कर पेंशनरों एवं शिक्षकों को राहत देने की भी मांग उठाई गई। एसडीएम मिथिलेश कुमार ने शिक्षकों की समस्याएं सुनते हुए ज्ञापन को उच्चाधिकारियों तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। ज्ञापन की प्रतिलिपि शिक्षा मंत्री, चिकित्सा मंत्री और जिला कलेक्टर को भी भेजी गई है। इस दौरान संघ के मंत्री जगनाराम सोडा, सभाध्यक्ष पंकज पीपलवा, कोषाध्यक्ष डॉ. ओमप्रकाश महर्षि, वरिष्ठ शिक्षक नेता मनोज सारस्वत, बनवारीलाल जांगिड़, अशोक शर्मा, श्रीराम मनोहर, बीरबल थोरी, श्रीभगवान सुथार, दीपचंद शर्मा, राजेश कौशिक, जयप्रकाश नारायण, विशाल शर्मा, महेश शर्मा, शिवचंद्र भूषण, विवेक, ओमप्रकाश पुजारी, सोमप्रकाश जोशी, चेतनसिंह, विपुल राजवंशी, दिनेश चोटिया, सुभाष बाकोलिया, भूराराम शर्मा, मयंक, पुरुषोत्तम, विवेक कौशिक, नरेंद्र मंडार, चंद्रप्रकाश, रविप्रकाश, पुरुषोत्तम शर्मा सहित बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।

## लाइब्रेरी का संचालन करने की मांग

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** नगरपरिषद आयुक्त के नाम एटीपी उदयसिंह को सोहिल गोपालपुरिया ने ज्ञापन सौंपकर गांधी चौक स्थित लाइब्रेरी को चालू करवाए जाने की मांग की है। ज्ञापन में सोहिल ने बताया है कि सुजानगढ़ के मुख्य गांधी चौक में लाइब्रेरी बंद पड़ी है, जिस ओर प्रशासन का ध्यान नहीं जाता। अतः इस लाइब्रेरी को जल्द से जल्द सुचारू रूप से संचालित करवाया जाए।

## पीपल पूर्णिमा पर बाल विवाह रोकने के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** पीपल पूर्णिमा आदि अबूझ सावों को मध्यनजर रखते हुए बाल विवाह रोकथाम के लिए पुलिस एवं प्रशासन ने तैयारी कर ली है। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने संबंधित अधिकारियों को बाल विवाह रोकथाम के लिए प्रभावी कार्यवाही करने के लिए कार्ययोजना जारी करते हुए निर्देश जारी किए है। बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक देवेन्द्र सिंह जांगल ने बताया गया है कि बाल विवाह रोकथाम के लिए जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष जिला कलेक्ट्रेट के कमरा नंबर 51 में संचालित किया जा रहा है। जिसका दूरभाष नंबर 05642-220033 है। उन्होंने बताया कि नियंत्रण कक्ष 24 घंटे सक्रिय रहेगा। साथ ही चाइल्ड हेल्प लाईन नंबर 1098, पुलिस हेल्प लाईन नंबर 100, राजस्थान सम्पर्क नंबर 181 पर एवं बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी उपखण्ड मजिस्टेऊ्द तथा तहसीलदार को भी शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष के प्रभारी मांगीलाल आर्य, सहायक लेखाधिकारी, महिला व बाल विकास विभाग मोबाईल नम्बर 9414413473 रहेंगे। उन्होंने बताया कि बाल विवाह के संबंधित सूचना देने वालों की पहचान गुप्त रखी जाएगी एवं 18 वर्ष से कम उम्र की लड़की व 21 वर्ष से कम उम्र के लड़के का विवाह अपराध की श्रेणी में आता है। ऐसे विवाह में शामिल होने वाले परिवारजनों, घराती-बराती, पंडित, मौलवी, टैंट वाले, मैरिज होम वाले, बैंड बाजे वाले, वीडियोग्राफर, हलवाई-कैटरिंग, कार्ड छापने वाले प्रिंटिंग प्रेस वाले आदि को 2 वर्ष तक के कठोर कारावास और एक लाख रुपये तक जुर्माने का प्रावधान है। राजस्थान पंचायतीराज अधिनियम के तहत सरपंच और वार्ड पंच भी इसके लिए खुद उत्तरदाई रहेगें।

## मण्डावा में श्रीमद् भागवत कथा 23 से

**जयपुर टाइम्स/मण्डावा(निस)।** नगर पालिका के निकट श्री महाजन पंचायत - भवन, मण्डावा में सात दिवसीय श्रीमद भागवत महापुराण साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ का आयोजन आगामी 23 अप्रेल से 30 अप्रेल तक किया जाएगा तथा कथा का समय दोपहर एक से शाम पांच बजे तक का होगा। इसके साथ ही 7 दिवसीय रूद्राभिषेक नर्मदे शिवलिंग सुबह सात से 11 बजे तक किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक राजकुमार सिंघानिया ने बताया कि भागवत आचार्या श्री धाम वृंदावन रजनीश्वरी मिश्रा की ओर से कथा का वाचन किया जाएगा। 23 अप्रेल को माता माई के मन्दिर से कथा स्थल तक कलश यात्रा निकाली जाएगी

राजस्थान सरकार
**कार्यालय जिला कलक्टर एवं अध्यक्ष जिला ईमित्र समिति, चूरू**
क्रमांकः-F3 (3) DoIT&C /Store / DEGS/2024/153 दिनांकः- 15/04/2026

**निविदा सूचना 01/2026-27**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा जिला कार्यालय सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, चूरू एवं ब्लॉक कार्यालयों सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, चूरू के Video Conference Room लिए Invertor with Battery क्रय एवं Installation हेतु निविदाये आमंत्रित की जाती है । निविदा संबंधी विस्तृत जानकारी लोक उपापन पोर्टल https//sppp.rajasthan.gov.in/ पर NIB Code ITC2627A0004 Bid Title / (UBN) ITC 2627 GSOB 00004 एवं कार्यालय नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है।

अनुमानित लागत 2.43 लाख रूपये ।
नोटः- निविदा में RTPP Act 2012 & Rules 2013 के नियम लागु होगे ।

सचिव, जिला ईमित्र समिति चूरू एवं
सिस्टम एनालिस्ट (संयुक्त निदेशक),
जिला कार्यालय सू0 प्रौ0 और संचार विभाग, चूरू
DIPR/C/7045/2026

राजरथान सरकार
**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता एवं पदेन परियोजना प्रबंधक वाटरशेड सेल कम डाटा सेन्टर, चूरू**
(जिला परिषद परिसर, चूरू- 331001)
E-mail- sewdsc.churu@rajasthan.gov.in, Phone: 01562-254494
क्रमांक : एफ1()/31.31/डब्ल्यूसीडीसी / लेखा / 2026-27/60-64 दिनांक :13/4/26

**ई-निविदा सूचना संख्या - 02 / 2026-27**

राजस्थान राज्यपाल महोदय की ओर से प्रधानमंत्री कृषि सिचांई योजना 2.0 के तहत स्वीकृत परियोजना क्षेत्र में करवाये जाने वाले विभिन्न कार्य हेतु जिला चूरू में स्वीकृत कार्यों हेतु राजस्थान 'लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 के अनुसरण में राज्य सरकार के सार्वजनिक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, जन स्वा. एवं अभि. विभाग, सिचिंत क्षेत्र विकास एवं केन्द्रीय सरकार के अभियांत्रिकी विभाग में पंजिकृत सक्षम श्रेणी के संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के विभिन्न सक्षम श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया द्वारा दिनांक 24.04.2026 को सांय 05.00 बजे तक ऑन लाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। कार्य का विस्तृत विवरण http//sppp.rajasthan.gov.in, http// eproc.rajasthan.gov.in वेबसाईट पर देखा जा सकता है ।
NIB CODE- WSC2627A0071
UBN NO :-
WSC2627GSOB00102
WSC2627GSOB00103
WSC2627GSOB00104
WSC2627GSOB00105
WSC2627GSOB00106

(रमेश कुमार मीणा)
अधीक्षण अभियन्ता एवं परियोजना प्रबंधक
वाटरशेड सेल कम डाटा सेन्टर, चूरू
DIPR/C/7030/2026

**कार्यालयः- सदस्य सचिव, राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी, राजकीय डी.बी. सम्बद्ध चिकित्सालय वर्ग, चूरू**
Email- msdbhchuru@gmail.com Phone: -01562-250333
क्रमांकः- लेखा/निविदा/2026/171 दिनांकः- 16,4,26

**-: निविदा आमंत्रण सूचना :-**

इस चिकित्सालय को निम्न विवरणानुसार से सामग्री क्रय / वार्षिक दर संविदा / अनुबन्ध किये जाने हेतु इच्छुक निविदादाताओं यथा - विर्निमाताओं/ अधिकृत फर्मों/ डीलरों / बोनाफाइड डीलर्स आदि से दरें आमंत्रित की जाती है। बोली संबंधी विस्तृत विवरण एवं शर्ते वैवसाईट sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

| क्र.सं. | निविदा सामग्री का विवरण | अनुमानित राशि | प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | UBN No. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ऑन-लाईन यूपीएस एवं प्रिंटर क्रय हेतु | 8.10 लाख | 28.4.2026 | MHS2627GSRC00237 |

सदस्य सचिव (RMRS)
राजकीय डी. बी. सम्बद्ध चिकित्सालय वर्ग, चूरू
DIPR/C/7029/2026

**कार्यालय ग्राम पंचायत साडंवा**
**पंचायत समिति बीदासर (चूरू)**

क्रमांकः ग्रापं साडंवा / 2026-27/07-11 दिनांकः 19.04.2026

**निविदा सूचना संख्या 01/2026-27**

इस कार्यालय के निम्नानुसार कार्य को सम्पादित करने हेतु पहली वर्षाकाल समाप्ति पश्चात एकवर्ष की डिफेक्टिव लाईब्लिटिज के साथ उपयुक्त श्रेणी के राजस्थान / केन्द्र सरकार में पंजीकृत संवेदको से ई-टेण्डर प्रक्रिया के द्वारा ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उक्त निविदा SPPPPortal पर Upload कर दी गयी हैं।

| क्र.सं. | कार्य का नाम व विवरण | अनुमानित राशि (रूपये) | धरोहर राशि (रूपये) |
|---|---|---|---|
| 1 | चार दिवारी निर्माण कार्य खेल मैदान रा.उ.मा.वि. साण्डवा | 1000000 | 20000 |
| 2 | ऑनलाइन फार्म डाउनलोड व जमा/अपलोड करने की तारीख | 20.04.2026 प्रात 10.00 बजे से 27.04.2026दोपहर 1 बजे तक | |
| 3 | धरोहर राशि, निविदा शुल्क एवं प्रोसेसिंग फीस डी. डी. / बैकर्स चैक एवं अन्य मूल कागजात कार्यालय में जमा कराने की तारीख | 27.04.2026दोपहर 2 बजे तक | |
| 4 | ऑनलाईन निविदा खोलने की तारीख | 27.04.2026 दोपहर 3 बजे से | |

उक्त से संबधित अन्य विस्तृत विवरण http//eproc.rajasthan.gov.in एवं http//sppp.rajasthan.gov.in पर से NIB NO ZCR2627A0106 UBN No. ZCR2627WSOB00205 के द्वारा Download कर देखा जा सकता है।

प्रशासक
ग्राम पंचायत साडंवा

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम विकास अधिकारी